


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





10 मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने...

अजय देवगन के साथ 'रूद्र-द ऐज ऑफ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 290 | नई दिल्ली, रविवार, 27 फरवरी, 2022 | फाल्गुन कृष्ण, एकादशी, विक्रम संवत 2078 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 25.0°C
न्यूनतम तापमान 12.0°C

मौसम विभाग के अनुसार बादल छाए रहेंगे कुछ इलाकों में बूंदाबांदी के भी आसार हैं।

**पोल**

दिल्ली में हटाए गए कोरोना से जुड़े सभी प्रतिबंध क्या यह फैसला सही है?

| | |
|---|---|
| हां | 40% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 20% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 51,695 |
| चांदी | 64,000 |
| सेंसेक्स | 55,858 |
| निफ्टी | 16,658 |

### यूक्रेन के राष्ट्रपति का नया वीडियो संदेश, देश छोड़कर भागने से किया इंकार, अमेरिका के ऑफर को भी ठुकराया

# जेलेंस्की ने किया मरते दम तक लड़ने का ऐलान

**महायुद्ध**

- यूक्रेन में जंग के चलते लोग बदहवास हैं और सुरक्षित ठिकाने ढूंढ रहे हैं
- जेलेंस्की ने एक सेल्फी वीडियो द्वारा कहा कि यूक्रेनियन लड़ते रहो

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

अपने वीडियो संदेश में जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन की आजादी के लिए अंत तक लड़ेंगे। हम सब यहां अपनी आजादी, अपने देश की रक्षा कर रहे हैं और इसी तरह करते रहेंगे। जेलेंस्की ने इस वीडियो से पहले भी एक वीडियो जारी किया था। एक जमाने में सोवियत संघ का हिस्सा रहे यूक्रेन और रूस आज एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए हैं। यूक्रेन में जंग के चलते लोग बदहवास हैं और खुद को बचाने के लिए सुरक्षित ठिकाने ढूंढ रहे हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की अपने मुल्क से साथ डटे हुए हैं। अमेरिका तक के ऑफर को ठुकरा दिया है। उन्होंने राजधानी कीव में एक सेल्फी वीडियो द्वारा कहा कि यूक्रेनियन लड़ते रहो।

अपने वीडियो संदेश में जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन की आजादी के लिए अंत तक लड़ेंगे। हम सब यहां अपनी आजादी, अपने देश की रक्षा कर रहे हैं और इसी तरह करते रहेंगे। जेलेंस्की ने इस वीडियो से पहले भी एक वीडियो जारी किया था। इस वीडियो में उन्होंने कहा था वो रूसी सैनिकों की हिट लिस्ट में हैं और टारगेट नंबर वन हैं।

अमेरिका ने रूसी हमले के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को देश से निकालने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन जेलेंस्की ने इसके लिए मना कर दिया था। इधर, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख जोसेफ असचबैकर ने पुष्टि की है कि रूस के साथ व्यापार 'जारी' है, जबकि कीव में स्थिति की निगरानी की जा रही है।






## यूक्रेन सांसद ने उठाई बंदूक

### बोलीं- रूस के खिलाफ जंग को तैयार

रूस और यूक्रेन के बीच जंग का आज तीसरा दिन है। एक तरफ रूसी सैनिक धीरे-धीरे आगे बढ़कर यूक्रेन की धरती को नेस्तनाबूत कर कब्जा कर रहे हैं तो दूसरी ओर यूक्रेन घुटने टेकने को तैयार नहीं है। यूक्रेन का कहना है कि वह आखिरी दम तक लड़ता रहेगा। इस बीच यूक्रेन की सांसद किरा रुडिक ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा कि यूक्रेन का हर पुरुष और महिला रूसी दमनकारियों के आगे हथियार उठाने के लिए तैयार है। उनकी तस्वीर अब दुनियाभर में वायरल हो रही है। रूस और यूक्रेन के बीच जंग



ने अब निर्णायक मोड़ ले लिया है। एक तरफ रूसी सैनिक धीरे-धीरे राजधानी कीव में आगे बढ़ रहे हैं तो दूसरी ओर यूक्रेन की सरकार सरेंडर करने को तैयार नहीं दिख रही है। खबर है कि अमेरिका और पश्चिमी देश सीधे तौर पर लड़ाई में नहीं उतरे लेकिन यूक्रेन को हथियार देकर मदद कर रहे हैं। इस बीच यूक्रेन के युवा रूसी सैनिकों के खिलाफ लड़ाई में आगे आए हैं।

## यूक्रेन को अमेरिका ने दी बड़ी सहायता



रूस द्वारा जारी हमलों के बीच अमेरिका ने यूक्रेन को बड़ी सहायता प्रदान किए जाने की घोषणा की है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि रूस के अनुचित युद्ध से खुद को बचाने में मदद करने के लिए अमेरिकी रक्षा विभाग यूक्रेन को तत्काल सैन्य सहायता में अतिरिक्त 350 मिलियन डालर प्रदान करेगा।

## यूएनएससी में भारत के रुख की सराहना

शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा संघ (यूएनएससी) में हुई वोटिंग को लेकर रूस ने भारत की स्वतंत्र और संतुलित स्थिति पर जमकर सराहना की है। भारत के रूसी दूतावास ने कहा कि विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की भावना में रूस भारत के साथ घनिष्ठ संवाद बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## यूक्रेन के नागरिकों पर किए जा रहे हैं हमले

रूस के यूक्रेन पर जारी हमले के बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कीव की एक तस्वीर साझा की है। तस्वीर से रूस द्वारा नागरिकों के ऊपर किए जा रहे हमले के साफ सबूत दिख रहे हैं। तस्वीर में एक बहुमंजिला इमारत पर किए गए राकेट हमले को दिखाया गया है। मंत्री ने इसके जरिए दुनिया से रूस को अलग-थलग करने की अपील की है।

## रूस ने अमेरिकी यात्रा पर लगाया प्रतिबंध

यूक्रेन में रूस द्वारा किए गए सैन्य कार्रवाई को लेकर नाराज अमेरिका ने पहले आर्थिक प्रतिबंध लगाए। साथ ही वहां के एलिट वर्ग के लोगों पर रोक लगा दिया था और अब राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और विदेश मंत्री लावरोव पर अमेरिका ने यात्रा प्रतिबंध का एलान किया है।

## राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की का बड़ा बयान



रूस से जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम कीव और शहर के हर जरूरी कोने को कंट्रोल कर रहे हैं। जो हमारे साथ आना चाहते हैं और मदद करना चाहते हैं कर सकते हैं, हम आपको हथियार देंगे। हमें इस जंग को खत्म करना होगा। हम शांति में जी सकते हैं।

## यूक्रेनी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से फिर मांगी मदद

### कहा- हम पर एक लाख सैनिकों ने किया हमला



नई दिल्ली। रूसी सैनिक यूक्रेन की धरती पर तबाही मचाते हुए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि यूक्रेनी सेना उन्हें किसी भी तरह रोकने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच, एक बार फिर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की और अपने देश पर रूस के आक्रमण की जानकारी दी। जेलेंस्की ने अपने ताजा ट्वीट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। हमले को नाकाम करने के उपाय की जानकारी दी। हमारी सरजमीं पर 1,00,000 से अधिक हमलावर घुस आये हैं। वह घात लगाकर इमारतों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में राजनीतिक समर्थन देने का आग्रह किया। कहा- आइए हमले को मिलकर रोकें। वहीं, प्रधानमंत्री ने जारी संघर्ष के कारण जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने हिंसा की तत्काल समाप्ति और बातचीत के लिए अपने आह्वान को दोहराया और शांति प्रयासों में किसी भी तरह से योगदान करने की भारत ने इच्छा व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने यूक्रेन में मौजूद छात्रों सहित भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत की गहरी चिंता से भी अवगत कराया। उन्होंने भारतीय नागरिकों को तेजी से और सुरक्षित रूप से निकालने के लिए यूक्रेनी अधिकारियों द्वारा सुविधा की मांग की। मालूम हो कि यूक्रेन संकट पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस की निंदा वाले प्रस्ताव पर मतदान नहीं किया था।

## फ्रांस ने रूसी जहाज को किया जब्त

- रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच फ्रांस ने मास्को का एक जहाज जब्त कर लिया है। फ्रांस के एक सरकारी अधिकारी ने समाचार एजेंसी रायटर को बताया कि फ्रांसीसी समुद्री पुलिस ने शनिवार को एक जहाज को जब्त कर लिया है। इसके बारे में अधिकारियों को संदेह है कि वह यूक्रेन में युद्ध को लेकर यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों से लक्षित एक रूसी कंपनी का है। इसको लेकर फ्रांस में रूसी दूतावास ने अपने मालवाहक जहाज की जब्ती पर फ्रांसीसी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है।

## संक्षिप्त खबर

### देश में कोरोना के 11 हजार से अधिक नये मामले

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी के 11,499 नये मामले सामने आये हैं और इसी के साथ कुल मामलों की संख्या 4,29,05,844 हो गई है वहीं सक्रिय मामले 12,354 कम होकर 1,21,881 रह गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 24 घंटों में 23,598 मरीजों ने कोरोना को मात दी है, जिन्हें शामिल करते हुये अब तक स्वस्थ हो चुके मरीजों की संख्या 4,22,70,482 हो गयी है। इस दौरान 255 लोगों ने कोरोना के कारण अपनी जान गंवाई जिसके बाद देश में कुल कोरोना मृतकों की संख्या 5,13,481 हो गई।

### पिता ने पढ़ाई के लिए डांटा, बेटे ने फावड़े से कर डाली हत्या

जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर से रिश्तों के कत्ल का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां पर एक कलयुगी बेटे ने पिता की हत्या कर दी। यह वारदात जबलपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है, जहां पर आरोपी ने फावड़े से हमला कर पिता अशोक की हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के निकट भारी मात्रा में हेरोइन बरामद : अधिकारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शनिवार को भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी पुलिस और सेना के संयुक्त दल ने बालाकोट सेक्टर के एक सीमावर्ती गांव से की है। उन्होंने कहा कि हेरोइन एक दर्जन से अधिक पॉलीथिन के पैकेट में भरी हुई पाई गई। उन्होंने बताया कि हालांकि, इस संबंध में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है और आगे के विवरण की प्रतीक्षा है।

### ओडिशा के दो बार मुख्यमंत्री रहे हेमानंद बिस्वाल का निधन

भुवनेश्वर। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हेमानंद बिस्वाल का शुक्रवार को इलाज के दौरान राजधानी भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया, वह 83 वर्ष के थे। हेमानंद बिस्वाल काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की है। बता दें कि, कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे हेमानंद बिस्वाल ने दो बार ओडिशा के मुख्यमंत्री का पदभार संभाला। वह दिसंबर 1989 से मार्च 1990 तक और दिसंबर 1999 से मार्च 2000 तक मुख्यमंत्री रहे थे।

## मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को दी मंजूरी

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी। इस मिशन के लिये पांच वर्षों के लिये 1,600 करोड़ रुपए का वित्तीय प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान के अनुसार, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से प्रौद्योगिकी के उपयोग के जरिये गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक समान एवं सुगम पहुंच को सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। इसमें कहा गया है कि इसके तहत देश के लोग अपनी आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता संख्या सृजित कर सकेंगे जिससे डिजिटल स्वास्थ्य रिकार्ड को जोड़ा जा सकेगा।



- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से प्रौद्योगिकी के उपयोग के जरिये गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक समान एवं सुगम पहुंच को सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की पायलट परियोजना छह केंद्र शासित राज्यों लद्दाख, चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली, दमन दीव, पुदुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में पूरा किया गया था।

## मुझे भी लग रहा था कि कहीं सरकार गिर न जाए : नीतीश

बेगूसराय। समाज सुधार अभियान के तहत शनिवार को बेगूसराय पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्ण शराबबंदी को लेकर फिर अपना संकल्प दोहराया। आइटीआइ मैदान में आयोजित जनसभा में उन्होंने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू रहेगी और इसके लिए निरंतर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने भी शराबबंदी लागू की थी, दो साल में उनकी सरकार गिर गई। मुझे भी लग रहा था, कहीं फिर ऐसा न हो, लेकिन पहले ही सोच लिया था कि अच्छे तरीके से शराबबंदी लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली शराब से काफी लोगों की मौत होने लगी तो लोग बोले कि शराबबंदी फेल हो गई। मैंने कहा, दारू पिया, इसलिए मरा। उन्होंने कहा कि सूबे में समाज सुधार के साथ विकास का भी कार्य हो रहा है। चाहे वह सड़क या पुल-पुलिया, स्कूल या अस्पताल का निर्माण हो। हर क्षेत्र में कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में न्याय के साथ विकास हो रहा है।

## दिल्ली में हटाए गए कोरोना से जुड़े सभी प्रतिबंध, लाखों यात्रियों को मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली की लाइफ-लाइन बनी दिल्ली मेट्रो के लाखों यात्रियों को सोमवार से बड़ी राहत मिलने वाली है। अब दिल्ली में यात्रा करने वाले लाखों मेट्रो यात्रियों का सफर आरामदायक होने वाला है। कारण है उन्हें अपनी यात्रा में लगने वाला समय जो पहले के मुकाबले कम लगने वाला है। इसके पीछे की वजह है। मेट्रो में सरकार की ओर से दी जाने वाली रियायत। अब उन्हें मेट्रो में खड़े होकर सफर करने की इजाजत दी गई है। इससे पहले सिर्फ उन्हें हर सीट पर यात्रा करने की इजाजत थी, मगर खड़े होकर यात्रा करने की परमिशन नहीं थी। हर वक्त डर रहता था कि कहीं फाइन ना हो जाए। मेट्रो में मास्क सही तरीके से नहीं लगाने पर तुरंत फाइन करने के लिए टीम आ जाती है।

वहीं दिल्ली सरकार ने कहा कि कार में यात्रा करते समय मास्क पहनना अनिवार्य नहीं है। अब तक सिर्फ सिंगल ड्राइवरों को गाड़ी चलाते समय मास्क पहनने की छूट थी, लेकिन अब निजी कार में यात्रा करने वाले सभी लोगों को छूट दी गई है। इससे व्यापारियों को भी राहत मिली है।



### बस व मेट्रो में खड़े होने की मिली अनुमति

बस स्टैंड और मेट्रो स्टेशन के बाहर लोग घंटों तक खड़े रहते थे। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। डीडीएमए के फैसले बाद इस पाबंदी को भी हटा दिया गया है। इससे लोगों में खुशी है। लोगों का कहना है कि इस फैसले के आने के बाद लोगों को राहत मिलेगी। लोगों का कहना है कि सारी चीजें खोल दी गई थी, जिससे भीड़ बढ़ गई थी, लेकिन बस में सीट के अनुसार ही लोग सफर कर सकते थे। जिससे एक जगह से दूसरी जगह जाने में लंबा इंतजार करना पड़ता था।

## खड़े ट्रक से टकराई कार, पांच की मौत



बांदा। यूपी के बांदा जिले में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक में तेज रफ्तार कार पीछे से टकरा गई। हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों की उम्र लगभग 28 से 32 वर्ष बताई जा रही है। कार सवार बरात लेकर जालौन जिले के उरई जा रहे थे। हादसे के बाद बरात रास्ते से ही वापस लौट आई। मृतकों में मुशर्रफ (24), शमसुल (24), गुफरान (28), टिल्लू (30), रिंकू (30) शामिल हैं। सभी चित्रकूट जिले के कर्वी के रहने वाले थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

**राजनीति** | यूपी के सियासी समर में आधे से ज्यादा लड़ाई पूरी हो चुकी, पांचवें चरण का मतदान आज

## श्रीराम जन्मभूमि और कर्मभूमि में होगी वोटिंग

अयोध्या, एजेंसी

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के चौथे चरण में आज प्रदेश के 9 जिलों की 59 विधानसभा सीटों पर मतदान हो रहा है। 59 सीटों से कुल 624 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। वहीं, पांचवें चरण में आज 11 जिलों की 60 सीटों पर वोट डाले जएंगे। इस चरण में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या से लेकर उनकी कर्मभूमि चित्रकूट और प्रयागराज में भी मतदान होगा। बीजेपी ने 2017 में पांचवें चरण की 60 सीटों में 50 सीटें अकेले दम पर जीतीं थीं। अब अपना ही प्रदर्शन दोहराना बीजेपी के लिए चुनौती है।

यूपी के सियासी समर में आधे से ज्यादा लड़ाई पूरी हो चुकी है। 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 सीटों में से 52 सीटों पर जीत हासिल की थी, जिसमें 2 सीटें अपना दल (एस) की शामिल हैं जबकि समाजवादी पार्टी को 5, कांग्रेस को 1 और 2 निर्दलीय उम्मीदवार जीत दर्ज कर सके थे।



### अयोध्या के पांचों सीटों पर जीती थी भाजपा

पांचवें चरण में खास बात यह है कि श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या से लेकर उनकी कर्मभूमि चित्रकूट और प्रयागराज में भी मतदान होगा। बीजेपी के लिए अच्छी बात है कि 2017 में उसने अयोध्या की सभी पांचों सीटों पर कमल खिलाया था। भगवान राम ने वनवास के करीब 11 साल चित्रकूट में बिताए थे। यहां 2017 में बीजेपी ने 2 सीटों पर कब्जा किया था।

**इन जिलों में डाले जाएंगे वोट**

- पांचवें चरण में आज श्रावस्ती, बहराइच, बाराबंकी, गोंडा, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, कौशांबी, चित्रकूट, प्रयागराज जिलें में वोटिंग होगी

**संगमनगरी में भगवा परचम लहराया था**

वहीं, प्रयागराज जिले की 12 विधानसभा सीटों में से 9 सीटों पर भगवा परचम लहराया था। जबकि प्रयागराज में समाजवादी पार्टी को एक और बीएसपी को 2 सीटें मिलीं थीं. उधर, अरसे तक कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी की 4 विधानसभा सीटों में भी 2017 में 3 पर बीजेपी का करिश्मा दिखा था।

## अफगानिस्तान को भारत ने गेहूं की पहली खेप पहुंचाई

जलालाबाद। खाद्यान्न संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान को भारत सरकार ने मानवीयता के आधार पर गेहूं की पहली खेप पहुंचाई है। समाचार एजेंसी एएनआइ की रिपोर्ट के मुताबिक 2500 मीट्रिक टन गेहूं की खेप का पहला काफिला शनिवार को सुबह जलालाबाद पहुंचा। गेहूं की यह पहली खेप पाकिस्तान से होते हुए अफगानिस्तान पहुंची है। बुधवार को आईसीपी अटारी से 50 ट्रक पाकिस्तान से होते हुए अफगानिस्तान के लिए रवाना किए गए थे। भारत के विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने इन्हें हरी झंडी दिखाई थी। इस मौके पर अफगानिस्तान के राजदूत फरीद मामुन्दजई भी मौजूद थे। अन्न के संकट से जूझ रहे अफगानिस्तान को भारत मानवीयता के आधार पर 50 हजार मीट्रिक टन गेहूं भेज रहा है। पहली खेप जो पाकिस्तान से होते हुए अफगानिस्तान पहुंची है। विदेश सचिव श्रृंगला ने कहा था कि पहली खेप में 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं भेजा गया है।

## देश की निचली अदालतों में बुनियादी ढांचे की कमी पर जताया अफसोस

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता

देश के प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण ने बुधवार को निचली अदालतों में बुनियादी ढांचे की कमी पर अफसोस जताया और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार को पत्र लिखकर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। प्रधान न्यायाधीश रमण, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ हैदराबाद में एक पशु चिकित्सक के सामूहिक बलात्कार और हत्या के मामले में चार आरोपियों के मुठभेड़ में मारे जाने की जांच के अनुरोध वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने वकील एम एल शर्मा की इस दलील पर ध्यान दिया कि उत्तर प्रदेश के एक जिले की सिविल कोर्ट का भवन नहीं है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, एक नहीं, कई जिले ऐसे हैं जहां अदालत की इमारतें नहीं हैं। उन्होंने शर्मा से एक जनहित याचिका दायर करने को कहा। पीठ ने कहा, कई जिले



हैं। क्या करें। हमने केंद्र से पूछा है। मैंने एक पत्र लिखा और अपनी पीड़ा व्यक्त की। यहां तक कि रिपोर्ट भी सौंपी। आप एक याचिका दायर कर सकते हैं। कई जनहित याचिकाएं दायर करने के लिए अक्सर आलोचना झेलने वाले शर्मा ने कहा कि वह इस मुद्दे पर एक याचिका दायर करेंगे। प्रधान न्यायाधीश देश की निचली अदालतों में खराब बुनियादी ढांचे पर चिंता व्यक्त करते रहे हैं और इस मुद्दे को हल करने के लिए उन्होंने राष्ट्रीय न्यायिक अवसंरचना निगम की स्थापना का विचार रखा था।

## संक्षिप्त खबरें

### मंगलौरः युवक ने गंग नहर में लगाई छलांग

मंगलौर ।एक युवक ने गंगनहर में छलांग लगा दी।राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने युवक की गंगनहर में काफी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस गंगनहर में डूबे युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने गंगनहर पुल से गंगनहर में छलांग लगा दी है।युवक को बचाने के लिए कई अन्य लोगों ने भी गंगनहर में छलांग लगाई लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को मौके पर बुलाया।इसके बाद पुलिस व गोताखोरों ने गंगनहर में युवक की घंटों तक तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है।कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी रफत अली ने बताया कि युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटनास्थल के पास भी कुछ नहीं मिला है।युवक की पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया जाएगा।

# पत्रकारों के हितों की रक्षा करेगा पत्रकार संघ

पिरान कलियर, प्रात: किरण संवाददाता




भारतीय पत्रकार संघ कार्यकारिणी हरिद्वार ने शुक्रवार को पिरान कलियर बैठक की! इसमें जिले के सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे! इस मौके पर सैकड़ों पत्रकार उपस्थित हुए! बैठक में कई बातों पर चर्चा की गई जैसे कि पत्रकारों के साथ में दुर्घटना और उनके साथ में बदसलूकी करने को लेकर खास चचाएं हुई! इस दौरान कई प्रस्ताव भी पास हुए जो जल्दी ही मुख्यमंत्री को भेजें जायेंगे और पत्रकारों को जो दिन रात मेहनत करते हैं और सच का आइना दिखाते हैं ऐसे समय में अगर उसके साथ में कोई घटना करती है तो सरकार की ओर से उन पत्रकारों को मुआवजा मिलना चाहिए एवं पत्रकारों के साथ में बदसलूकी और झूठे मुकदमे ना किए जाए इन सभी बातों पर अमल किया गया सभी पत्रकारों की समस्याओं को सुना गया कुछ मामलों का मौके पर ही निपटारा गया और आगे भाईचारे से रहने की हिदायत दी संगठन का कोई भी पत्रकार अगर अपने साथी के साथ में कोई बदसलूकी करेगा उसके खिलाफ भी संगठन की ओर से कार्रवाई की जाएगी!

बैठक में जिलाध्यक्ष दिलशाद अली जिला प्रवक्ता डालचंद जिला उपाध्यक्ष धीर सिंह जिला उपाध्यक्ष नफीस खान एवं हरिद्वार पथरी क्षेत्र के अध्यक्ष नफीस खान हरिद्वार नगर अध्यक्ष एवं धनोरी से महामंत्री रामपाल सैनी एवं पिरान कलियर से नगर अध्यक्ष संदीप कश्यप, महामंत्री आसिफ मलिक एवं नगर मंत्री सलमान कलियर में मौजूद रहे इस मौके पर भगवानपुर टाउन से नगर अध्यक्ष मुरसलीन अली को नियुक्त किया गया है वही कुकू पंडित को महासचिव बनाया गया है सभी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया और फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया तथा रुड़की नगर अध्यक्ष रजनीस सहगल एवं महामंत्री प्रीति एवं लक्सर से नगर अध्यक्ष नाथीराम कश्यप एवं सोनू कुमार लकसर वरिष्ठ उपाध्यक्ष वर्मा महामंत्री मंगलौर आदि काफी संख्या में पत्रकारों ने भाग लिया इस मौके पर संरक्षक आफताब खान ने अपने विचार व्यक्त किए और सभी पत्रकारों को बारीकी से समझाया पत्रकार जगत में कैसे हमें काम करना है कैसे हमें चलना है सभी रास्तों से अवगत कराया इस मौके पर भारतीय पत्रकार संघ के सदस्य फरमान खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने भी अपने विचारों से सभी पत्रकारों को अवगत कराया और मीडिया में किस तरह से में काम करना चाहिए किस तरह हमें चलना चाहिए सभी पर रोशनी डालते हुए बारीकी से समझाया गया! भारतीय पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष दिलशाद अली ने भी सभी भारतीय पत्रकार संघ के साथियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हम अपने साथियों के साथ में दिन-रात खड़े हैं और किसी पर भी कोई परेशानी नहीं आने देंगे और हम कंधे से कंधा मिलाकर आप लोगों के साथ खड़े हैं।

वहीं उन्होंने अपने बयान में कहा अगर किसी पत्रकार के साथ में नाजायज बदसलूकी की जाएगी तो बर्दाश्त नहीं की जाएगी उसका जवाब दिया जाएगा और हम राज्य सरकार से भी मांग करते हैं कि जल्दी ही पत्रकारों के बारे में एक कानून बनाया जाए ताकि पत्रकारों को उनकी आजादी छीनने वाले को पूरा जवाब दिया जा सके और उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

वही अध्यक्ष ने कहा कि आज भारतीय पत्रकार संघ पूरे भारत के अंदर पहले नंबर पर है जो पत्रकारों की समस्याओं को उठाता है और उस मामले को हल करता है उसी को देखते हुए आज उत्तराखंड के अंदर भी भारतीय पत्रकार संघ ताजा नंबर पर काम कर रहा है वह हरिद्वार में यह जान से भारतीय पत्रकार संघ के साथ ही काम कर रहे हैं इस मौके पर अन्य पत्रकारों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए! इस मौके पर जिले भर के पत्रकार मौजूद थे

# पत्रकार उमेश कुमार ने ढंढेरा के तालाबों का निरीक्षण किया, बोले कहां हैं पूर्व विधायक- नेता



लंढौरा, प्रात: किरण संवाददाता

ढंढेरा में सभी तालाबो का निरीक्षण करने पहुचे उमेश कुमार का ग्रामीणों ने जमकर जोरदार स्वागत कर आभार जताया।वरिष्ठ पत्रकार उमेश कुमार ने कहा लंबे समय से ढंढेरा मोहनपुरा मिलाप नगर के ग्रामीण मल मूत्र की गंदगी में अपना जीवन बसर कर रहे थे। स्कूल के बच्चों को भी इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता था।कई बार बच्चे मल मूत्र के पानी मे गिर भी जाते थे।आज सभी तालाब उनके अथक प्रयासों से सुख चुके है। उन्होंने कहा जहा चाह वहां राह की परिभाषा उनके प्रयासों से खानपुर विधानसभा में सिद्ध हो चुकी है।

उन्होंने कहा कुछ प्रत्याशी गांव गांव जाकर उनके बारे में कहते फिर रहे थे कि उमेश कुमार चुनाव के बाद आपके क्षेत्र में दिखाई भी नही देंगे।उन्होंने तंज कसते हुए कहा की आज वो उनसे पूछना चाहते है कि वो कहा है। इस मौके ग्रामीणों ने अपने बीस सालो का दर्द भी बयां किया।और लंबे समय से बनी आ रही समस्या का निजाद मिलने से वरिष्ठ पत्रकार उमेश कुमार का आभार जताया।

# फर्जी वीडियो के लिए कांग्रेस माफी मांगे : भाजपा

देहरादून, एजेंसी



भाजपा ने शनिवार को कांग्रेस से मांग की है कि वह डाक मतपत्र से कथित तौर पर छेड़छाड़ के फर्जी वीडियो को लेकर सार्वजिनक तौर पर माफी मांगे। वीडियो में कथित तौर पर सेना की वर्दी पहना व्यक्ति डाक मतपत्र के साथ छेड़छाड़ करता दिख रहा है। उत्तराखंड भाजपा के मीडिया प्रभारी मानवीर चौहान ने यहां जारी बयान में कहा, कुमाऊं रेजीमेंट के अधिकारी ने निर्वाचन आयोग को भेजे जवाब में कहा है कि वीडियो पिथौरागढ़ में तैनात सेना की किसी टुकड़ी का नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को कुमाऊं रेजीमेंट द्वारा भेजे गए जवाब से स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस वीडियो को सेना की किसी यूनिट का बता सशस्त्र बलों का अपमान कर रही है।

उल्लेखनीय है कि पिथौरागढ़ की डीडीहाट विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आशंका जताई थी कि वीडियो उनके निर्वाचन क्षेत्र में तैनात किसी सेना यूनिट की है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सबसे पहले इस कथित वीडियो को अपने ट्विटर और फेसबुक पेज के जरिये साझा किया था। उत्तराखंड कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष गणेश गोदियाल की अध्यक्षता में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर वीडियो की जांच कराने की मांग की थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस संदर्भ में जिलाधिकारी से रिपोर्ट तलब की थी।

# भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' की संकल्पना में विश्वास करता है : डॉ. राजेश

लक्सर, प्रात: किरण संवाददाता




हर्ष विद्या मंदिर (पीजी) कॉलेज रायसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आत्मनिर्भर युवा भारत कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों को जागरूक किया गया नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर (विवेक त्यागी ,दीपक कुमार, चेतना, पंकज कुमार, विकास कुमार ,आसिफ अली) की ओर से छात्रों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर केपी सिंह एवं सचिव डॉ हर्ष कुमार दौलत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

जिला युवा अधिकारी हिमांशु सिंह द्वारा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आत्मनिर्भर युवा भारत कार्यक्रम की सराहना की। प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल एवं उप प्राचार्य डॉ अजीत राव ने छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया वर्तमान व्यवस्था में छात्रों को एंटरप्रेन्योरशिप स्किल

**सराहना**

- जिला युवा अधिकारी हिमांशु सिंह द्वारा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आत्मनिर्भर युवा भारत कार्यक्रम की सराहना की

की महत्वता को बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपिका भट्ट एवं डॉ अतुल कुमार दुबे ने कहां की छात्र छात्राएं व्यक्तिगत मूल्यांकन और उद्देश्यपरक कार्य करके आत्मनिर्भर बन सकता है।

साथ ही साथ स्किल डेवलपमेंट और कैरियर प्लेसमेंट से जुड़े सभी कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।

नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर्स महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों डॉ विक्रम सिंह डॉ पूनम डॉक्टर मनोज डॉ शिलपी प्रिया डॉ मुरली डॉ प्रमोद डॉक्टर सरला डॉ मीनू डॉ हरीश राम ने सहयोग आत्मनिर्भर युवा भारत कार्यक्रम को सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न किया गया!

# यूक्रेन में उत्तराखंड के 150 से अधिक लोग फंसे

देहरादून, एजेंसी



उत्तराखंड के 150 से अधिक लोग यूक्रेन में फंसे हुए हैं, जिनमें ज्यादातर छात्र हैं। अकेले देहरादून के ही 39 लोग युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे हुए हैं। राज्य के गृह विभाग के अपर सचिव ऋद्धिम अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार शाम तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार हरिद्वार से 26, नैनीताल से 22, ऊधमसिंह नगर से 20, पौड़ी से 13, टिहरी से 10, उत्तरकाशी से सात, रुद्रप्रयाग से पांच, चंपावत से चार, पिथौरागढ़ और चमोली से दो-दो जबकि अल्मोड़ा का एक व्यक्ति यूक्रेन में फंसा हुआ है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में शुक्रवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात की थी। डोभाल ने यूक्रेन में फंसे हुए उत्तराखंड के लोगों को सुरक्षित निकालने का आश्वासन दिया था। धामी ने मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की और उन्हें यूक्रेन में फंसे उत्तराखंड के छात्रों समेत अन्य लोगों के माता-पिता और अभिभावकों के साथ लगातार संपर्क में रहने को कहा। मुख्यमंत्री ने छात्रों के माता-पिता से नहीं घबराने की अपील करते हुए कहा कि सरकार संकटग्रस्त यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए उच्चतम स्तर पर सभी प्रयास कर रही है।

### शमशान घाट समिति ने पूर्व अध्यक्ष पर लगाए आरोप

**रुड़की।** सोलानी नदी शमशान घाट समिति के अध्यक्ष ठाकुर शिवमंगल सिंह ने एएसडीएम विजयनाथ शुक्ला को दिए गए शिकायती पत्र में शमशान घाट समिति के पूर्व अध्यक्ष अमित अग्रवाल पर शमशान घाट के दान की रकम को खुर्द-बुर्द करने का आरोप लगाया है।एएसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में समिति अध्यक्ष ठाकुर शिवमंगल सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि गीतांजलि विहार,गणेशपुर निवासी अमित अग्रवाल वर्ष 2018 से वर्ष 2021 तक शमशान घाट समिति का अध्यक्ष रहा! इस दौरान कुल 9 लाख 93 हजार रुपए की शमशान घाट को आमदनी हुई। इसमें अमित अग्रवाल द्वारा नौ लाख बासठ हजार का खर्चा दर्शाया गया है। शमशान घाट समिति अध्यक्ष शिवमंगल सिंह का कहना है कि अपने कार्यकाल में पूर्व अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने शमशान में कोई कार्य नहीं कराया तथा उससे खर्च किए गए रुपयों का हिसाब मांगा गया तो उसने विधायक प्रतिनिधि का रौब दिखाते हुए हिसाब देने से मना कर दिया! इसकी शिकायत समिति अध्यक्ष ठाकुर मंगल सिंह ने एसडीएम से कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# फागुनी कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को जारी किए निर्देश



देहरादून, एजेंसी

हरिद्वार में फागुनी कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कांवड़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने और शिव भक्तों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखने के निर्देश दिए हैं। आगामी एक मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व है, जिसको लेकर फागुनी कांवड़ की शुरूआत हो चली है। फागुनी कांवड़ में भगवान शिव के भक्त धर्मनगरी हरिद्वार में स्थित हर की पैड़ी पहुंच कर अपनी मनोकामनाओं की सिद्धि के लिए कांवड़ उठा कर अपने अपने शहर की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। हरिद्वार से पैदल यात्रा कर गंगा से जल भरकर अपने शहर अथवा गांव के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करने की परम्परा रही है। इसी धार्मिक परम्परा के निर्वहन के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िये गंगा जल लेने हरिद्वार पहुंच रहे हैं। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिवभक्तों के लिए कांवड़ यात्रा के दौरान संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। इसके साथ ही यात्रा पर आने वाले शिवभक्तों को समुचित जन-सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### कांवड़ यात्रियों के मार्ग से मांस की दुकानें हटाने की मांग

रुड़की में शिवसेना ने पुलिस प्रशासन से कांवड़ यात्रियों के मार्ग से मांस, अंडे की रेहड़ी और दुकानों को हटाने की मांग की है। मार्ग पर इन दुकानों के होने से कांवड़ यात्रियों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। मकतूलपुरी स्थित शिव सेना कार्यालय पर एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिवसेना के प्रदेश सचिव जगमोहन पटवा ने कहा कि कोरोना के कारण पिछले दो वर्ष से कांवड़ यात्रा नहीं हो पाई है। इसके चलते इस बार कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में यात्री आ रहे हैं। यह कांवड़ यात्री हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल ही गंतव्य को जा रहे हैं। एक मार्च को महाशिवरात्रि पर्व तक कांवड़ यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए मार्ग पर पडने वाली मांस, अंडे व शराब की दुकानों को बंद रखा जाए।

# चकराता के लोखंडी क्षेत्र में सातवीं बार बर्फबारी

त्यूणी/चकराता, एजेंसी

दो दिन से रुक-रुक कर हो रही बारिश और बर्फबारी के चलते जौनसार-बावर और पछवादून शीतलहर की चपेट में आ गया है। चकराता के लोखंडी क्षेत्र में मौसम की सातवीं बार बर्फबारी से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दूसरे राज्यों से आए पर्यटक फरवरी के अंतिम सप्ताह में बर्फबारी का नजारा देखने लोखंडी पहुंचे।

पिछले दो दिन से आसमान पर छाए बादल बरसने से चकराता की ऊंची चोटियों में शुमार लोखंडी, कनासर, देववन, खडबां, मुंडाली और कथियान समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में बर्फबारी शुरू हो गई। क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में सीजन इस बर्फबारी से अचानक मौसम काफी ठंडा हो गया। जौनसार की ऊंची चोटियों पर पड़ी बर्फ और निचले इलाकों में हो रही हल्की बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित है। लोखंडी से कोटी-कनासर के बीच बर्फबारी होने से चकराता-त्यूणी राजमार्ग पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए सफर सुहाना हो गया है। पहाड़ की चोटियों पर बर्फबारी का नजारा देखने आए पर्यटकों ने शनिवार की छुट्टी लोखंडी में मनाई। बर्फबारी से क्षेत्र में बढ़ी ठिठुरन के चलते लोग ठंड से बचने को गर्म कपड़े, अंगीठी और अलाव का सहारा ले रहे हैं। लोखंडी क्षेत्र में बर्फबारी के चलते यहां पहले से जमी बर्फ की परत और मोटी हो गई। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो इस बार जनवरी और फरवरी माह में क्षेत्र के ऊंचे इलाकों में रिकार्ड बर्फबारी हुई। पहाड़ के ऊंचे इलाकों में बसे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। क्षेत्र में शीतलहर के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने से लोग ठिठुर रहे हैं।

# प्रधानमंत्री देशवासियों को करें आश्वस्त फंसे लोगों को लाएंगे सुरक्षितः हरीश रावत

देहरादून, एजेंसी

यूक्रेन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में भारत सरकार निश्चित तौर पर बातचीत कर रही होगी, लेकिन प्रधानमंत्री को देशवासियों को आश्वस्त करना चाहिए कि वहां फंसे नागरिकों को निकालने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि यूरोपीय देश की धरती से तीसरे विश्व युद्ध की भूमिका बन रही है। यह अचानक नहीं हुआ है, लंबे समय से ऐसी स्थितियां बन रही थीं। पिछले कुछ हफ्तों से तो स्पष्ट लग रहा था कि युद्ध होगा। ऐसी स्थिति में भारतीय नागरिकों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाना, केंद्र सरकार का पहला दायित्य था। उत्तरखंड के भी तमाम छात्र वहां अध्ययन करने गए हैं, वह भी फंसे हैं। उनके मां-बाप और प्रत्येक देशवासी बहुत चिंतित है। वहां छात्र बहुत दिक्कत में हैं। केंद्र सरकार ही बातचीत कर वहां फंसे छात्रों को निकाल सकती है। कहा कि हमें अपनी अर्थव्यवस्था की भी चिंता करनी चाहिए। यूक्रेन के साथ हमारे आर्थिक स्वार्थ बहुत गहराई से जुड़े हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था पर निश्चित तौर पर इस युद्ध का दुष्प्रभाव पड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री को देश को आश्वस्त करना चाहिए कि किस प्रकार से सरकार इस दुष्प्रभाव को रोकने के लिए कदम उठाने जा रही है।



- भारतीय नागरिकों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले जाना, केंद्र सरकार का पहला दायित्य थाः रावत

### रोडवेज कर्मचारियों ने वेतन भुगतान की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** जनवरी के वेतन भुगतान की मांग के लिए रोडवेज कर्मचारियों ने शुक्रवार को भी एक घंटा कार्यबहिष्कार कर प्रदर्शन किया। रोडवेज कार्यशाला में एकत्रित कर्मचारियों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। कर्मचारियों ने कहा कि वेतन भुगतान की मांग के लिए कर्मचारी पिछले कई दिनों से कार्य बहिष्कार कर रहे हैं लेकिन अब तक उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कोरोनाकाल में भी अपनी जान की परवाह किए बगैर ड्यूटी की। अब सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। पूरे माह काम करने के बावजूद उनके वेतन का भुगतान तक नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों को बीमा की किश्तें, बच्चों की स्कूल और ट्यूशन फीस चुकाने में दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। प्रदर्शन करने वालों में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद टम्टा, शाखा मंत्री राम दत्त पपनै, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश नेगी, गोपाल जोशी, उमाशंकर, धीरज लटवाल, रोहित कुमार, दीपक कुमार आदि थे।

# हिमाचल में बर्फबारी, शिमला में बिछी सफेद चादर, प्रदेश में बढ़ी ठंड



शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग घरों में दुबक गए हैं। शिमला सहित पर्वतीय जिलों में बर्फबारी हो रही है, तो मैदानी भागों में अंधड़ के साथ बारिश का दौर जारी है। इस कारण पूरे प्रदेश को शीतलहर ने जकड़ लिया है। ताजा बर्फबारी से शिमला शहर सफेद चादर से ढक गया है। यहां के ऐतिहासिक रिज मैदान और माल रोड पर सैलानी बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं। पर्यटन स्थलों कुफरी, नारकंडा और डलहौजी में भी बर्फ गिर रही है।

**जानकारी**

- ताजा बर्फबारी से शिमला शहर सफेद चादर से ढक गया है
- पर्यटन स्थलों कुफरी, नारकंडा और डलहौजी में भी बर्फ गिर रही है

शिमला सहित चार जिलों का पारा माइनस में पहुंच गया है। इस सर्दी से अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं, क्योंकि मौसम विभाग ने आगामी दो मार्च तक मौसम के खराब रहने का अनुमान जताया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक कांगड़ा जिला के बड़ा भंगाल में दो फीट, कुल्लू जिला के अटल टनल में दो इंच, जलोड़ी जोत में पांच इंच, मनाली में एक इंच, लाहौल-स्पीति जिला के सिसु, काजा, तिन्दी व उदयपुर में दो इंच, मंडी जिला के पराशर लेक और शिकारी माता में छह-छह इंच, कमरुनाग में तीन इंच, शिमला के चांशल, खड़ापत्थर व खिड़की में तीन-तीन इंच, कुफरी व नारकंडा में दो-दो इंच बर्फबारी दर्ज की गई है। प्राधिकरण की रिपोर्ट में कहा गया है कि बर्फबारी से तीन एनएच और 258 सड़कें बंद हो गई हैं। लाहौल-स्पीति जिला में 143, चम्बा जिला में 64, कुल्लू में 24 और मंडी जिला में 17 सड़कें अवरुद्ध हैं। इसके अलावा 46 बिजली ट्रांसफार्मर और 11 पेयजल स्कीमें भी ठप पड़ गई हैं।

# केंद्र से हरी झंडी मिलने के साढ़े तीन साल में चलेगी राजधानी में मेट्रो नियो

देहरादून, एजेंसी

सब कुछ ठीक रहा तो केंद्र सरकार से हरी झंडी मिलने के साढ़े तीन साल बाद देहरादून में मेट्रो नियो दौड़ने लगेगी। उत्तराखंड मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड ने इसका प्रस्ताव तैयार किया था, जिस पर राज्य सरकार से मुहर लगने के बाद केंद्र को भेज दिया गया है। यह करीब 1600 करोड़ का प्रोजेक्ट है।

उत्तराखंड मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूकेएमआरसी) की ओर से सबसे पहले देहरादून में दो रूटों पर मेट्रो नियो का संचालन किया जाएगा। यूकेएमआरसी ने माना है कि 2026 तक आईएसबीटी से गांधी पार्क के बीच रोजाना 88 हजार 215 लोग सफर करेंगे। 2041 तक इनकी संख्या एक लाख 20 हजार 337 प्रतिदिन और 2051 तक एक लाख 47 हजार 302 प्रतिदिन पहुंच जाएगी। यूकेएमआरसी ने माना है कि 2026 तक एफआरआई से रायपुर के बीच 92 हजार 679, साल 2051 तक एक लाख 48 हजार 190 यात्री रोजाना मेट्रो नियो से सफर करेंगे। दून में वैसे तो भीड़भाड़ में आपका वाहन 40 की स्पीड से आगे नहीं बढ़ पाता लेकिन मेट्रो नियो 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आपको अपने गंतव्य तक पहुंचाएगी। आईएसबीटी से घंटाघर रूट को तैयार करने के लिए यूकेएमआरसी को 1.58 हेक्टेयर सरकारी और 1.18 हेक्टेयर निजी भूमि के अधिग्रहण की जरूरत होगी। जबकि एफआरआई से रायपुर रूट पर यूकेएमआरसी को 5.08 हेक्टेयर सरकारी और 1.38 हेक्टेयर निजी भूमि के अधिग्रहण की जरूरत होगी। जबकि निर्माण कार्य के दौरान करीब आठ हजार स्क्वायर मीटर जगह अस्थायी तौर पर चाहिए होगी। आईएसबीटी से घंटाघर के बीच स्टेशन : आईएसबीटी, सेवला कलां, आईटीआई, लालपुल, चमनपुरी, पथरीबाग, देहरादून रेलवे स्टेशन, देहरादून कचहरी, घंटाघर और गांधी पार्क। एफआरआई से रायपुर के बीच स्टेशन : एफआरआई, बल्लूपुर चौक, आईएमए ब्लड बैंक, दून स्कूल, मल्होत्रा बाजार, घंटाघर, सीसीएमसी, आराघर चौक, नेहरू कालोनी, विधानसभा, अपर बद्रीश कालोनी, अपर नत्थनपुर, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, हाथीखाना चौक और रायपुर। मेट्रो नियो सिस्टम रेल गाइडेड सिस्टम है, जिसमें रबड़ के टायर वाले इलेक्ट्रिक कोच होते हैं। इसके कोच स्टील या एल्युमिनियम के बने होते हैं। इसमें इतना पावर बैकअप होता है कि बिजली जाने पर भी 20 किलोमीटर तक चल सकती है। सामान्य सड़क के किनारों पर फेंसिंग करके या दीवार बनाकर इसका ट्रैक तैयार किया जा सकेगा। इसमें ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम होगा, जिससे स्पीड लिमिट भी नियंत्रण में रहेगी। इसमें टिकट का सिस्टम क्यूआर कोड या सामान्य मोबिलिटी कार्ड से होगा।

### उत्तराखंड बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा कार्यक्रम में किया बदलाव

देहरादून, एजेंसी

उत्तराखंड बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी के मुताबिक नौ अप्रैल 2022 को होने वाली परीक्षा अब 19 अप्रैल को होगीं। शिक्षा निदेशक के मुताबिक उत्तराखंड बोर्ड की ओर से संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है। अब नौ अप्रैल को होने वाली 10वीं संस्कृत एवं 12वीं की अंग्रेजी, कृषि अभियंत्रण चतुर्थ प्रश्न पत्र, कृषि पशुपालन और पशु चिकित्सा विज्ञान विषयों की परीक्षाएं 19 अप्रैल को होगी। प्रथम पाली में परीक्षा सुबह आठ बजे से 11 बजे तक होगी। जबकि दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा होगी। बोर्ड परीक्षाएं 28 मार्च से शुरू होंगी। जो 19 अप्रैल तक चलेंगी। हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा के लिए सुबह 7.30 बजे परीक्षा कक्ष में उपस्थित होना होगा। जबकि इंटर के छात्रों को दोपहर 1.30 बजे उपस्थित होना होगा। जिन्हें प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ईशान तनेजा एमेटी कॉरपोरेट एक्सलेंस अवार्ड से सम्मानित

नई दिल्ली। एमिटी यूनिवर्सिटी में 22वें इंटरनेशनल बिजनेस होरिजन इनबुस इरा वर्ल्ड समिट 2022 का आयोजन किया गया। इस मौके में यूएएस इंटरनेशनल ग्रुप के एमडी ईशान तनेजा को एमेटी कॉरपोरेट एक्सलेंस अवार्ड से नवाजा गया। ईशान तनेजा को यह अवार्ड उनके द्वारा वेल्थ मैनेजमेंट एवं ट्रैवल व टूरिज्म बिजनेस में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया। इस मौके पर एमेटी एजुकेशन ग्रुप के प्रेसिडेंट व चांसलर अतुल चौहान ने कहा कि ईशान तनेजा युवा सीईओ हैं। इन्होंने इतने कम समय में एजुकेशन सहित अन्य सेक्टरों में बेहतरीन कार्य किए हैं। जो एक मिसाल है। इस मौके पर एमेटी यूनिवर्सिटी लंदन के प्रिंसिपल डॉ. लूमी ने ईशान तनेजा को बधाई देते हुए कहा कि इनके जैसे युवा को आज वैश्विक स्तर पर जरूरत है। खासकर एजुकेशन स्टेक होल्डर की भूमिका नई एजुकेशन पॉलिसी भारत में लाई गई है, जहां इनके कार्य को विस्तार मिलेगा। एमेटी यूनिवर्सिटी के ग्रुप वाइस चांसलर डॉ गुरिंदर सिंह ने ईशान तनेजा को बधाई देते हुए कहा कि आज व्यावसायिक कुशलता की आवश्यकता है जो सारे गुण इनमें हैं। खासकर इनकी कंपनी यूएएस इंटरनेशनल छात्रों में व्यावसायिक कुशलता के साथ साथ उनकी व्यवसायिक क्षमता की भी उन्नति करता है। इसके लिए कई तरह की बाउंडिंग भी करता है। अवार्ड मिलने पर ईशान तनेजा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमने अपने कार्य में निरंतरता बनाए रखा है। कोशिश है कि आज के कठिन दौर में इसे कैसे रेलवेन्ट बनाए जाए इसपर हमने रिसर्च किया। जिसे लोगों ने इसे मजबूती के साथ सराहा।

### डीडीएमए ने पाबंदियां हटाई, व्यापारियों को घाटे की भरपाई होने की उम्मीद बंधी

नई दिल्ली। कोविड-19 के कारण लगाई गई पाबंदियां हटाने के दिल्ली सरकार के फैसले के बाद राष्ट्रीय राजधानी के कई बाजार संघों को उम्मीद बंधी है कि उनका व्यापार फिर पटरी पर आ जाएगा। उप राज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता वाले दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में रात्रिकालीन कर्फ्यू सहित कोविड-19 संबंधी सभी पाबंदियां सोमवार से हटाने का फैसला किया था। मास्क नहीं पहनने पर लगने वाला जुमार्ना दो हजार रुपये से घटा कर 500 रुपये कर दिया गया था। इस बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में अब हाइब्रिड माध्यम (ऑनलाइन और ऑफलाइन) से पढ़ाई नहीं होगी और सभी स्कूल एक अप्रैल से पूरी तरह खुलेंगे। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट कारोबारी संघ के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने कहा कि रात्रिकालीन कर्फ्यू हटाया गया जो सबसे बड़ी राहत की बात है। उन्होंने कहा कि रात का कर्फ्यू हटने से हमें व्यवसाय के लिए और समय मिलेगा। साप्ताहिक दिनों में ज्यादातर ग्राहक अपने दफ्तर के बाद खरीदारी करने आते हैं। पाबंदियों के वक्त बाजार रात आठ बजे बंद हो जाते थे और लोग खरीदारी करे बगैर लौट जाते थे। जनपथ बाजार कारोबारी संघ के सचिव टोनी चावला ने कहा कि जनपथ बाजार में पर्यटक आते हैं और अब राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की आवाजाही से हमारे व्यवसाय फिर पटरी पर आ जाएंगे। कमला नगर बाजार कारोबारी संघ के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने भी सरकार के कदम का स्वागत किया।

# दीक्षा समारोह में राजनाथ सिंह बोले डाक्टर होकर भी कोई अफजल गुरु बन सकता है!

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- जो लोग केवल यह कहते हैं कि गरीबी, अशिक्षा, आतंकवाद का कारण है उन्हें यह उदाहरण गलत ठहराते हैं
- भारत को शक्तिमान, धनवान, ज्ञानवान बनाना चाहते है

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 98वें दीक्षा समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छोटे नहीं बड़े मन वाला बनना चाहिए। क्योंकि छोटे मन वाला अमेरिका में 9/11 को टावर गिराता है। बड़े मन वाले हमारे ऋषि मुनि थे। आपको यह ध्यान रखना होगा कि खूब पढ़-लिखकर, अमेरिका में पायलट की ट्रेनिंग करने वाला वर्ल्ड ट्रेड सेंटर गिराने वाला खालिद शेख या मोहम्मद अट्टा बन सकता है। डाक्टर होकर भी कोई अफजल गुरु बन सकता है और चार्टेड अकाउंटेंट होकर भी कोई याकूब मेनन बन सकता है। अरबपति होकर भी ओसामा बिन लादेन हो सकता है। इसलिए संस्कार बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जो लोग केवल यह कहते है कि गरीबी, अशिक्षा, आतंकवाद का कारण है उन्हें यह उदाहरण गलत ठहराते है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारत के ज्ञान, समानता, समरसता का स्मरण करते हुए षड्यंत्र पूर्वक जो बिष दिमाग मे भरा गया है। उसे बाहर निकालने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि सबसे अधिक खतरा प्रोगेसिव लोगों से हैं। जिन्हें मैं सो काल्ड प्रोगेसिव कहता हूं। हमारा सपना है कि भारत फिर से जगतगुरु बने। भारत को शक्तिमान, धनवान, ज्ञानवान बनाना चाहते है। देशवासियों को संस्कारवान बनाना चाहते हैं। हमारी शक्ति दुनिया के किसी देश को डराने के लिए नहीं होगी। भारत ही ऐसा देश है जिसने आजतक किसी अन्य देश पर आक्रमण नहीं किया। किसी अन्य देश की एक इंच तक जमीन नहीं कब्जा की।

**रक्षा मंत्री के संबोधन की प्रमुख बातें**

- **युवा ही देश की ताकत है।**
- **दृढ़ता, धैर्य और आत्मविश्वास जिन्दगी की बड़ी पूंजी होनी चाहिए।**
- **कमजोरियां केवल दिमाग की उपज होती हैं।**
- **स्टार्टअप को प्रमोट किया जा रहा है। 2020 में ही अबतक 10 नए यूनिकॉर्न जुड़े।**
- **दुनिया में आध्यात्मिक ज्ञान केवल भारत के पास। मार्क जुकरबर्ग, स्टीव जॉब्स के नैनिताल-नीम करैली स्थित कैची बाबा मंदिर जाने का प्रसंग सुनाए।**
- **भारत के इतिहास और संस्कृति में बेहतर भविष्य के निर्माण की ताकत है।**

उल्लेखनीय है कि इस बार कोरोना संक्रमण के कारण समारोह का हाईब्रिड आयोजन किया गया। भीड़ न उमड़े, इसके लिए दीक्षा समारोह का आनलाइन प्रसारण भी गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षा समारोह में रिकार्ड शोधार्थियों को पीएचडी की डिग्री दी गई।

## सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये ठगे

नई दिल्ली। बाहरी जिले के मंगोलपुरी इलाके में एक परिवार पर सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठने का आरोप लगा है। पीड़िता का आरोप है कि अब उसको जान से मारने की धमकी,झूठे केस में फंसवाने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर धोखाधड़ी,संगठित योजना बनाकर वारदात करने आदि की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महिला ने जिस परिवार पर आरोप लगाए हैं। उनके बारे में बताया जाता था कि उनके दिल्ली पुलिस आयुक्त,बड़े नेताओं व वीआईपी लोगों से करीबी संबंध है। जानकारी के अनुसार मंगोलपुरी कलां में रहने वाली बबीता ने बताया कि इलाके में आंगनवाड़ी में हेल्पर की नौकरी करती है। उसी के साथ सोनिया उर्फ माया भी नौकरी करती है। जिससे उसकी अच्छी दोस्ती थी। वर्ष 2019 में माया ने उसको बताया था कि उसकी एक जानकार बबीता सेठी के अच्छे संबंध वीआईपी लोगों,जिसमें जज,नेता और दिल्ली पुलिस आयुक्त आदी से हैं। वह वीआईपी कोटे से नौकरी दिलवाती है। माया के जरिये वह बबीता से मिली। जिसने फोन पर कुछ नौकरी दिलवाने के लेटर भी दिखाए।

# घर पर मच्छरों का लार्वा मिलने पर भरना होगा जुर्माना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



गंदगी और बीमारी का चोली-दामन का साथ है और इससे बचने की जरूरत हमेशा होती है। ऐसे में मच्छरजनित बीमारियां लोगों के लिए जानलेवा साबित होते हैं, खासतौर से डेंगू से हर साल बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इस बीच दिल्ली हाई कोर्ट ने मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उपायों के तौर पर कानून में संशोधन कर जुमार्ने की रकम बढ़ाने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने दिल्ली के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से दखल देने के लिए कहा है। मच्छरों के प्रजनन रोकने को लेकर हुई बैठक में उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग के अधिकारी के शामिल नहीं होने पर भी नाराजगी जताई गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि अगर निर्देश पर अमल हुआ तो किसी के घर और आसपास बीमारी फैलाने वाले मच्छरों का लार्वा जाएगा तो भारी-भरकम जुमार्ना भरना पड़ सकता। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस विपिन सांघी और जसमीत सिंह की पीठ ने मुख्य सचिव से इस मामले में दखल देने और कानून में संशोधन करके जुमार्ना रकम बढ़ाने को कहा है। इसके तर्क यह है कि गंदी और लार्वा के चलते मच्छरों के प्रजनन के खिलाफ सख्ती की सके। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली के तीनों नगर निगमों सहित सभी संबंधित विभागों के संबंधित अधिकारियों को दिल्ली में जल व मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण और रोकथाम के लिए उठाए जा रहे कदमों में बारे में अपनी कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। गौरतलब है कि मौजूदा समय में गंदगी फैलाने या मच्छर पनपने के लिए जिम्मेदार लोगों पर 500 रुपये का जुमार्ना वसूलने का प्रविधान है। बता दें कि आम आदमी पार्टी हर साल डेंगू के खिलाफ चलाती है, जिसमें लोगों को घरों में पनप रहे डेंगू के मच्छरों के बारे में बताया जा रहा है। इसके साथ ही इससे निपटने के लिए क्या किया जाएगा?

## भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को दिया झटका, कई नेताओं को ज्वाइन कराई पार्टी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अब यह तय हो चुका है कि दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 अप्रैल महीने में होगा, यह अलग बात है कि चुनाव आयोग ने इसके लिए तारीखों का ऐलान नहीं किया है। वहीं, दिल्ली में निगम चुनाव को देखते हुए दलबदल का दौर जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। इस दौरान दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जनसेवा के कार्यों के कारण अपने क्षेत्र में स्थान बनाने वाले कांग्रेस नेता राजू सचदेवा, उनकी पत्नी ममता सचदेवा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस से आए कार्यकर्ताओं से भाजपा संगठन को मजबूती मिलेगी। साथ ही आगामी निगम चुनाव में भाजपा चौथी बार प्रचंड बहुमत से जीतने वाली है। वहीं, दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला करते हुए आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने निगमों का बजट कम कर दिया। इसके बावजूद निगमों के माध्यम से भाजपा जनसेवा में लगी हुई है। भाजपा में शामिल होने वालों में आशा कश्यप, रचना चोपड़ा, परमिंदर सिंह, सुमित चोपड़ा, मंजू दत्ता, रंजीत, दीपक भल्ला, अमरदीप, रमेश गर्ग सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, सांसद गौतम गंभीर, प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा की पूर्व राष्ट्रीय सचिव आरती मेहरा, प्रदेश मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल, शाहदरा जिला अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, भाजपा नेता डा. अनिल गोयल एवं दीपक मल्होत्रा भी उपस्थित थे।

# सरकार के बजट में दिखेगी 5000 से अधिक लोगों के सुझावों की झलक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- अब अगले साल यानी 2022-23 के बजट के लिए सरकार ने इस बार भी नया प्रयोग लागू किया है
- दिल्ली का बजट कैसा हो और उसमें आमजन से जुड़े किन-किन मुद्दों को शामिल किया जाए

दिल्ली का बजट सत्र आगमी 23 से 29 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने बजट सत्र को लेकर आधिकारिक घोषणा कर दी है। सरकार ने बजट सत्र को लेकर इस बार एक नई पहल की है। इसके लिए लोगों से सुझाव मांगे जा रहे हैं कि दिल्ली का बजट कैसा हो और उसमें आमजन से जुड़े किन-किन मुद्दों को शामिल किया जाए। दिल्ली का बजट कैसा हो, इस मुद्दे पर अपनी राय देने के लिए सरकार को कुल 5500 सुझाव प्राप्त हुए हैं। वर्तमान बजट के लिए पिछले साल देशभक्ति बजट बनाने के बाद अब अगले साल यानी 2022-23 के बजट के लिए सरकार ने इस बार भी नया प्रयोग लागू किया है। जिसके तहत इस बार दिल्ली का बजट जनता की राय पर बनेगा। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुझावों का उद्देश्य निवासियों के सामने आने वाली जमीनी समस्याओं को दूर करना है। बता दें कि सरकार को जो सुझाव मिले हैं उनमें दिल्ली में नए स्पेशल इकानोमिक जोन बनाकर इंडस्ट्री व व्यापार को सब्सिडी, रियायती दरों में जगह आदि देने की बात कही गई है। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। इंडस्ट्री के लिए स्किल्ड और टैलेंटेड वर्कफोर्स की कमी न हो, इसके लिए इस स्पेशल इकानमी जोन को विभिन्न प्रोफेशनल सरकारी व निजी विश्वविद्यालय के साथ टाइअप भी किया जाए।बेरोजगारी की एक बड़ी वजह अनस्किल्ड फ्रेशर्स हैं। किसी भी जाब के लिए स्किल्स का होना बेहद जरूरी है। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार को अपने विभिन्न पोर्टल के माध्यम से फ्रेशर्स को अप्रेंटिसशिप दी जानी चाहिए। इससे काम करने के इच्छुक युवाओं को सीखने का मौका देकर उनके कौशल को बढ़ाया जा सकता है। इसी तरह विभिन्न आइटी पार्क स्थापित कर दिल्ली को आइटी हब के रूप में विकसित करना चाहिए। इस तरह के सुझाव सरकार को मिले हैं जिसकी झलक बजट में देखने को मिलेगी।

# दिल्ली में विदाई की ओर बढ़ी ठंड

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से पूरी दुनिया के मौसम चक्र पर असर पड़ रहा है। दिल्ली-एनसीआर में पिछले साल मानसून के सीजन में रिकार्ड तोड़ बारिश हुई तो इस साल जनवरी महीने में पड़ी ठंड ने 122 साल का रिकार्ड तोड़ दिया। इस प्रकार के अप्रत्याशित मौसमी उतार चढ़ाव के पीछे जलवायु परिवर्तन को ही प्रमुख कारण माना जा रहा है। अब गर्मी के सीजन की शुरूआत तकरीबन-तकरीबन हो चुकी है, ऐसे में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने ताजा पूवार्नुमान जताया है कि इस बार ठंड की तरह गर्मी का भी रिकार्ड टूटेगा। इस बीच विदाई की ओर बढ़ती ठंड के बीच दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से शनिवार को बारिश होने के आसार हैं, इसके साथ 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती है। वहीं, अगले सप्ताह से गर्मी में तेजी से इजाफा होगा। पूरे फरवरी महीने तक परेशान करने वाली ठंड के विदा होते ही गर्मी का दौर तेज हो जाएगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, मार्च का प्रथम सप्ताह खत्म होते-होते गर्मी दिल्ली-एनसीआर में अपना असर दिखाना शुरू कर देगी। इसके बाद अप्रैल, मई एवं जून का महीना खासा गर्म हो सकता है। हीट वेव यानी लू वाले दिनों की संख्या में भी वृद्धि संभावित है। अप्रैल के अंत दिल्ली-एनसीआर के लोगों का लू से सामना हो सकता है। स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के असर से पिछले साल बारिश और फिर ठंड पड़ी। ऐसे में मार्च में अच्छी गर्मी पड़ना भी अब तय ही है। इस दौरान तेज धूप और 35-36 से ऊपर तापमान में पसीना निकलना भी स्वाभाविक है। 26 फरवरी को दिल्ली-एनसीआर में बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते शनिवार को बारिश होगी। इसके चलते भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ शनिवार को 20 किलोमीटर प्रतिघंटे से हवाएं भी चल सकती हैं। इस दौरान अधिकतम तापमान 25 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। कुलमिलाकर गर्मी लगातार बढ़ती रहेगी।

# दिल्ली में होली पर खुली रहेंगी शराब की दुकानें

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अगर आप शराब पीने के शौकीन हैं और दिल्ली-एनसीआर में रहते हैं तो यह जरूर जानना चाहेंगे कि क्या हर साल की तरह इस बार भी होली त्योहार पर ठेके बंद रहेंगे? इसका जवाब ना में मिलेगा, क्योंकि देश की राजधानी दिल्ली में इस बार होली पर भी शराब की दुकानें खुली रहेंगी। हालांकि, उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के लिए मतगणना के चलते 9 और 10 मार्च को दिल्ली की सीमा पर शराब की दुकानें बंद रहेंगीं। दरअसल, आम आदमी पार्टी सरकार के ताजा फैसले के मुताबिक, अब दिल्ली में साल भर के दौरान सिर्फ तीन दिन (26 जनवरी, 15 अगस्त और 2 अक्टूबर) को ही ड्राइडे होगा।

अब होली और दीवाली समेत तमाम त्याहोरों और जयंतियों पर शराब की दुकानों खुली रहेंगी। इस लिहाज से हरियाणा और उत्तर प्रदेश में तो शराब की दुकानों तो नहीं खुलेंगीं, लेकिन पीने वाले दिल्ली आकर अपना शौक पूरा सकेंगे। दिल्ली के आबकारी आयुक्त द्वारा जारी एक नोटिस में कहा गया है कि 10 मार्च को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के लिए मतगणना के दिन (मतदान के 48 घंटे से पहले) ड्राइ डे होगा। यह आदेश आबकारी विभाग के उन सभी लाइसेंसधारियों के लिए अनिवार्य होगा जिनके खुदरा विक्रेता या परिसर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में दिल्ली-यूपी सीमा से दिल्ली में 100 मीटर के भीतर स्थित हैं। इससे पहले दिल्ली से सटे पश्चिमी यूपी की 58 सीटों पर मतदान के चलते 9 और 10 फरवरी को दिल्ली-यूपी सीमा से दिल्ली में 100 मीटर के भीतर स्थित शराब की दुकानें बंद थीं। दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी सरकार ने नई आबकारी नीति के तहत मध निषेध दिवस यानी ड्राइडे की संख्या घटाकर केवल तीन दिन कर दी है। इससे पूर्व यह संख्या 21 दिन थी। जिस दिन शराब की बिक्री और शराब के सेवन पर पूरी तरीके से प्रतिबंध होता था, लेकिन अब दिल्ली सरकार ने साल 2022 में ड्राई डे की संख्या को घटाकर तीन दिन कर दिया है।

इसके तहत रिपब्लिक डे 26 जनवरी 2022, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2022, गांधी जयंती 2 अक्टूबर को ही ड्राई डे के रूप में माना जाएगा। इस चुनिंदा तीनों तारीखों शराब की बिक्री और सेवन पर पूरी तरीके से प्रतिबंध रहेगा। आदेश के मुताबिक ड्राई डे के इन 3 दिनों में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध एल-15 लाइसेंस वाले होटलों में लागू नहीं होगा।

# नगर निगम की बैठक में आप और भाजपा पार्षदों के बीच हुई हाथापाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



उत्तरी दिल्ली नगर निगम की बैठक हंगामे के साथ आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा के पार्षदों के बीच हाथापाई तक हो गई। इतना ही नहीं मामला यहां तक पहुंच गया कि आप पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष विकास गोयल ने महापौर के आसन पर लगी पट्टिका तक फाड़ दी। इसके बाद हंगामे के बीच बिना चर्चा के प्रस्तावों को पारित कराया गया। हालांकि महापौर राजा इकबाल सिंह ने हंगामे को लेकर कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं, विपक्ष ने इसे सत्तापक्ष की तानाशाही और नाकामी करार दिया है। दरअसल, सदन की बैठक शुरू हुई तो पूर्व महापौर जय प्रकाश और नेता प्रतिपक्ष विकास गोयल द्वारा सफाई कर्मचारियों के नियमित करने को लेकर अल्पकालिक प्रश्न लगाकर चर्चा की मांग की थे। महापौर राजा इकबाल ने दोनों के अल्पकालिक प्रश्नों को एक साथ जोड़ दिया और चर्चा को शुरू कराया। महापौर ने चर्चा के लिए जय प्रकाश को मौका दिया था। जिस पर जय प्रकाश ने कर्मचारियों को नियमित करने में हो रही देरी और निगम को फंड न देने को लेकर दिल्ली सरकार का घेराव किया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष विकास गोयल ने जब भाजपा के 15 साल के शासन को नाकामी भरा करार दिया तो भाजपा के पार्षदों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। वहीं, पंजाब चुनाव से पूर्व आप पर अलगावादियों के समर्थन लेने पर कुमार विश्वास के बयान को भाजपा पार्षद विनोद ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। जिससे नाराज आप पार्षद अनिल लाकड़ा ने महापौर के आसन के सामने आकर इसका विरोध किया तो आप पार्षद भी महापौर के आसन के समझ आ गए। इस दौरान मामला इतना बढ़ गया कि बहस करते हुए अनिल लाकड़ा भाजपा पार्षद विनोद के पास पहुंच गए। विनोद का आरोप हैं कि लाकड़ा ने उन्हें टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दी। हालांकि इसी बीच अनिल लाकड़ा और भाजपा पार्षद सोहन पाल फौजी ने एक दूसरे हाथापाई शुरू कर दी। इस बीच भाजपा के पार्षदों भी देश के गद्दारों को गोली मारने तक के नारे लगाने शुरू कर दिए।हालांकि दूसरे पार्षदों ने बीच बचाव किया तो मामला शांत हुआ। हमने निगम कर्मचारियों को पक्का करने का फैसला लिया है जब से आम आदमी पार्टी के नेता बौखला गए हैं। आप के पास मुद्दे नहीं हैं इसलिए वह सदन में हंगामा करते हैं। सदन की गरिमा को भंग करने का प्रयास किया गया है वह इस मामले की वीडियो देखकर कार्रवाई करेंगे। बिना स्वीकृत पदों को कर्मचारियों को पक्का करने का नाटक भाजपा ने किया है। संपत्तियों को बेचने का काम किया जा रहा है। सदन में भाजपा के पार्षदों को महापौर चुप तक नहीं करा पाए। ऐसे

**सूचना** दिल्ली सरकार द्वारा ड्यूटी के लिए न तो काम सौंपा गया था और न ही पैनल में रखा गया

# निजी डॉक्टरों को मुआवजे से बाहर करने के दिल्ली सरकार के फैसले को चुनौती

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के उस फैसले की वैधता और संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया, जिसमें डॉक्टरों के परिजनों से संबंधित मुआवजे की नीति से निजी डॉक्टरों को बाहर करने का फैसला किया गया था, जिनकी महामारी के दौरान अपनी ड्यूटी करते हुए कोरोना महामारी के कारण मौत हो गई थी। जस्टिस वी. कामेश्वर राव ने दिल्ली सरकार और याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद मामले को स्थगित कर दिया। दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि पीड़ित, जो एक डॉक्टर है, इस मामले में 85 साल के थे और अपना निजी क्लीनिक चला रहे थे। उन्हें दिल्ली सरकार द्वारा ड्यूटी के लिए न तो काम सौंपा गया था और न ही पैनल में रखा गया। वह योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं। दूसरी ओर, वकील अशोक अग्रवाल ने बताया कि निजी डॉक्टरों से संबंधित मामला हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की डिविजन बेंच के समक्ष लंबित है। इसके बाद बेंच ने उन याचिकाओं के निपटारे तक मामले को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली सरकार ने निजी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को कोरोना वॉरियर्स के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक मदद की नीति से बाहर कर दिया था, जिनकी ड्यूटी का पालन करते हुए कोरोना वायरस के कारण मौत हो गई थी। याचिकाकर्ता, सरोज गुप्ता के पति डॉ. श्याम गुप्ता की पिछले साल अप्रैल में के कारण मौत हो गई थी। सरोज ने अपनी याचिका में कहा है कि दिल्ली सरकार का निर्णय याचिकाकर्ता के पति के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है, जैसा कि उन्हें भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 की गारंटी के तहत दिया गया है। याचिका में आगे कहा गया है कि फरवरी/मार्च 2020 में उडश्क्क19 महामारी की शुरूआत के बाद से सभी सभी सरकारी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ निजी अस्पतालों ने सभी डॉक्टरों से आग्रह किया है कि वे महामारी से निपटने के लिए अपर्याप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के कारण अपनी सेवाएं प्रदान कर रोगियों की देखभाल करें।

## दिल्ली पुलिस के शीर्ष 32 अधिकारियों का हुआ तबादला

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को एक सूची जारी कर 32 अधिकारियों का तबादला कर दिया। ट्रैफिक व्यवस्था के ज्वाइंट सीपी विवेक किशोर को उत्तरी रेंज का संयुक्त आयुक्त बनाया गया। इसके साथ-साथ वे ट्रैफिक व्यवस्था का अतिरिक्त भार भी संभालेंगे। वहीं अपराध शाखा के एडिशनल सीपी शिबेश सिंह को ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गयी है। अब एडिशनल सीपी एसडी मिश्रा अपराध शाखा की कमान संभालेंगे। इसी क्रम में अपराध शाखा की डीसीपी मोनिका भारद्वाज को पहली बटालियन का डीसीपी बनाया गया है। ट्रैफिक में तैनात घनश्याम बंसल को डीसीपी पश्चिमी जिला एवं ट्रैफिक में तैनात डीसीपी गुगुलोथ अमृता को नई दिल्ली डीसीपी के पद पर लाया गया। अब तक नई दिल्ली जिला के डीसीपी की जिम्मेदारी संभाल रहे दीपक यादव को अपराध शाखा की कमान दी गयी है। वहीं पहली बटालियन के डीसीपी समीर शर्मा को बाहरी जिले का डीसीपी नियुक्त किया गया।

# शराब की बोतलों पर चेतावनी छापने की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी में नशीले पेय और सामग्री के उत्पादन, वितरण और खपत को प्रतिबंधित या नियंत्रित करने के लिए दिल्ली को निर्देश जारी करने की मांग करते हुए हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने संविधान के अनुच्छेद 21 में दिए गए स्वास्थ्य का अधिकार को सुरक्षित रखने का हवाला देते हुए याचिका में सिगरेट की डिब्बी की तरह शराब की बोतलों पर चेतावनी के रूप में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक जैसी पंक्ति छापने को निर्देश देने का भी आग्रह किया गया है ।याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने आगे संविधान के अनुच्छेद 21 और 47 की भावना में नशीले पेय और ड्रग्स के उत्पादन, वितरण और खपत से लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभाव का आकलन करने के लिए दिल्ली सरकार को निर्देश जारी करने की मांग भी की है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली में 2015 तक निकाय क्षेत्र में कुल 280 वार्ड में केवल 250 शराब की दुकानें थीं।

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| क्र. | एन.आई.टी. | 07-2021-22-एनआरसीएच |
|---|---|---|
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | एनआरसीएच के लिए व्यापक हाउसकीपिंग जिसमें रखरखाव और स्वच्छता कार्य शामिल है, और निदेशक/व्यवस्थापक/एनआरसीएच के तहत एडीईएन/एनआरसीएच के अनुभाग में एक वर्ष के लिए लिनन की धुलाई और वितरण, रिसेप्शनिस्ट आदि की आपूर्ति करता है। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रूपये) | रूपये: 58492298.75 |
| 3 | अग्रिम राशि (रूपये) | रूपये: 450391.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | 11 महीने 11 दिन |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 22.03.2022 को 15.00 बजे तक तथा 22.03.2022 को 15.00 बजे निविदा खोलना A |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है A |

No. 128-W/269/O.E.T.-07-2021-22-एनआरसीएच Dated: 26.02.2022 422/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 27 फरवरी, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### जारी भर्ती प्रक्रिया को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भर्ती प्रक्रिया में एक उम्मीदवार को किसी भी चरण में शिकायत के निवारण के लिए अदालत जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, भले ही शिकायत वास्तविक क्यों न हो। कोर्ट ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया बंद होगी ही, क्योंकि यह अनिश्चितकाल तक नहीं चल सकती। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी एक व्यक्ति की अपील की सुनवाई के दौरान की, जिसने 1999 में उप सहायक अभियंता के पद के लिए आवेदन किया था। अपीलकर्ता ने मेडिकल फिटनेस जांच पास कर लिया था, लेकिन उसकी नियुक्ति नहीं हो सकी थी, क्योंकि पुलिस सत्यापन रिपोर्ट नहीं आई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि उसने सात साल तक नियुक्ति पत्र का इंतजार किया। उसके बाद ही राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण का दरवाजा खटखटाया था। वहां से राहत न मिलने पर कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया था, लेकिन वहां याचिका खारिज कर दी गई थी कि क्योंकि याचिकाकर्ता बांग्लादेशी नागरिक है।

### प्रशांत विहार का यूटर्न 30 दिन बाद खुला

नई दिल्ली। आउटर रिंग रोड पर प्रशांत विहार एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे बंद यूटर्न करीब 30 दिन बाद शुक्रवार को खोल दिया गया। यह यूटर्न मेट्रो लाइन के निर्माण कार्य के चलते बंद किया गया था। फिलहाल यहां से केवल हल्के वाहनों को मुड़ने की अनुमति रहेगी, क्योंकि यूटर्न की चौड़ाई को सीमित रखा गया है। दरअसल अभी मेट्रो का काम पूरा नहीं हुआ है। सड़क के कुछ हिस्से पर अब भी बैरिकडिंग है। वाहन चालकों की सहूलियत और शिकायत के बाद यह यूटर्न खोला गया है। वर्ष 2021 में यहां ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के लिए मेट्रो पिलर नंबर-14 और 15 के बीच यू-टर्न बनाया गया था। मेट्रो के काम के चलते इसे अस्थायी रूप से बंद किया गया था, जिससे यहां वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी। ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के मुताबिक मौके पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। यूटर्न पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जा रहे हैं और पास की सर्विस लेन के कट को बंद कर ट्रैफिक चलाया जा रहा है। यूटर्न खुलने से यहां से रोजाना आवाजाही करने वाले करीब एक लाख वाहन चालकों को फायदा मिलेगा।

### एनडीएमसी ने सफाई रिस्पांस यूनिट बनाई

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सफाई रिस्पांस यूनिटन (एसआरयू) का गठन किया है। इसके जरिये सीवर की सफाई के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकेगा। नई दिल्ली क्षेत्र में सीवर सफाई के दौरान दुर्घटनाएं नहीं के बराबर हैं। इसके बावजूद ज्यादा सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं। एनडीएमसी के मुताबिक, सफाई रिस्पांस यूनिट अलग-अलग सीवर के रखरखाव और प्रबंधन के लिए एक पेशेवर, प्रशिक्षित और तकनीकी रूप से सक्षम ईकाई होगी। पालिका परिषद की सचिव को यूनिट का अध्यक्ष बनाया गया है। सीवर डिवीजन के अधीक्षण अभियंता इकाई के प्रभारी अधिकारी होंगे। लोगों की शिकायतों और शंकाओं के लिए टोल फ्री नंबर 1533 का भी प्रयोग किया जा सकता है। जबकि, एनडीएमसी 311 मोबाइल ऐप का भी उपयोग किया जा सकता है।

### ड्रंकन ड्राइविंग में आरोपी को सात दिन की सजा

नई दिल्ली। नशे की हालत में व्यावसायिक वाहन चलाने के जुर्म में अदालत ने एक टैम्पो ड्राइवर को सात दिन की जेल की सजा सुनाई है। इसके अलावा इस ड्राइवर पर 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी किया है। साकेत अदालत ने इस आरोपी को ड्रंकन ड्राइविंग और वैध ड्राइविंग लाइसेंस ना होने के जुर्म में सजा सुनाई है। अदालत ने कहा है कि जिस तरह से राजधानी की सड़कों पर हादसे बढ़ रहे हैं, वह चिंता में डालने वाले हैं। रोजाना कई लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। इसकी वजह वाहन चालकों का लापरवाह रवैया और नशे की हालत में वाहन चलाना पाया जा रहा है। ऐसे में अगर अदालत के समक्ष ऐसा कोई आरोपी आता है तो उसे सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए, ताकि अन्य लोगों को सीख दी जा सके। हालांकि, आरोपी की तरफ से दलील दी गई थी कि उसके घर में कमाने वाला और कोई सदस्य नहीं है। उसके दो छोटे बच्चे हैं। बुजुर्ग मां है। परंतु अदालत ने कहा कि यह सजा ना सिर्फ बाहरी लोगों को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है।

# एनडीएमसी स्कूल के छात्र विद्यालयों में पहुंच कर ऑफलाइन शिक्षा का ले रहे हैं आनंद

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



- उपाध्याय ने कहा कि जिस प्रकार बच्चो के लिए स्कूल जरूरी है, उसी तरह बच्चो के बिना स्कूल भी वीरान थे
- तनाव मुक्त और मानसिक प्रेरणा से युक्त बनाने पर हमारा ध्यान कुछ शुरूआती दिनों के लिए प्राथमिकता है

कोविड महामारी के लॉकडाउन प्रतिबंधों के कारण ऑनलाइन शिक्षा की लंबी अवधि के बाद अपने स्कूलों में ऑफलाइन शिक्षा को फिर से शुरू करने के लिए, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अपने स्कूलों के छात्रों एव शिक्षकों के भावनात्मक, शारिरिक और शैक्षिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए आनन्ददायक माहौल बना रही है, जिससे इस बीच पारम्परिक शिक्षा में आयी खाई को खत्म किया जा सके-यह जानकारी आज एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने दी। उपाध्याय ने कहा कि जिस प्रकार बच्चो के लिए स्कूल जरुरी है, उसी तरह बच्चो के बिना स्कूल भी वीरान थे। लेकिन अब परिषद के नवयुग और अटल आदर्श स्कूल अब छात्रों की आवाजो से चहचाने लगे हैं। उन्होंने कहा की सभी छात्रों को सीखने के साथ-साथ स्कूल के माहौल के माध्यम से खेल-खेल में छात्रों के लिए आरामदायक वातावरण महसूस करने की कोशिश कर रहे हैं, विशेष रूप से प्राथमिक कक्षाओं जैसे कि प्ले-वे गतिविधियों, योग, प्रार्थनाओं, परिचय-आधारित चचाओं, माता-पिता के साथ नियमित बातचीत उन्हें सभी एहतियाती उपायों के बारे में जानकारी देते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीएमसी ने इनडोर-आउटडोर स्पोर्ट्स, गेमिंग, नृत्य, संगीत कक्षाएं, कॉमिक / रचनात्मक किताबें पढ़ना, कला और शिल्प गतिविधि, आध्यात्मिक प्रार्थनाएं, अबैकस गतिविधि, स्मार्ट बोर्ड कक्षाएं, लाइव विज्ञान व्यावहारिक कक्षाएं आदि जैसी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर रही है।ये सभी क्रियाकलाप माता-पिता को अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करते हैं और बच्चों को एक खुशहाल माहौल देने की कोशिश भी करते हैं। उपाध्याय ने कहा कि उन्हें चिंता और तनाव मुक्त और मानसिक प्रेरणा से युक्त बनाने पर हमारा ध्यान कुछ शुरूआती दिनों के लिए प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य न केवल कोविड उपयुक्त दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए निर्देश देना ही नही है, बल्कि उन्हें अपने अध्ययन में मानसिक और आध्यात्मिक रूप से ध्यान केंद्रित करने के लिए भी तैयार करना है। उन्होंने कहा कि हम छात्रों को व्यावहारिक स्थिति से निपटने के लिए तैयार कर रहे हैं क्योंकि वे लंबे समय से स्कूलों के साथ व्यावहारिक संपर्क में नहीं हैं। उपाध्याय ने कहा कि हमारा उद्देश्य इस समय उन्हें होमवर्क इत्यादि के किसी प्रकार का बोझ देना नहीं है बल्कि हमें उन्हें यह भी तैयार करने की आवश्यकता है कि कोविड और ओमीक्रॉन जैसी बीमारियों में कैसे भविष्य में जीया जाए। श्री उपाध्याय ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की 10वीं और 12वीं के परीक्षा कैसे दी जाएगी, उसके लिए शिक्षकों के लिए यह अनिवार्य है कि वे बच्चो में अपनी पढ़ाई तैयार करने और कोविड ओमीक्रोन रोगों की तरह किसी भी बाधा के खिलाफ लड़ने के लिए बच्चों की मानसिकता तैयार करें। उपाध्याय ने कहा कि कोविड के दौरान स्कूली बच्चों को स्कूल जाने, खेल के मैदानों में समय बिताने, शिक्षकों और दोस्तों के साथ बातचीत करने, कार्यक्रमों में भाग लेने के बजाय अपने कमरों तक सीमित रखा जाता था। उन्होंने कहा कि स्कूल बंद होने का न केवल उनकी पढ़ाई बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ा, क्योंकि कोविड के दौरान, हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों की सुरक्षा थी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बच्चों को कक्षा में अब वापस लाने की अनुमति देकर सीखने के अंतर को समाप्त करना आवश्यक है।

## 700 से ज्यादा लोगों से ठगी में महिला निदेशक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक शातिर ठग महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला की पहचान सुनीता सैनी के रूप में हुई है। आरोपित महिला ने आजादपुर में ऑफिस खोल कर खुद को एक एनबीएफसी कंपनी बताया और लोगों से बड़ी संख्या में रुपये जमा करवा लिए। 700 लोगों के करीब चार करोड़ रुपये जमा कर आरोपित महिला पति के साथ फरार हो गई। उक्त मामले में करीब छह महीने की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार किया। वहीं इस मामले में फरार चल रहे उसके पति की तलाश चल रही है। आर्थिक अपराध शाखा की संयुक्त आयुक्त छाया शर्मा ने शनिवार को बताया कि प्रेमवती एवं पांच अन्य लोगों ने आर्थिक अपराध शाखा को एक शिकायत दी थी। उनकी शिकायत के बाद बड़ी संख्या में लोग आर्थिक अपराध शाखा के पास आए और लगभग 700 लोगों ने ठगी की शिकायत की। उन्होंने वसुंधरा ग्रुप पर जालसाजी का आरोप लगाया, जिसका दफ्तर आजादपुर में था। इसके निदेशक चंद्र प्रकाश सैनी, सुनीता सैनी एवं अन्य ने लोगों को सेविंग के लिए खाता खोलने को कहा। इसके अलावा कुछ लोगों ने रुपये जमा करवाए। कई लुभावनी योजनाएं बताकर उनसे मोटी रकम जमा कराई।

## डा. रणदीप गुलेरिया और कवि कुमार विश्वास ने रक्तदान के लिए लोगों को किया प्रोत्साहित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों के जवानों ने रक्तदान किया, जिससे कुल 2500 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। एम्स स्थित कम्युनिटी सेंटर में सुबह आठ से शाम चार बजे तक लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए कवि डाक्टर कुमार विश्वास ने भी ज्यादा से ज्यादा लोगों से रक्तदान करने की अपील की। वहीं, एम्स निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया ने लोगों की जान बचाने के लिए रक्तदान का बड़ा महत्व बताया। रक्तदान शिविर के आयोजक कनिष्क यादव ने बताया कि यह इस तरह का तीसरा बड़ा रक्तदान शिविर था। इससे पहले एम्स द्वारा दो और बड़े रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। पिछले शिविर में दो हजार यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ था। वहीं, कृष्णा नगर में भाजपा दिल्ली प्रदेश बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की तरफ से संगोष्ठी का आयोजन हुआ। गांधी नगर के विधायक अनिल बाजपेयी व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डा. अनिल गोयल उपस्थित रहे। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक डा. अनिल गोयल ने कहा कि एक समय ऐसा आता है कि देश खुद को नए सिरे से परिभाषित करता है। भारत की विकास यात्रा में भी वो समय आ गया है। 75 वर्ष को एक समारोह तक सीमित नहीं करना है। एक नए संकल्प के साथ 25 वर्ष में आगे बढ़ाना है। हमें आजादी के 100 साल को गौरवपूर्ण तरीके से आगे ले जाना है। इधर, दक्षिणी दिल्ली में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत लोधी रोड स्थित प्रधान डाकघर परिसर में डाक विभाग के दक्षिणी मंडल द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय वचरुअल डाक टिकट प्रदर्शनी अमृतपेक्स 2022 का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का समापन संबोधन मुख्य अतिथि डा. प्रवीन कुमार सारस्वत ने दिया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं सहित डाक सग्राहकों को भी सम्मानित किया गया।

# शिवाजी कालेज में चार मंजिला नई इमारत बनकर तैयार, छात्रों को मिलेगी ये राहत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



समय के साथ बढ़ी सीटों व कोर्स के कारण दिल्ली विश्वविद्यालय के कालेजों में जगह की किल्लत एक पुरानी व बड़ी समस्या है, कोरोना महामारी के बीच यह समस्या गहराने लगी है। कालेज प्रशासन के लिए कक्षा, लैब, सेमिनार हाल, लाइब्रेरी में शारीरिक दूरी का पालन करना मुश्किल बना हुआ है। पर राजौरी गार्डन स्थित शिवाजी कालेज में जगह किल्लत की समस्या अब ज्यादा समय तक नहीं रहेगी। कालेज परिसर में मौजूदा क्षमता जितनी एक और नई इमारत बनकर तैयार हो चुकी है। अच्छी बात यह है कि नए सत्र से इस नई इमारत में कक्षाएं आयोजित की जाएगी। अभी इमारत को फायर एनओसी नहीं मिली है। हालांकि कालेज प्रशासन ने इसके लिए आवेदन दे दिया है, उम्मीद है आगामी एक माह के भीतर इमारत को एनओसी प्राप्त हो जाएगी। 1448.95 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में बनी चार मंजिला इमारत को जीजाबाई एकेडमिक ब्लाक नाम दिया गया है। इसमें एक बहुउद्देशीय हाल, 12 स्मार्ट लेक्चर हाल, आठ रिसर्च लैब, चार स्टाफ रूम, एक रिकार्डिंग स्टूडियो व तीन सेमिनार हाल बनाए गए है। खास बात यह है कि इमारत को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि नई इमारत व पुरानी इमारत को आपस में जोड़ दिया गया है। यानि एक इमारत से दूसरी इमारत में प्रवेश किया जा सकता है। इसके अलावा नई इमारत दिव्यांगों के अनुरूप तैयार की गई है। इसमें रैंप, दो लिफ्ट व दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए विशेष टाइलें लगाई गई है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नई इमारत को तैयार किया गया है। जीजाबाई एकेडमिक ब्लाक में तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं है, जिसमें सार्वजनिक घोषणा प्रणाली खास है। प्रस्ताव को देखे तो जीजाबाई एकेडमिक ब्लाक को सात मंजिला बनाया जाना था, पर फिलहाल चार मंजिल के साथ इमारत को शुरू करने की बात कहीं जा रही है। कालेज प्रशासन के मुताबिक फंड उपलब्ध नहीं होने के कारण इमारत को सात मंजिला बनाना फिलहाल संभव नहीं है। इसके अलावा नई इमारत में तीन लिफ्ट प्रस्तावित है, जिसमें से केवल दो ही लिफ्ट फिलहाल लगी है। कोशिश की जा रही है कि इमारत के लिए कालेज को पर्याप्त फंड मिले, ताकि परियोजना पूर्ण हो। पर अच्छी बात यह है कि इमारत का मूल ढांचा सात मंजिल को मद्देनजर रखते हुए ही तैयार किया गया है।

## जाली नोट के मामले में 3 लोगों को 8 साल की सजा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पटना में एक विशेष राष्ट्रीय जांच एजेंसी अदालत ने शुक्रवार को नकली भारतीय मुद्रा को सकुर्लेट करने के लिए 3 दोषियों को 8 साल की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने सलीम एस, शाहनवाज शेख और मन्नालाल चौधरी पर 5,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है, जिन्हें हाल ही में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था।

यह मामला 2 फरवरी 2019 को बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के बेतिया कस्बे में पुलिस द्वारा एफआईसीएन की जब्ती से जुड़ा है। पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 4 लाख नकली नोट बरामद किए हैं। शुरूआत में बेतिया टाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बाद में, एनआईए ने मामला फिर से दर्ज करके जांच अपने हाथ में ली और 4 आरोप पत्र दायर किए। अदालत ने कहा कि एनआईए ने उनके मामले को संदेह से परे साबित किया और आरोपियों को दोषी ठहराया है।

# द्वारका की कई सोसाइटियों में लगाए गए ऑटोमेटिक बूम बैरियर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के विधायक श्री गुलाब सिंह जी के नेतृत्व में द्वारका वार्ड बी में एमएलए की प्रतिनिधि मोनिका मिगलानी ने दिल्ली के द्वारका स्थित कई सोसाइटियों में ऑटोमेटेड बूम बैरियर्स इंस्टॉल करवाए हैं। ये बूम बैरियर्स विभिन्न राजमार्गों एवं एक्सप्रेसवे पर इन्सटॉल किए गए फास्टैग की तरह काम करते हैं, जिससे यहां के निवासियों को एंट्री या एक्जिट गेट पर रूकने की जरूरत नहीं होगी, अगर उनके वाहन पर वैद्य टैग लगे हों। इससे क्षेत्र के निवासियों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकेगा और बाहरी लोग सिर्फ उचित वैरिफिकेशन के बाद ही हाउसिंग कॉम्पलेक्स में प्रवेश कर सकेंगे। इस मौके पर मिस मोनिका मिगलानी ने कहा पिछले पांच महीनों के दौरान सोसाइटियों में कई दौरों के बाद ये बूम बैरियर लगाए गए हैं। इनकी फंडिंग विधायक के फंड से की गई है, जैसा कि मीटिंग्स के दौरान लोगों से वादा किया गया था। बूम बैरियर के सभी स्लॉट वादे के मुताबिक समय पर पहुंचे और कुछ ही सप्ताहों के अंदर इन्हें इन्स्टॉल कर दिया गया। जनवरी से कई सोसाइटियों में बूम बैरियर इन्सटॉल करने का काम शुरू कर दिया गया था। जिन सोसाइटयों में बूम बैरियर लगाए हैं, उनमें शामिल हैं: मयंक अपार्टमेन्ट, पीपल अपार्टमेन्ट, अनुसंधान, आईडीसी अपार्टमेन्ट, सजानाबाद, डीडीए सेक्टर 22, विनायक अपार्टमेन्ट, संस्कृति अपार्टमेन्ट, संतोष अपार्टमेन्ट, प्रगजोतिशपुर अपार्टमेन्ट, शिवलोक अपार्टमेन्ट, रोहित अपार्टमेन्ट, वृंदावन अपार्टमेन्ट आदि। उन्होंने बताया कि पिछले महीनों के दौरान कई मीटिंग्स के बाद इन सोसाइटियों में बूम बैरियर लगाने के लिए अनुमोदन दिया गया। विधायक के सहयोग एवं टीम के संयुक्त प्रयासों के चलते ही यह काम संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि इस काम का श्रेय किसी एक व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। यह लोगों एवं स्वयंसेवकों का जीत है, जिन्होंने इसे सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। सोसाइटी में बूम बैरियर उपलब्ध कराने के अलावा मोनिका मिगलानी ने मेडिकल कैम्प भी आयोजित किए हैं। हाल ही में उन्होंने द्वारका के सेक्टर 11 स्थित एक गुरूद्वारे में पेयजल की समस्या को हल किया और एक वॉलीबॉल टूनार्मेन्ट का आयोजन भी करवाया। मोनिका मिगलानी लम्बे समय से समाज कल्याण के जुड़े विभिन्न मुद्दों पर काम कर रही हैं।

## तिहाड़ जेल में हाथापाई में 4 कैदी, 2 जेल अधिकारी घायल

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल अधिकारियों और कुछ कैदियों के बीच शुक्रवार को हुई हाथापाई में 4 कैदियों और एक सहायक अधीक्षक और जेल के एक वार्डन सहित 6 लोग घायल हो गए। ये जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारी ने कहा, जेल नंबर 4 के अंदर तिहाड़ जेल के अधिकारियों और कैदियों के बीच हाथापाई हुई। इस घटना में 4 कैदियों के साथ सहायक अधीक्षक सुनील और वार्डन नीरज शौकीन घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जेल नंबर 4 में कुछ कैदी शुक्रवार शाम एक अन्य कैदी को पीटने की कोशिश कर रहे थे और जेल स्टाफ ने बीच-बचाव कर उन्हें नियंत्रित करने की कोशिश की। अधिकारी ने कहा, जेल अधिकारियों और कैदियों सहित सभी घायलों को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। उन्हें गंभीर चोटें नहीं आई हैं।

# दीक्षा समारोह, 1,73,443 छात्रों को दी गई डिजिटल डिग्री

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) का 98वां दीक्षा समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। कोरोना वायरस संक्रमण के कारण हाईब्रिड आयोजन हुआ। भीड़ न उमड़े, इसके लिए दीक्षा समारोह का आनलाइन प्रसारण भी किया गया। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह के मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान दीक्षा समारोह में रिकार्ड शोधार्थियों को पीएचडी की डिजिटल डिग्री दी गई। डीन परीक्षा प्रो. डीएस रावत ने बताया कि डीयू के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ, जब समारोह में एक साथ इतने अधिक शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। पिछले वर्ष 704 शोधार्थियों को डिग्री दी गई थी। समारोह में कुल 1,73,541 डिजिटल डिग्री, 161 मेडल और 34 पुरस्कार दिए गए।

छात्रों को इस बार एक माह के अंदर पिंटेड डिग्री भी देने की योजना है जिसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। डीयू प्रशासन ने बताया कि 2021 में पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को भी डिग्री दी जाएगी। इसके लिए उन्हें ई-मेल भी किया गया है। गौरतलब है कि देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शुमार दिल्ली विश्वविद्यालय को 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से शताब्दी समारोह के लिए 10 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय मई, 2022 में 100 साल पूरा करेगा। सभी कालेजों को समारोह आयोजित करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही इस अवसर पर एक काफी टेबल बुक लान्च करने की भी योजना है। विश्वविद्यालय विकास निधि समिति ने डीयू के अंतर्गत आने वाले सभी कालजों को 100वें वर्ष पर विशेष आयोजन करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। मुख्य कार्यक्रम मई में होगा और फिर इसके तहत सभी तरह कार्यक्रमों का समापन अगले साल एक मई को होगा। मुख्य कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे, इसकी भी चर्चा है।

# एम्स ट्रामा सेंटर में मंगलवार से भर्ती लिए जाएंगे हादसा पीड़ित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

कोरोना के इलाज के लिए अधिकृत एम्स ट्रामा सेंटर में अब सिर्फ नौ मरीज भर्ती हैं। इस वजह से अभी 256 बेड खाली पड़े हैं। इसके मद्देनजर एम्स प्रशासन ने ट्रामा सेंटर में कोरोना के अलावा अब हादसा पीड़ितों का भी इलाज शुरू करने का फैसला लिया है। लिहाजा अगले सप्ताह में मंगलवार से ट्रामा सेंटर में हादसा पीड़ित उन मरीजों को भर्ती लेने का काम शुरू होगा, जिनकी हालत स्थिर होगी। इसके बाद बुधवार से ट्रामा सेंटर में हादसा पीड़ितों की रूटीन सर्जरी भी शुरू हो जाएगी। इस बाबत एम्स प्रशासन ने आदेश जारी कर दिया है। ट्रामा सेंटर में हादसा पीड़ितों के इलाज के लिए 10 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। जिसमें सामान्य व आइसीयू वार्ड दोनों शामिल हैं। इसलिए हादसा पीड़ितों के इलाज के लिए 265 बेड की क्षमता वाले ट्रामा सेंटर में 226 बेड आरक्षित रहेंगे। वहीं 39 बेड कोरोना मरीजों के इलाज के लिए आरक्षित रहेंगे। कोरोना व हादसा पीड़ितों मरीजों के अवागमन के लिए अलग लिफ्ट व सीढ़ियां निर्धारित कर दी गई हैं। कोरोना मरीजों की एक्सरे व अल्ट्रासाउंड जांच पोर्टेबल मशीन से होगी। वहीं हादसा पीड़ितों की जांच के लिए रेडियोलाजी लैब आरक्षित रहेगी। एम्स प्रशासन के अनुसार ट्रामा इमरजेंसी व हादसा पीड़ितों के लिए ओपीडी सेवा अभी कुछ समय तक मुख्य अस्पताल के पुराने ब्लाक में ही जारी रहेगी।

**सूचना** तीसरे प्रस्ताव के तहत 100 एकड़ के 20 आफ रिवर मिनी जलाशय बनाए जाएंगे

# दिल्ली में 24 घंटे मिलेगा शुद्ध पानी, अरविंद केजरीवाल सरकार ने बनाई योजना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली के हर घर के नल से 24 घंटे साफ और शुद्ध पानी मिलेगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री अरच्वद केजरीवाल ने शुक्रवार को अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक कर मानूसन के दौरान यमुना में आने वाले अतिरिक्त पानी को स्टोर करने और उसे शुद्ध कर लोगों के घर तक पहुंचाने की योजना बनाई है। इस दौरान सीएम ने संबंधित अधिकारियों को पायलट प्रोजक्ट के आधार पर वजीराबाद जलाशय के ऊपरी छोर पर कैचमेंट वेटलैंड जलाशय बनाने और आफ रिवर मिनी जलाशय बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारी यह रणनीति सफल होती है तो ऐसे और जलाशय बनाए जाएंगे, ताकि मानसून के दौरान यमुना में आने वाले अतिरिक्त पानी को स्टोर कर उसका इस्तेमाल पीने के लिए किया जा सके। मुख्यमंत्री के समक्ष बैठक में अधिकारियों ने प्रजेंटेशन दिया। प्रजेंटेशन के बाद सीएम ने प्रमुख बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान दो प्रस्तावों पर आगे बढ़ने की सहमति बनी है। पहला यमुना नदी के पश्चिमी तट पर स्थित वजीराबाद जलाशय के ऊपरी छोर पर पायलट आधार पर 459 एकड़ का कैचमेंट वेटलैंड जलाशय बनाने की रणनीति बनी। इस जलाशय में मानसून का करीब 1735 एमजी पानी को स्टोर किया जा सकेगा। दूसरा, 20 एकड़ का आफ रिवर मिनी जलाशय बनाने पर विचार किया गया, जिसकी गहराई 10 मीटर तक होगी और यहां करीब 223 एमजी मानसून का पानी का स्टोर हो सकेगा। सीएम ने इन दोनों प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करने के बाद संबंधित अधिकारियों को आगे की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि इस पर जल्द से जल्द काम शुरू हो सके पेयजल क्षमता बढ़ाने के लिए तीन रणनीति पर काम प्रस्तावितदिल्ली सरकार द्वारा यमुना के करीब 32203 एमजी मानसून के पानी को स्टोर करने के लिए तीन रणनीति प्रस्तावित की गई हैं। पहला, 200 एकड़ के 20 कैचमेंट वेटलैंड भंडारण जलाशय बनाए जाएंगे और सभी जलाशयों की गहराई दो मीटर होगी, जहां 8552 एमजी मानसून का पानी स्टोर किया जा सकेगा। दूसरा वजीराबाद जलाशय के एक हजार एकड़ एरिया में तालाब का विस्तार किया जाएगा। इसकी गहराई दो मीटर होगी और यहां पर 2138 एमजी मानसून के पानी का भंडार हो सकेगा। वहीं तीसरे प्रस्ताव के तहत 100 एकड़ के 20 आफ रिवर मिनी जलाशय बनाए जाएंगे। सभी जलाशयों की गहराई 10 मीटर रखी जाएगी, जहां करीब 21381 एमजी मानसून के पानी का भंडारण हो सकेगा।

## राजपार्क इलाके में पुलिस पर हमलाकर बदमाशों ने लूटे मोबाइल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

बाहरी जिले के राजपार्क इलाके में बीती रात बदमाशों ने पुलिस वालों पर जानलेवा हमला किया। उनकी वर्दी फाड़ने के साथ साथ उनके दो मोबाइल फोन भी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनकी पहचान जुगल शरण, धर्मबीर, विक्की और प्रताप के रूप में हुई है। पुलिस दो मुख्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक राजपार्क थाने में कांस्टेबल जितेन्द्र तैनात है। बीती रात उसकी ड्यूटी कोरल पीसीआर पर थी। उसके साथ एएसआई नागराज था। साढ़े नौ बजे वह अपने साथी के साथ गश्त करता हुआ टी-ब्लॉक मंगोलपुरी गैस गोदाम के पास पहुंचा। उनके पास एक महिला ने आकर बताया कि एक लड़का अर्धनग्न हालत में सड़क की तरफ मुंह करके शौच कर रहा है। जिससे वहां से निकलने में लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। वह तुरंत मौके पर पहुंचे। लड़का अर्धनगन हालत में शौच कर रहा था। वह नशे में था। जिसको काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। लड़का उनसे ही गाली गलौच वह मारपीट करने लगा। बोला तुम जैसे पुलिस वाले बहुत देखे हैं। मेरा नाम मनु है। तुम मुझे रोकोगे। इतना कहने के बाद लड़के ने पुलिसकर्मी का गिरेबान पकड़ लिया। मारपीट करने लगा। वर्दी पर लगी नेम प्लेट टूटकर सड़क पर गिर गई। लड़के ने राजा नामक लड़के को बुला लिया। जिसको बोला कि आज पुलिस वालों को सबक सीखाकर ही छोड़ेंगें। दोनों लड़कों ने उनसे हाथापाई शुरू कर दी। गश्त कर रहे कांस्टेबल अंकित ने जब मामले को सुलझाने की कोशिश की। उसके साथ भी मारपीट की। उसकी वर्दी का बटन आदी तोड़ दिया। तभी दो और लड़के आ गए। जिन्होंने पुलिसकर्मियों को पकड़ लिया। वहां से मनु अपने दोस्त के साथ भाग गया। उसी वक्त दो और लड़के आए। थाने में मामले की जानकारी दी। पुलिस वालों ने मौके पर पहुंचकर चार लड़को को पकड़ा, लेकिन पीड़ित कांस्टेबल जितेन्द्र अंकित का फोन उसकी जेब में नहीं था।

## थप्पड़ का बदला लेने के लिये मारा चाकू, तीन पकड़े

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले के किशनगढ़ इलाके में मोमोज की चटनी गिरने पर हुए झगड़े में थप्पड़ का बदला लेने के लिए युवक ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर एक युवक को चाकूओं से गोद दिया। पुलिस तकनीकी जांच की मदद से मुख्य आरोपित और उसके दो नाबालिग सहयोगी को सुल्तानपुरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया है। डीसीपी गौरव शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान सुल्तानपुरी निवासी अंकुश (19) के रूप में हुई है। 24 फरवरी की शाम पुलिस को मुनिरका स्थित मोतीलाल नेहरू कैंप के पास एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल मोहम्मद रुस्तम सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके भाई मोहम्मद जाका ने बताया कि रुस्तम घटना के समय काम से घर लौट रहा था। इसी दौरान अंकुश और उसके दो नाबालिग साथियों ने उसपर चाकू से हमला कर दिया।

# महाराज सुहेल देव के नाम पर राजनीति करने वाले उनके विचारों के विपरीत आचरण कर रहे : योगी



## साल में दो बार मुफ्त मिलेगा रसोई गैस : योगी

हमारी सरकार ने तय किया है कि 10 मार्च को फिर से सरकार बनने के बाद होली-दिवाली पर उज्ज्वला लाभार्थियों को दो बार फ्री रसोई गैस दिया जाएगा। 60 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को परिवहन निगम की बस में फ्री यात्रा, जन्म से स्नातक की शिक्षा के लिए 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रुपया, कन्या की शादी के लिए 51 हजार से बढ़ाकर अब 1 लाख रुपया दिया जाएगा। अगले पांच साल में हर परिवार के कम से कम एक सदस्य को रोजगार से जोड़ा जाएगा। अभी 1 करोड़ युवाओं को स्मार्ट फोन और टैबलेट दिया जा रहा है, इसे बढ़ाकर 2 करोड़ किया जाएगा। अन्नदाता किसान को सिंचाई के लिए फ्री में बिजली मिलेगी।

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

यह क्षेत्र महाराज सुहेलदेव का ननिहाल है। बहराइच में महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद गाजी को हराया था। मैंने सुना है कि उनके किले पर कब्जा हो रहा है। 10 मार्च के बाद इसे कब्जा मुक्त कराया जाएगा। हम महाराज सुहेलदेव के नाम पर बहराइच में भव्य स्मारक और मेडिकल कालेज बना रहे हैं। वहीं महाराज सुहेलदेव के नाम पर राजनीति करने वाले उनके विचारों के विपरीत आचरण कर रहे हैं। महाराज सुहेलदेव का अनुयायी गजनी और मोहम्मद गौरी के समर्थकों के साथ खड़ा नहीं हो सकता है। वह राष्ट्रवाद के साथ खड़ा होगा, परिवारवाद के साथ नहीं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अम्बेडकरनगर की कटेहरी और अकबरपुर विधानसभा में जनसभा में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह डा. लोहिया की पावन भूमि है। 1960 के दशक में यूपी के कई जनपदों में रामायण मेले की शुरूआत की थी। आज अपने को डा अम्बेडकर का अनुयायी कहने वाले रामभक्तों पर गोली चलाते हैं। लोहिया कहते थे कि सच्चे समाजवादी को संपत्ति और संतति से दूर रहना चाहिए। आज के सपा का नारा है, सबका साथ सैफई खानदान का विकास।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा ने अपने शासनकाल में प्रदेश में अराजकता फैलाई। इससे यूपी बदनाम होता गया और दंगे होते गए। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले दंगा, छिनैती और लूटपाट कराते थे, जिनके गुर्गे तमंचा रखते थे, आज वही हनुमान जी का गदा लेकर घूम रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले ज्यादातर परिवारवादी कारसेवा करते नजर आएंगे। यह भाजपा की वैचारिक विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले बिजली नहीं मिल पाती थी। आज सबको पर्याप्त और बिना भेदभाव के बिजली मिल रही है। पहले बिजली का भी मजहब होता था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोरोना की वैक्सीन सबको फ्री मिल रही है। अगर सपा बसपा की सरकार होती तो वैक्सीन बाजार में बिक गई होती। हमारी सरकार में बिना भेदभाव के महीने में दो बार राशन मिला है। पहले राशन और गरीबों की योजनाओं का पैसा कहां चला जाता था? ये पैसा सपा के गुर्गे खा जाते थे, इत्र वाले मित्र के पास चला जाता था। 2012 के पहले यह गरीबों का पैसा बसपा के हाथी के पेट में समा जाता था। जो राशन और गरीब कल्याण योजनाओं का पैसा खाते हैं, उन्हीं के लिए हमारा बुलडोजर है।

मुख्यमंत्री ने कहा 2017 के पहले दंगे होते थे, महीनों कर्फ्यू लगता था। आज दंगाई डरता है। उसे मालूम है कि दंगा होगा तो क्या होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की नीति है कि सम्मान सबको पर तुष्टीकरण किसी का नहीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

## पुलिस ने हस्तक्षेप के बाद बाबू ने उपभोक्ताओं का पैसा जमा किया

किरतपुर। स्थानीय बिजली घर के बिल जमा करने वाले बाबू को उपभोक्ताओं के बिलों की जमा राशि एक माह बीत जाने पर भी बैंक में जमा न करना परेशानी का सबब बन गया है। विभाग के जेई द्वारा उसके खिलाफ थाने में तहरीर दिये जाने के बाद पुलिस हरकत में आयी जिस पर बाबू ने जमा बिलों के एक लाख 33 हजार रुपए तत्काल बैंक में जमा करा दिये। विद्युत निगम के जेई अजय कुमार ने बताया कि बिजली घर पर प्रेम प्रकाश राजपूत नामक बाबू बिजली के बिल जमा करता है। एक माह पूर्व राजपूत ने उपभोक्ताओं के बिजली बिल एक लाख तैंतीस हजार रुपए विभाग में जमा नहीं कराये दो बार उन्हें नोटिस भी दिया गया फीर भी बाबू ने रुपए जमा नहीं कराये। एसडीओ आफताब आलम ने थाने में तहरीर दी। जिससे पुलिस हरकत में आयी तो तुरंत बाबू ने एक लाख तैंतीस हजार रुपए जमा कराकर अपना पीछा छुडाया। जेई अजय कुमार ने बताया कि जो बाबू उपभोक्ताओं के बिल जमा करता है वह जमा बिलों का पैसा उसी दिन या अगले दिन बैंक में जमा करता है परतुं प्रेम प्रकाश से उसी दिन या अगले दिन बैंक में पैसा जमा नहीं किया। विभाग बार बार रूपया जमा करने को कहता रहा आखिर कार थाने में तहरीर देने के बाद बाबू ने तुरंत उपभोक्ताओं का पैसा बैंक में जमा करा दिया।

# जिलाधिकारी ने किया प्राचीन मोटा महादेव मंदिर का निरीक्षण



बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

**सहयोग**

- शिविर संचालक, कांवड़ियों एवं क्षेत्रवासियों से गोष्ठी कर सभी को प्रशासन का सहयोग करने हेतु अपील की

आगामी त्यौहार कावड़ यात्रा व महाशिवरात्री को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी द्वारा थाना मंडावली क्षेत्रान्तर्गत प्राचीन मोटा महादेव मंदिर पर शिविर संचालक, कांवड़ियों एवं क्षेत्रवासियों से गोष्ठी कर सभी को प्रशासन का सहयोग करने हेतु अपील की गई। साथ ही गोष्ठी में आए लोगों से त्यौहार में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी कर आगामी त्यौहारों को सकुशल शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने व कोविड-19 के सम्बन्ध में प्रशासन के गाइडलाइन्स का अनुपालन कराने आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बताया गया कि सभी लोग अपने आस-पास के शिवालयों में जल चढ़ावा एवं दर्शन करेंगे तथा अफवाहों पर ध्यान न दें एवं कोई समस्या होने पर तत्काल सम्बंधित अधिकारी के सरकारी नम्बर पर संपर्क कर अवगत करायें। साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिये कि कांवड़ यात्रियों के आवागमन के मार्ग, रास्ते में पड़ने वाले पड़ावों की जानकारी, कावंड यात्रा में लगे पुलिस बल , रुट डायवर्जन की तैयारियों की समीक्षा कर लगें शिव मंदिरों, शिवालयों, देव मंदिरों, यात्रा मार्गों सहित ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए यात्रा मार्गों पर स्ट्रीट लाइट सुनिश्चित की जाए संवेदनशील स्थलों पर चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था रखी जाए शिवालयों और शिव मंदिरों में भी प्रकाश सहित उत्कृष्ट व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए विद्युत आपूर्ति और पेयजल सहित यात्रियों के लिए जन-सुविधाओं की उपलब्धता रहे गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुख्य विकास अधिकारी, एसडीएम नजीबाबाद, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, थाना प्रभारी मंडावली आदि पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने दबोचा नशीले पदार्थ का आरोप



स्योहारा। शनिवार को थाना स्योहारा पुलिस द्वारा यामीन पुत्र शफीक अहमद ग्राम सदाफल थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को 1800 नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्योहारा पर मु0अ0सं0 96/22 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट बनाम दर्ज किया गया।

### धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार किया



स्योहारा। पुलिस ने शनिवार को थाना स्योहारा अन्तर्गत क्षेत्र में बुद्ध सिंह पुत्र यशपाल सिंह राहुल पुत्र यशपाल सिंह निवासीगण सब्दिपुर थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश किया।

### पुलिस ने किये दो बदमाश गिरफ्तार



बढापुरा। शनिवार को थाना बढापुर पुलिस द्वारा अभियुक्त दिक्की उर्फ अमरीक पुत्र बाबीर सिंह व बब्बू पुत्र गुरमीत निवासी मधुपुरी को अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी के गिरफ्तार किया गया।

### नशीली गोलियों सहित पकड़ कर आरोपी को भेजा जेला

स्योहारा। स्योहारा पुलिस द्वारा चल रही अपराधियों की धर पकड़ के अभियान के तहत एक आरोपी को पकड़ कर उससे बड़ी मात्रा में नशीली गोलियां बरामद की हैं। जिसके बाबत थानाध्यक्ष आशीष तोमर ने बताया कि मुकदमा अपराध संख्या 96/22 धारा 21 d22 एनडीपीएस एक्ट बनाम यामीन पुत्र शफीक अहमद ग्राम सफियाबाद थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को 1800 सौ नशीली गोलियां एलप्राजोलाम के साथ एसआई कुंवर पाल सिंह कांस्टेबल 301 सुनील कुमार के द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## समाजवादी पार्टी को भगवा का विरोध करना भारी पड़ेगाः केन्द्रीय मंत्री

लखनऊ । केन्द्रीय मंत्री और भाजपा उत्तर प्रदेश चुनाव के सह प्रभारी अनुराग ठाकुर ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया और उनकी पत्नी डिम्पल यादव के अनाब-शनाब बयानों पर तीखी प्रतिक्रया व्यक्त की। उन्होंने अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर अखिलेश जी के मन में इतना ही राम प्रेम है तो पहले वो माफी मांगें रामभक्तों पर गोली चलाने के लिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आखिर गोली क्यों चलाई रामभक्तों पर। जिन्होंने राम भक्तों को भूना कर दो इनका ईवीएम सूना। मैं तो कहता हूं जनता से, ये इतने ही रामभक्त हैं तो कल दर्शन करने क्यों नहीं गये। किसने रोका था इनको। उन्होंने कहा कि आखिर अभी तक राम लला के दर्शन करने अखिलेश क्यों नहीं गये। अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देते हुए समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये बड़े सवाल खड़े होते हैं कि अहमदाबाद बम धमाकों के आतंकी के समर्थन में खड़े हो जाते हैं। उनके पिता, परिवार को घर पर बुलाकर बिरयानी खिलाते हैं।

# आज बस्ती, देवरिया और वाराणसी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी रविवार, 27 फरवरी 2022 को बस्ती, देवरिया और वाराणसी में रहेंगे। बस्ती में वे बस्ती और संत कबीरनगर जिले की कुल 8 विधानसभाओं और देवरिया की 7 विधानसभाओं की विशाल रैली संबोधित करेंगे। वहीं वाराणसी में वे सभी 8 विधानसभाओं के बूथ स्तर के पदाधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बस्ती रैली के साथ ही वे अम्बेडकरनगर तथा देवरिया की रैली के साथ वे कुशीनगर की सभी की विधानसभाओं में वर्चुअल रैली करेंगे।

28 फरवरी को पीएम बलिया और महाराजगंज में विशाल रैली के माध्यम से प्रत्याशियों को जिताने की अपील करेंगे। भाजपा ने रैली के सफल आयोजन के लिए सभी जरूरी तैयारियों को पूरा कर लिया। स्थानीय स्तर पर सभी विधानसभा क्षेत्रों से मोदी जी को सुनने के लिए लोग आएंगे।

रैली की जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री और रैली प्रभारी श्री अनूप गुप्ता ने बताया कि रविवार को बस्ती के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान, हथियागढ़ में बस्ती की हरैया, कप्तानगंज, रुधौली, बस्ती, महादेवा तथा संत कबीरनगर जिले की मेहदावल, खलीलाबाद और धनघटा विधानसभाओं की संयुक्त रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में अंबेडकरनगर की अकबरपुर, कटेहरी, टांडा, आलापुर और जलालपुर विधानसभाओं में वर्चुअल माध्यम से भी जुड़ेंगे।

इसके बाद वे देवरिया की रैली में जायेंगे। जहां वे सेंट्रल एकेडमी के पास, सोनूघाट पर देवरिया, रामपुर कारखाना, रुद्रपुर, पथरदेवा, भाटपार रानी, सलेमपुर और बरहज एवं गोरखपुर की चौरीचौरा विधानसभाओं की संयुक्त रैली करेंगे। साथ ही वे कुशीनगर, खड्डा, पडरौना, तुमकुहीराज, फाजिलनगर, हाटा और रामकोला विधानसभाओं के 34 सांगठनिक मंडलों में वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे। यहां से पीएम वाराणसी स्थित संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में सभी 8 विधानसभों के 3361 बूथों के बूथ स्तर पदाधिकारियों, 33 मंडलों और 539 शक्ति केंद्रों के पदाधिकारियों के साथ ही महानगर, जिला, क्षेत्र और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

28 फरवरी को पीएम पहले महाराजगंज जिले के फरेंदा, पनियरा, नौतनवा, सिसवां और महाराजगंज विधानसभाओं की संयुक्त रैली को संबोधित करेंगे। रैली अंबेडकर डिग्री कॉलेज महाराजगंज में होगी। इसके बाद पीएम बलिया के हैबतपुर में होने वाली सभा में जिले की बेलथरारोड, रसड़ा, सिकंदरपुर, फेफना, बलिया, बांसडीह और बैरिया की संयुक्त रैली में बोलेंगे। जहां कोविड गाइडलाइंस का पालन करते हुए लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। पीएम के सभी कार्यक्रमों का प्रसारण सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी किया जाएगा। प्रदेश भर से कार्यकर्ता और आमजन भी उन्हें विभिन्न माध्यमों से सुन सकेंगे।

## घरेलू विवाद में महिला ने खाया जहर, हालत गंभीर

बढ़ापुर। थाना क्षेत्र के ग्राम में विवाहिता महिला ने गृह कलह के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार ग्राम चकउदयचंद में नूरजहां नामक एक महिला का अपने पति से विवाद हो गया था। जिसके चलते विवाहिता ने अपने मौसेरे ससुर के यहां पहुंच गयी। पति भी पत्नी से लडाई झगडा करने वहां पहुंच गया। जिससे आजिज आकर महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने की कोशिश की परंतु समय रहते महिला के ससुराल वाले उसे उपचार के लिये कोतवाली के एक निजी अस्पताल ले गये। पडोसियों के अनुसार विवाहित महिला की हालत चिंताजनक है तथा चिकित्सक द्वारा अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया। विवाहिता जीवन और मौत के बीच झूल रही है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली है। यदि कोई सूचना मिलती है तो कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# यूक्रेन में फंसे बच्चों के परिजनों की सांसे अटकीं

शेरकोट, प्रात : किरण संवाददाता

रूस द्वारा किये जा रहे हमलों के बीच यूक्रेन में फंसे स्थानीय आधा दर्जन बच्चों के परिजन चिंतित और परेशान हैं तथा उनके घरों पर खैर खबर लेने वालों का तांता लगा नजर आ रहा है। गौरतलब है कि नगर से एमबीबीएस करने के लिये छः बच्चे यूक्रेन गुए हुए हैं बृहस्पतिवार को रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला किये जाने का पता लगते ही सभी के परिजन परेशान हे उठे थे। हालांकि सभी परिजनों द्वारा अपने बच्चों को वापस बुलाने के लिये प्रयास किये जा रहे थे परंतु अचानक हालत बिगडने और फ्लाईट बंद हो जाने के बाद उनकी परेशानी बढ गयी। सभी परिजनों का कहना है कि उनका अपने बच्चों से बरामद मोबाइल पर संपर्क बना हुआ है वे सभी सकुशल हैं परंतु भयभीत हैं और अपने कमरों में बंद हैं। सभी परिजन अपने बच्चों के सकुशल आने की दुआयें कर रहे हैं।

## यूक्रेन में बेटे के फंसे होने से चितिंत हैं राकेश

रेहड़। रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला कर देने से वहां फंसे भारतीय नागरिकों विशेषकर मेडिकल छात्रों की सुरक्षा को लेकर उनके अभिभावक बहुत चिंतित हैं। क्षेत्र के कर्ड मेडिकल छात्र फिलहाल यूक्रेन में फंसे हुए हैं। जिनकी सलामती को लेकर उनके परिजन इश्वर अल्लाह से दुआ प्रार्थना में लगे हुए हैं। इसी क्रम में अमानगढ वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रेंजर राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि उनका पुत्र शिवम शर्मा भी लविव नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी यूक्रेन में एमबीबीएस की पढाई कर रहा है और चतुर्थ वर्ष में हैं। वह यूक्रेन के लविव शहर में है। राकेश शर्मा का कहना है कि हालात को देखते हुए वह भी घर आने की तैयारी कर रहा था और यदि हमला और दो दिन न होता तो अब तक उसकी वापसी हो जाती।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित भवन का उद्घघाटन तथा पौधारोपण

शाहजहांपुर




एस आनन्द पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा पुलिसकर्मियों की सुविधाओं को लेकर नये नये आवास, बैरक आदि का निर्माण कार्य कराये जाने के साथ साथ अन्य वेलफेयर कार्य किये जा रहे है इसके चलते पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशन व संजीव कुमार के पर्यवेक्षण मे जनसहयोग से थाना खुटार पर निवनिर्मित थानाध्यक्ष आवास भवन का निर्माण तथा थाना खुटार पर मैस एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय पुवायां का जीर्णोद्धार/सौंदर्यीकरण कराया गया जिसका 26.03.22 को पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा विधिवत पूजन हवन करने के उपरांत फीता काटकर उद्घघाटन किया गया ।तदोपरांत पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय पुवायां प्रांगण मे पौधारोपण किया गया तथा क्षेत्राधिकारी कार्यालय पुवायां प्रांगण मे क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के साथ गोष्ठी कर समस्याओ को सुना एवं जनता का सहयोग हेतु उनका धन्यवाद दिया । इस दौरान संजीव कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ,बीएस वीर कुमार, क्षेत्राधिकारी पुवायां, थानाध्यक्ष खुटार धन्नजय सिंह एवं क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे। इससे पूर्व भी पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर द्वारा पुलिसकर्मियों/पुलिस परिवार की सुविधा हेतु आदर्श बैरक, कैण्टीन, पुलिस कैफे, सरकारी आवासो व पुलिस लाइन का जीर्णोद्धार/सौदर्यीकरण कराया गया है।

## खंड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण



शाहजहांपुर। तहसील कलान ग्राम पचायत नयागांव गणेशपुर चौकिया बमोरा कुंडरिया सहित आदि ग्राम पंचायतों में कलान खंड विकास अधिकारी रामकिशोर सिंह ने ग्राम पंचायतों में निरीक्षण किया इस दौरान ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण भी किया, जिसे सरकार द्वारा बनवाया गया हैं। सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय की बिल्डिंग सरकार द्वारा बनाई गई हैं, हर ग्राम पंचायत के ग्रामीण सामुदायिक शौचालय में शौच के लिए हर एक ग्रामीण का अधिकार है। सरकार ने हर ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय बनाया और साथ में कलान ब्लाक से संजय कुमार इटट मिशन मैनेजर कलान ने भी सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया जिस पर शौचालय की साफ-सफाई पर नजर डाली ग्राम पंचायत चौकिया में सामुदायिक शौचालय पर लगी केयरटेकर महिला का कार्य देखकर खंड विकास अधिकारी ने साफ सफाई की जानकारी ली और साफ सफाई को देखकर केयरटेकर महिला की प्रशंसा की साथ ही साथ प्राथमिक विद्यालय चौकिया मे जाकर विद्यालय के अध्यापकों से शिक्षा के बारे में जानकारी ली।

# मुस्लिम फंड व हिमालयन कन्स्ट्रक्शन व्यापार मंडल एंव नागरिक एकता मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का शुभारंभ

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता




मुस्लिम फण्ड नजीबाबाद हिमालयन कन्स्ट्रक्शन व्यापार मंडल एंव नागरिक एकता मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 16वें कांवड़ती शिविर का शुभारंभ पूर्व मंत्री राजा भारतेन्द्र चेयरपर्सन पति पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड. एंव काजी आईएच जकी ने फीता काटकर किया। राजा भारतेन्द्र ने शिवभक्तों की सेवा करने पर मुस्लिम फण्ड के एमडी एंव अन्य सहयोगियों के प्रयास को सराहा। शुक्रवार को हरिद्वार मार्ग पर होटल इन्द्रलोक के बाहर तीन दिवसीय कांवड़ती शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में शिवभक्तों के ठहरने चिकित्सा जलपान एंव टेलीफोन की निःशुल्क सुविधा दी जाएगी। महताब खां चांद के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में राजा भारतेन्द्र ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा को मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड. ने कहा किइस प्रकार के शिविरों से आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है साथ ही नगर की गंगा जमुनी तहजीब भी बरकरार रहती है। मुस्लिम फण्ड के एमडी काजी आईएच जकी ने संस्था द्वारा किये जा रहे समाजसेवा के कार्यो के सम्बधं में विस्तार से बताया। प्रेमधाम आश्रम के प्रबंधक फादर शिब ने मुस्लिम फण्ड द्वारा किये जा रहे।

सेवाभाव के कार्यो की सराहना की। कार्यक्रम में डा. एन बानो, कपिल सर्राफ, जीएच बिलाल, इंजीनियर मौअज्जम अहमद खान, युवा समाजसेवी शहबाज खान, हाजी हबीबुर्रहमान, नईम अहमद, ड. सुलेमान, नसीम आलम एड. डा. शहजाद अनवर, प्रदीप डेजी, आशा रजा, अंबर रजा, राजेश मिश्रा राजू, नईम खा, इरशाद शेख, विजय अग्रवाल, अरूण रंधर, मुकीम कुरैशी, वसीम बख्श आदि मौजूद रहे। एजाज अहमद, मौ. जाकिर, मौ. कासिम, वसीम अहमद आदि शिवभक्तों की सेवा में लगे हुए थे।

## 20 फीसदी छात्रों ने कक्षा नौ में नहीं लिया प्रवेश

लखनऊ। कक्षा आठ पास करने वाले लगभग 20 फीसदी छात्रों ने कक्षा नौ में प्रवेश नहीं लिया है। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस पर चिंता जताई है और एक अप्रैल से शुरू हो रहे नए सत्र में ऐसे बच्चों का प्रवेश कक्षा नौ में करवाने के निर्देश दिए हैं। यह डाटा वर्ष 2020-21 का है। निदेशक सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह ने आदेश जारी किए हैं कि कक्षा पांच पास विद्यार्थियों का प्रवेश कक्षा छह और कक्षा आठ पास विद्यार्थियों का प्रवेश कक्षा नौ में करवाया जाए। इसके लिए अभिभावकों से संपर्क किया जाए और अनुपस्थित बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जाए। वर्ष 2019-20 में कक्षा आठ में 3684475 बच्चे पंजीकृत थे, लेकिन 2020-21 के नए सत्र में कक्षा नौ में केवल 2958889 बच्चे ही पहुंचे यानी 725586 बच्चे कक्षा नौ तक पहुंचे ही नहीं। जानकारी के अनुसार लड़कों के मुकाबले लड़कियां पढ़ाई ज्यादा छोड़ती हैं। कक्षा नौ में जहां 85.66 फीसदी लड़के पहुंचते हैं वहीं 74.63 प्रतिशत लड़कियां ही अगली कक्षा में पहुंची हैं।

# बढ़ापुर की लापता तीनों छात्राएं सकुशल बरामद

बढ़ापुर, प्रात : किरण संवाददाता

तीन दिन पूर्व घर से कालेज जाने के बाद लापता हुई तीनों नाबालिग छात्राओं को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। शुक्रवार को बरामद छात्रा का कहना है कि वह तीनों परिजनों से नाराज होकर अपने दम पर गुजर बसर करने के लिये दिल्ली नौकरी की तलाश में गयी थीं। गौरतलब है कि नगर के एक ही मौहल्ला निवासी स्थानीय राजकीय बालिका इंटर कालेज की पढने वाली तीन छात्रायें गुरूवार को घर से कालेज गयी थीं जहां से वह तीनों लापता हो गयी थीं। तमाम खोजबीन के बाद भी जब उनका कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो शुक्रवार को परिजनों ने उनकी गुमशुदगी दर्ज करायी थी। गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए छात्राओं की लोकेशन जानने के लिये जांच पडताल की तो तीनों छात्रायें नगीना स्थित एक मोबाइल फोन रिपेयरिंग की दुकान पर सीसीटीवी फुटेज में मोंबाइल फोन ठीक कराती हुई दिखायी दीं। इसके बाद बिजनौर रोड स्थित रेलवे फाटक के पास सीसीटीवी फुटेज में तीन छात्राएं बिजनौर की ओर जाती हुई रोडवेज बस में चढाते हुए दिखायी दीं। बताया जाता है कि लापता छात्राओं में से एक छात्रा शुक्रवार को दिल्ली में कश्मीरी गेट के पास खडी हुई रो रही थी। बस कंडक्टर से हैल्प लेने पर उसने पूरी कहानी बतायी तो कडंक्टर ने उसे बिजनौर थाने लाकर छोड दिया जहां से बढापुर पुलिस बरामद हुई कक्षा 8 की छात्रा ओर उनके परिजनों को साथ लेकर शेष दोनों लापता छात्राओं की तलाश से दिल्ली गयीं। बताया जाता है कि पुलिस बरामद छात्रा को लेकर दिल्ली पहुंची और वहां से दोनों छात्राओं को भी बरामद कर शनिवार को दिल्ली से बढापुर के लिये रवाना हो गयीं। वह किन कारणों से घर छोडकर गयीं इसकी पूरी जानकारी छात्राओं से पूछताछ करने के बाद ही पता लग पायेगी।

## आयुष विभाग द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार लुबाबा को

लखनऊ । सिटी मान्टेसरी स्कूल चौक कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र शेख मोहम्मद लुबाबा ने अन्तर-विद्यालयी योग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्कूल के इस प्रतिभाशाली छात्र को प्रशस्ति पत्र एवं इक्कीस सौ रुपये के नगद पुरस्कार से नवाजा गया। स्कूल के संस्थापक डा. जगदीश गांधी ने विद्यालय के इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी छात्रों को योग करने की सलाह दी है। यह जानकारी स्कूल के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने दमखम का प्रदर्शन किया, तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच स्कूल के इस होनहार छात्र ने विभिन्न योगासनों, यौगिक क्रियाओं एवं शारीरिक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार अर्जित किया।

# अयोध्या जा के भी रामलला के दर्शन क्यों नहीं करते अखिलेश : ठाकुर

लखनऊ, एजेंसी



केन्द्रीय मंत्री और भाजपा उत्तर प्रदेश चुनाव के सह प्रभारी अनुराग ठाकुर ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया और उनकी पत्नी डिम्पल यादव के अनाब-शनाब बयानों पर तीखी प्रतिक्रया व्यक्त की। उन्होंने अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि अगर अखिलेश जी के मन में इतना ही राम प्रेम है तो पहले वो माफी मांगें रामभक्तों पर गोली चलाने के लिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आखिर गोली क्यों चलाई रामभक्तों पर। जिन्होंने राम भक्तों को भूना कर दो इनका ईवीएम सूना। मैं तो कहता हूं जनता से , ये इतने ही रामभक्त हैं तो कल दर्शन करने क्यों नहीं गये। किसने रोका था इनको। उन्होंने कहा कि आखिर अभी तक राम लला के दर्शन करने अखिलेश क्यों नहीं गये। अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब देते हुए समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये बड़े सवाल खड़े होते हैं कि अहमदाबाद बम धमाकों के आतंकी के समर्थन में खड़े हो जाते हैं। उनके पिता, परिवार को घर पर बुलाकर बिरयानी खिलाते हैं। जो लोग दाउद जैसे व्यक्ति से जमीन खरीदते हैं उनके समर्थन में अखिलेश खड़े हो जाते हैं। जहरीली शराब बेचने वाले रंगेश और अखिलेश का खेल देश के सामने नजर आने लगता है। जेल और बेल वाले इनके टिकटार्थी के रूप में इनकी सूची में नजर आते हैं। तो साफ नजर आता है कि भगवा विरोधी कैसे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव का बयान आपने देखा ही है। भगवा का विरोध करना इनको भारी पड़ेगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये लोग अनाब-शनाब बयान देते हैं। डिम्पल यादव आकर कहती हैं कि 18 हजार रुपये महीना पेंशन देंगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश बताएं देंगे 18000 रुपये महीना पेंशन। 300 रुपये महीना पेंशन देते थे ये लोग 18 हजार कहां से देंगे।

# शिव भक्तों के वास्ते खाली कर दो रास्ते, बम भोले के जयघोषों से नगर का वातावरण पूरी तरह हुआ शिवमय

नजीबाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



शिव भक्तों के वास्ते खाली कर दो रास्ते, बम बम भोले के जयघोषों से नगर का वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया है। स्वंभू मोटामहादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के बाद बड़ी संख्या में शिवभक्त अपने अपने गंतव्यों को प्रस्थान कर रहें है। शुक्रवार को हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौट रहे शिव भक्तों के समूह मोटामहादेव प्राचीन मंदिर में प्रथम जलाभिषेक कर अपने अपने गंतव्यों को लौट रहे है। शिव भक्तों के आवागमन से नगर क्षेत्र का वातावरण बम बम भोले, भोले के वास्ते खाली कर दो रास्ते आदि के जयकारों से गूंजकर पूरी तरह शिवमय बना हुआ है। दूरदराज के शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे है और प्रथम पड़ाव स्वंभू मोटा महादेव मंदिर पर कर रहे है। मंदिर परिसर में शिवभक्तों का तांता लगने लगा है। हरिद्वार मार्ग से होकर शिवभक्त नगर से होते हुए गुजर रहे है जिससे नगर का वातावरण शिवमय बना हुआ है। गंगा जल लेकर लौट रहे शिवभक्तो में जहां पुरूष है वहीं महिलाएं और बच्चे भी शामिल है। आस्था के आगे शिवभक्तो के कदम जरा डगमगा नहीं रहें है। शिवभक्तो के लिए जगह जगह शिविर लगाए गये है। सुरक्षा की दुष्टि से जगह-जगह पुलिस कर्मी तैनात है। सीओ गजेन्द्र सिंह पाल, कोतवाल दिनेश कुमार गौड़ सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्र में लगातार गश्त कर रहें है। मोटा महादेव स्वंभू प्राचीन मंदिर पर शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। महाशिवरात्रि के चलते सभी प्राचीन शिव मंदिरों को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है।

## 22 साल बाद रूस पहुंचने वाले पाकिस्तानी पीएम इमरान

पिछले दिनों ओलम्पिक खेलों के उदघाटन के अवसर पर पुतिन के साथ-साथ इमरान भी पेइचिंग गए थे। अब इमरान उस समय मास्को पहुंच रहे हैं, जबकि पुतिन ने यूक्रेन के तीन टुकड़े कर दिए हैं। मास्को पहुंचने वाले वे पहले मेहमान हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान रूस पहुंच गए हैं। लगभग 22 साल पहले प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बाद किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की यह पहली मास्को-यात्रा है। इमरान और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ऐसे संकट के समय इस भेंट पर लोगों को बहुत आश्चर्य हो रहा है, क्योंकि पाकिस्तान कई दशकों तक उस समय अमेरिका का दुमछल्ला बना हुआ था, जब अमेरिका और सोवियत संघ का शीतयुद्ध चल रहा था।

सोवियत संघ के बिखराव के बाद जब अमेरिका और रूस के बीच का तनाव थोड़ा घटा था, तब पाकिस्तान ने रूस के साथ संबंध बनाने की कोशिश की थी। वरना अफगानिस्तान में चल रही बबरक कारमल की सरकार के विरुद्ध मुजाहिदीन की पीठ ठोककर पाकिस्तान तो अमेरिकी मोहरे की तरह काम कर रहा था। उन्हीं दिनों अमेरिका अपने संबंध चीन के साथ भी नए ढंग से परिभाषित कर रहा था। इसी का फायदा पाकिस्तान ने उठाया। वह भारत के प्रतिद्वंदी चीन के साथ तो कई वर्षों से जुड़ा ही हुआ था। उसने कश्मीर की हजारों मील जमीन भी चीन को सौंप रखी थी। अब जबकि चीन और रूस के संबंध घनिष्ट हो गए तो उसका फायदा उठाने में पाकिस्तान पूरी मुस्तैदी दिखा रहा है।

पिछले दिनों ओलम्पिक खेलों के उदघाटन के अवसर पर पुतिन के साथ-साथ इमरान भी पेइचिंग गए थे। अब इमरान उस समय मास्को पहुंच रहे हैं, जबकि पुतिन ने यूक्रेन के तीन टुकड़े कर दिए हैं। मास्को पहुंचने वाले वे पहले मेहमान हैं। उन्होंने एक रूसी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा है कि उनका यूक्रेन-विवाद से कुछ लेना-देना नहीं है। वे सिर्फ रूस-पाकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे।

मुझे ऐसा लगता है कि यूक्रेन के सवाल पर भारत की तरह तटस्थता का ही रूख अपनाएंगे या घुमा-फिराकर कई अर्थों वाले बयान देंगे। वे रूस को नाराज करने की हिम्मत नहीं कर सकते। वे चाहते हैं कि रूस 2.5 बिलियन डॉलर लगाकर कराची से कसूर तक की गैस पाइपलाइन बनवा दे। मास्को की मन्शा है कि तुर्कमानिस्तान से भारत तक 1800 किमी की गैस पाइपलाइन बन जाए। रूस चाहता है कि वह पाकिस्तान को अपने हथियार भी बेचे।

अफगानिस्तान से अमेरिकी वापसी के मामले में भी रूस और पाकिस्तान का रवैया एक-जैसा रहा है। रूस का तालिबान के प्रति भी नरम रवैया रहा है। ओबामा-काल में ओसामा बिन लादेन की हत्या से पाक-अमेरिकी दूरी बढ़ गई थी। रूस ने उन दिनों पाकिस्तान को कुछ हथियार और हेलिकॉप्टर भी बेचे थे और दोनों राष्ट्रों की फौजों ने संयुक्त अभ्यास भी किया था। अब देखना है कि इमरान-पुतिन भेंट पर भारत और अमेरिका की प्रतिक्रिया क्या होती है? हम यहां यह न भूलें कि 1965 के युद्ध के बाद भारत-पाक ताशकंद समझौता रूस ने ही करवाया था।

## हिजाब, हंगामा और शिक्षण संस्थान, आखिर हर जगह राजनीति क्यों?

सोनम लववंशी

उर्दू के मशहूर शायर मजाज लखनबी ने क्या खूब कहा है कि, तेरे माथे पे यह आचंल बहुत खूब है लेकिन तू इस आचंल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था। लेकिन वो कहते है ना कि लड़कियों के दुःख अजब होते हैं, सुख उससे अजब। हँस रही है और काजल भीगता है साथ साथ...! वर्तमान दौर में महिलाओं की स्थिति कुछ इसी तरह की है। महिलाओं के लिए अक़्सर समता समानता की बात होती है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा सम्भव है शायद नहीं...! महिला और पुरुष ईश्वर की एक अनुपम संरचना है। जिसमें महिलाओं को पुरुषों से श्रेष्ठ दैवीय वरदान ईश्वर ने दिए है। स्त्री का कोमल मन माँ बनकर एक नये जीवन का सृजन करना, ये ऐसे वरदान है जो हर परिस्थिति में एक महिला को पुरुष से पृथक करते है। लेकिन यहाँ मुद्दा यह नहीं है कि महिला पुरुष में श्रेष्ठ कौन है? यहां चर्चा समता और समानता की भी नहीं हो रही है। बल्कि वर्तमान दौर में महिलाओं के नाम पर एक अलग ही राजनीति इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। यूं तो महिलाओं को मुद्दा बनाकर राजनीति करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन अफसोस की महिलाएं खुद इस जंग में मोहरा बनने को बेताब हुए जा रही है। एक तरफ इंसान चांद और मंगल पर जीवन की संभावनाएं तलाश रहा है लेकिन दूसरी तरह महिलाओं के कपड़ों के नाम पर राजनीति होना विकृत मानसिकता को प्रदर्शित करता है। क्या कपड़े किसी के व्यक्तित्व की पहचान हो सकते है, बेशक नहीं। लेकिन फिर भी देश में इन दिनों एक धर्म विशेष की महिलाओं के कपड़ों के नाम पर राजनीति का बाजार गर्म हुए जा रहा है। जिसकी आग कर्नाटक के शिक्षण संस्थानों से देश भर में फैलती जा रही है।

ये सच है कि आज भी देश में महिलाओं को पुरुषों के समान शिक्षा नहीं दी जाती है। खासकर मुस्लिम महिलाओं की बात करें तो उनकी स्थिति तो और बुरी है। ऐसे में कपड़ों के नाम पर शिक्षण संस्थानों में राजनीति करना कहाँ तक उचित है? क्या पहनावा शिक्षा से बढ़कर हो गया है? वैसे देखा जाए तो धर्म कोई भी हो, लेकिन उसके रीति रिवाजों का पालन करने की जिम्मेदारी महिलाओं की ही होती है। पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं को ही मयार्दा की शिक्षा दी जाती है। लक्ष्मण रेखा भी उन्हीं के लिए खींची जाती है। ऐसे में अगर महिलाएं उस सीमा को लांघने का प्रयास करें तो उसके चरित्र पर उंगलियां उठा दी जाती है। यही वजह है कि महिलाएं अक़्सर अपने खिलाफ हो रहे अन्याय का विरोध तक नहीं कर पाती है। वही इन दिनों राजनीति में नया ही प्रयोग शुरू हो गया है। जहां महिलाओं को मोहरा बनाकर देश में अशांति फैलाई जाती है। यहां बात महिलाओं के हक या अधिकार की नहीं है, बल्कि महिलाओं को आगे करके किस तरह वैश्विक पटल पर देश को बदनाम करने का खेल रचा जाता है। इससे हर कोई वाकिफ है।

यह बात समझ से परे है कि आखिर शिक्षण संस्थानों को राजनीति का अखाड़ा क्यों बनाया जा रहा है? यह पहला मामला नहीं है जब शिक्षण संस्थानों में राजनीति का रंग परवान चढ़ा है। देश के एक प्रतिष्ठित कॉलेज मंल ही राजनीति का नँगा नाच किया गया और विडंबना देखिए कि देश के बड़े राजनीतिक दल ने उसका समर्थन तक किया। आज एक बार फिर शिक्षण संस्थानों में हिजाब को लेकर राजनीति हो रही है। देश को हिन्दू मुस्लिम में बांटने का प्रयत्न किया जा रहा है। ऐसे में कहीं यह तो नहीं कि महिलाओं को शिक्षा से दूर रखने की साजिश की जा रही हो। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि आज भी देश में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं अपने अधिकारों से वंचित है। हमारे ही देश में पुरुषों का एक वर्ग ऐसा भी है जो महिलाओं को चार दिवारी में कैद रखने की वकालत करता है। वह किसी कीमत पर नहीं चाहता कि महिलाओं को समान अधिकार मिले, क्योंकि अगर ऐसा होता है तो उनकी सत्ता छीन जाने का भय बना रहेगा। वह चाहते है कि महिलाएं कमजोर बनी रहे। जिस पर वह अपनी हुकूमत चला सके। ऐसे में उल्लेखनीय बात यह है कि महिलाओं को इन सबको समझना होगा। तभी उनका सर्वांगीण विकास सम्भव हो पाएगा।

वैसे हमारे देश में महिलाओं को सदैव बड़ों का सम्मान करने की सीख दी जाती रही है। पर इसके लिए क्या घूंघट या हिजाब में रहना जरूरी है। डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि पर्दा प्रथा की वजह से मुस्लिम महिलाओं में दासता और हीनता की मनोवृत्ति बनी रहती है। पर्दाप्रथा के कारण मुस्लिम महिलाओं के मानसिक व नैतिक विकास में अवरोध उत्पन्न होता है। यह सब जानने समझने के बाद भी मुस्लिम महिलाओं का हिजाब को लेकर शिक्षण संस्थानों में विरोध प्रदर्शन करना महज राजनीति से प्रेरित लगता है।

# आखिर कब चेतेगा बिहार

**शिक्षा, लिंगानुपात, मद्यपान निषेध, रोजगार में महिलाओं को आरक्षण जैसे कुछ सकारात्मक सूचकांक के जरिए सुशासन की सीढ़ियां चढ़ने की कोशिशें तो इस राज्य ने खूब की, पर अपनी संकीर्ण, रूढ़िवादी और तालिबानी सोच से पर न पा सका। प्रगतिशील छवि वाले इस प्रांत में सुशासन के स्तर पर कई झोल है। मौजूदा घटनाएं इस बात की तस्दीक करती है कि बीमारु राज्य की छवि से उबर रहे इस राज्य की महिलाओं ने संकीर्णता, रूढ़िवादिता और जर्जर सोच के चलते बहुत कुछ खोया है। जाहिर है वैश्विक भौगोलिक मानचित्र पर एक प्रगतिशील, समतामूलक और आधुनिक छवि वाले सूबे के रूप में अपनी स्थिति बनाएं रखने में इसे कई और दशकों की यात्रा करनी है। हाल की ऐसी कई घटनाएं है जिन पर संजीदगी से पड़ताल जरूरी है।**





**डॉ. दर्शनी प्रिय**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

हाल में घटी कुछ छिटपुट घटनाओं ने बिहार के चेहरे पर एक बार फिर बदनुमा दाग लगाया है। दुनियाभर में अस्तमिताई लड़ाई लड़ने वाले बिहारियों को इससे गहरा धक्का लगा है। शिक्षा, लिंगानुपात, मद्यपान निषेध, रोजगार में महिलाओ को आरक्षण जैसे कुछ सकारात्मक सूचकांक के जरिए सुशासन की सीढ़ियां चढ़ने की कोशिशें तो इस राज्य ने खूब की पर अपनी संकीर्ण, रूढ़िवादी और तालिबानी सोच से पर न पा सका। प्रगतिशील छवि वाले इस प्रांत में सुशासन के स्तर पर कई झोल है। मौजूदा घटनाएं इस बात की तस्दीक करती है कि बीमारु राज्य की छवि से उबर रहे इस राज्य की महिलाओं ने संकीर्णता, रूढ़िवादिता और जर्जर सोच के चलते बहुत कुछ खोया है। जाहिर है वैश्विक भौगोलिक मानचित्र पर एक प्रगतिशील, समतामूलक और आधुनिक छवि वाले सूबे के रूप में अपनी स्थिति बनाएं रखने में इसे कई और दशकों की यात्रा करनी है। हाल की ऐसी कई घटनाएं है जिन पर संजीदगी से पड़ताल जरूरी है। मसलन गया के बेलागढ़ की ताजा घटना जिसमें बिहार पुलिस का बर्बर चेहरा सामने आया है। यहां बालू माफियाओं को मदद पहुंचाने के आरोप में 13 वर्षीय नाबालिक बच्ची सहित छह महिलाओं को हाथ पैर बांध कर घंटो बंधक स्थिति में रखा गया। तलाशी के नाम पर न केवल विकलांगो, बुजुर्गों बल्कि महिलाओं की भी बेरहमी से पीटा गया। दूसरी घटना नवादा जिले के गोरियाडीह गांव की है। जहां एक स्थानीय महिला की डायन होने के आरोप में बेरहमी से हत्या कर दी गई। पहले तो उसके साथ मारपीट की गई फिर पेट्रोल और केरोसिन तेल डालकर उसे आग लगा दिया गया। आग से बचने के लिए तलाब में कूदी महिला को फिर भी बख्शा नहीं गया और पत्थर से कुचल कर उसकी जान ले ली गई। तीसरी घटना दरभंगा की है जहां एक महिला पर चरित्रहीन होने का आरोप लगाते हुए उसका सिर मुंडवा कर उसके चेहरे पर कालिख और चूना लगाकर पूरे गांव में घुमाया गया और उसके साथ गाली गलौज किया गाय। हैरानी है की ये तालिबानी फरमान गांव के पंचायत की ओर से जारी किया गया था। उपरोक्त घटनाओं को सामान्य या प्रायः घटित होने वाली घटना के नाम पर नजरदाज नहीं किया जा सकता। किसी में देश या राज्य के मूल चरित्र को समझने के लिए वहां स्त्रियों की आर्थिक, सामाजिक और व्यावहारिक स्थितियों का बुनियादी आंकलन अत्यावश्यक है। फैमिली हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट के अनुसार राज्य में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार के आंकड़ों मंक भारी बढ़ोतरी हुई है। यहां 18 से 49 उम्र वर्ग की तकरीबन चालीस प्रतिशत महिलायें मानसिक और शारीरिक हिंसा की शिकार है। शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रतिशत कहीं अधिक है। एनसीआरबी के आंकड़े भी कानून व्यवस्था की खस्ता हालत बयां कर रहे है। पिछले साल घटित दुष्कर्म की घटनायें ये बताती है की यहां हर महीने लगभग 101 महिलायें बलात्कार की शिकार हुई है। 2019 के आंकड़े हत्या की कुल 3138 और बलात्कार के लगभग 1450 मामलो की पुष्टि करते है। इसमें कोई दो राय नहीं कि मामला सामने आने पर पुलिस की फौरी कार्रवाई और मीडिया का सशक्त दस्तक अपराधियों को आड़े हाथों लेता है। लेकिन केवल इतने मात्र से काम चलने वाला नहीं। कानून अपना काम करता रहेगा। लेकिन समाज में इन अपराधों की शिकार महिलाओं की पीड़ा क्या इससे कम हो जायेगी। भारत में डायन बताकर महिलाओं की हत्या का सिलसिला सदियों से चला आ रहा है। अंधविश्वास के चलते यह प्रथा खत्म नहीं हो रही। इज्जत के नाम पर की जाने वाली हत्याएं, दहेज के लिए बहुओं को गैस स्टोव से जलाने की घटनाएं,कन्या भ्रूण हत्या,और महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ जैसी घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के चहेरे पर कालिख की मानिंद है। अक्सर इन्हें गैर जरूरी समझकर ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। ऐसे मामलों में महिलाएं ही सबसे बड़ी भुक्तभोगी बनती है। राज्य महिला आयोग और महिला समाज कल्याण जैसी संस्थाएं भी मूक बधिर बन कर तमाशा देखती है। अक्सर उनके दरवाजे पर गुहार की दस्तक बेआवाज हो जाती है। सूबे में बेटी बढ़ाओ और बेटी पढ़ाओ,हर हाथ कलम और हर हाथ साइकिल जैसे हजारों ऐसे नारे है जिससे सुशासन की शान में कसीदे पढ़े जाते है। पर हालिया घटी घटनाएं किसी भी सुरतेहाल में इसकी तस्दीक करती नजर नहीं आती। ऐसे में गरीबी, निरक्षरता, लैंगिक भेदभाव के खिलाफ बने कानूनों का सख्ती से पालन होना न केवल जरूरी अपितु अपरिहार्य भी है। हैरानी होती है की चांद पर कदम रखने से लेकर मंगल तक पानी तलाशने की कवायद करने वाला देश अब भी डायन प्रथा, ऑनर किलिंग और तालिबानी फरमान जैसे कुचक्रों में फंसकर अपनी बेशकीमती स्त्री संपदा खो रहा है। रूढ़िवादिता और संकीर्णता ने हमारे विचारों को कितना खोखला किया है इसकी तस्दीक मौजूदा घटनाएं बखूबी करती है। दुनियां भर में फैले बिहारी पूरे प्राण प्रण से अपनी अस्मिता को नया कलेवर देने में जुटे है। उनकी हिम्मत, जज्बे और मेहनत ने पूरी दुनियां को उन्हें स्वीकारने पर मजबूर किया है। तमाम विरोधाभाषों, प्रतिकूलताओं और विकटताओं के उन्होंने अपने लिए एक पुख्ता जमीन तैयार की है। और सबसे बड़ी बात उनके श्रम, संबल और संजीदगी ने परप्रदेशों में उनके बिहारीपन की कथित छवि को भी सिरे से नकारा है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं उनके प्रयासों को धूमिल कर सकती है।गाढ़े परिश्रम से खड़ी उनकी अस्मिताई इमारत धराशाई हो सकती है। दूर देशों और प्रदेशों में बिहार की महक फैला रहे जन शक्ति की मेहनत बेकार न जाए इसका ध्यान रखना होगा। हमने कड़ी दर कड़ी पसीने की बूंद से एक लंबी उत्पादक श्रृंखला खड़ी की है ये कड़ियां टूटने न पाएं। सूबे के आकाओं को इसका विशेष ध्यान रखना होगा। आधी आबादी किसी भी देश या प्रांत की सबसे बड़ी पूंजी है उनका मयार्दा बनी रहनी चाहिए तभी देश फलित होगा। भारत की पावन भूमि पर स्त्रियों के पूजन की अवार्चीन परंपरा रही है। उसकी लोक लज्जा मिटने न पाए और वो गौरवान्वित हो देश के सर्वोन्मुखी विकास में अपना योगदान दे इसे सुनिश्चित करना होगा। क्योंकि स्त्रियों के अपमान की इबारत पर कोई भी देश अपना स्वर्णिम इतिहास नहीं लिख सकता।

# गोवा की आजादी : क्या देरी के लिए नेहरू जिम्मेदार थे?

**स्वाधीनता से लेकर सन 2014 तक कांग्रेस 49 वर्ष केन्द्र में सत्ता में रही। कई दूसरी सरकारें भी इस बीच सत्तासीन हुईं जिनमें इन्द्र कुमार गुजराल और देवेगौड़ा की सरकारों के अलावा अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार भी थीं। अत : यह कहना तथ्यों के विपरीत है कि कांग्रेस ने 60 वर्षों तक देश पर राज किया है। संभवत : भाजपा नेताओं ने ऐसा इसलिए कहा होगा क्योंकि 60 वर्ष और 60 महीने की तुकबंदी है। पिछले 7-8 सालों के मोदी-भाजपा शासन में सामाजिक विकास के सभी सूचकांकों में गिरावट आई है। नोटबंदी से देश में हाहाकार मचा और जीएसटी ने छोटे व्यापारियों को बबादी की कगार पर ला खड़ा किया। कोरोना के प्रसार को नियंत्रित करने के नाम पर जो भयावह लॉकडाउन देश में लगाया गया उससे लाखों लोग अपनी आजीविका खो बैठे। विकास का कहीं दूर-दूर तक पता नहीं है और युवा दु :खी व आक्रोशित हैं**



**राम पुनियानी**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**



सन 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मोदी-भाजपा जो बातें कहते थे उनमें से एक यह भी थी कि जनता ने कांग्रेस को 60 साल सत्ता में रखा। अब जनता हमें 60 महीने दे और फिर देखे कि हम देश को किस तीव्र गति से विकास पथ पर अग्रसर करते हैं। स्वाधीनता से लेकर सन् 2014 तक कांग्रेस 49 वर्ष केन्द्र में सत्ता में रही। कई दूसरी सरकारें भी इस बीच सत्तासीन हुईं जिनमें इन्द्र कुमार गुजराल और देवेगौड़ा की सरकारों के अलावा अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार भी थीं। अतः यह कहना तथ्यों के विपरीत है कि कांग्रेस ने 60 वर्षों तक देश पर राज किया है। संभवतः भाजपा नेताओं ने ऐसा इसलिए कहा होगा क्योंकि 60 वर्ष और 60 महीने की तुकबंदी है। पिछले 7-8 सालों के मोदी-भाजपा शासन में सामाजिक विकास के सभी सूचकांकों में गिरावट आई है। नोटबंदी से देश में हाहाकार मचा और जीएसटी ने छोटे व्यापारियों को बबादी की कगार पर ला खड़ा किया। कोरोना के प्रसार को नियंत्रित करने के नाम पर जो भयावह लॉकडाउन देश में लगाया गया उससे लाखों लोग अपनी आजीविका खो बैठे। विकास का कहीं दूर-दूर तक पता नहीं है और युवा दुःखी व आक्रोशित हैं क्योंकि उनके हिस्से में बेरोजगारी के सिवाए कुछ नहीं आया है। प्रजातांत्रिक अधिकारों, अभिव्यक्ति की आजादी, धार्मिक स्वातंत्रता, पोषण, स्वास्थ्य आदि जैसे विषयों से संबद्ध सूचकांकों में जबरदस्त गिरावट आई है। चुनाव आयोग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) एवं केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) सरकार के हाथ की कठपुतली बन गए हैं। न्यायपालिका की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह लगने लगे थे परंतु पिछले कुछ समय से उसमें सुधार परिलक्षित हो रहा है। इन विकट परिस्थितियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की हर समस्या के लिए जवाहरलाल नेहरू को दोषी ठहराते हैं। मोदी ने हाल में कहा कि गोवा के देरी से (देश की आजादी के 14 साल बाद) स्वतंत्रता हासिल करने के लिए नेहरू की कमजोर नीतियां जिम्मेदार थीं। गोवा को देश की आजादी के समय, अर्थात 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र करवाया जा सकता था। सन् 1955 में 20 सत्याग्रहियों की मौत के बावजूद नेहरू ने कोई कदम नहीं उठाया। मोदी इस मुद्दे पर तो बहुत मुखर हैं किंतु चीन द्वारा भारत के एक बड़े भूभाग पर कब्जा कर लेने के मामले में वे चुप रहते हैं। गोवा के उपनिवेश बनने और फिर स्वतंत्र होने का क्या इतिहास है? गोवा को सन् 1961 में भारतीय सेना ने आपरेशन विजय के तहत 26 घंटों में स्वतंत्र करवा लिया था। गोवा को सन् 1510 में पुर्तगाल ने अपना उपनिवेश बनाया था। पुर्तगाली सेना ने बीजापुर के सुल्तान आदिल शाह को हराकर गोवा पर कब्जा किया था। यह अंग्रेजों द्वारा भारतीय उपमहाद्वीप के औपनिवेशीकरण की प्रक्रिया शुरू करने के बहुत पहले की बात है। पुर्तगालियों ने कई सदियों तक गोवा पर शासन किया। उनका शासन अत्यंत कड़ा था। पुर्तगालियों की बड़े पैमाने पर खिलाफत पहली बार सन् 1718 में हुई जब वहां के पॉस्टरों के एक समूह ने टीपू सुल्तान की मदद मांगी और पुर्तगाली सरकार के खिलाफ विद्रोह कर दिया. इसे पिंटो षड़यंत्र कहा जाता है। यह विद्रोह बुरी तरह असफल हुआ और इसके कर्ताधर्ता पॉस्टरों को अमानवीय यातनाएं दी गईं। सन् 1900 में एल. मेनेजेज ब्रेगांजा ने पुर्तगाली भाषा में होराल्डो नामक अखबार गोवा से निकालना शुरू किया. यह अखबार पुर्तगाल का आलोचक था। सन् 1917 में गोवा में सेंसरशिप लागू कर दी गई. इससे आमजनों में असंतोष बढ़ा. सन् 1928 में टी. ब्रेगांजा ने गोवा कांग्रेस पार्टी का गठन किया. सन् 1946 में राममनोहर लोहिया ने गोवा की मुक्ति के लिए सत्याग्रह किया। उन्हें 18 जून को गिरफ्तार कर लिया गया. इस दिन को गोवा क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। गोवा के एक प्रमुख मैदान का नाम लोहिया के नाम पर रखा गया है। इस सत्याग्रह के बाद गोवा में नागरिक अवज्ञा आंदोलन शुरू हो गया। इसमें भाग लेने वाले क्रांतिकारी थे जिनमें पुणे के प्रसिद्ध पहलवान नाना काजरेकर, लोकप्रिय संगीत निदेशक सुधीर फड़के आदि शामिल थे। इन लोगों ने युनाईटेड फ्रंट ऑफ लिबरेशन के झंडे तले आजाद गोमांतक दल का गठन किया। यह दिलचस्प है कि लब्धप्रतिष्ठित गायिका लता मंगेशकर ने गोवा की स्वतंत्रता के लिए धन इकट्ठा करने हेतु पुणे में आयोजित एक संगीत कार्यक्रम में हिस्सेदारी की थी। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पुर्तगाल के तानाशाह सलाजार ने देश के संविधान को संशोधित कर गोवा को पुर्तगाल का अभिन्न हिस्सा घोषित कर दिया। इसके अलावा पुर्तगाल नाटो में शामिल हो गया जिसका अर्थ यह था कि नाटो के सभी सदस्य देश पुर्तगाल के राज्यक्षेत्र की रक्षा करने के लिए वचनबद्ध थे। नाटो का नेतृत्व अमरीका के हाथों में था और उस समय पुर्तगाल से सैन्य संघर्ष छेड़ने का अर्थ था अमरीका सहित बड़ी पश्चिमी ताकतों को भारत में हस्तक्षेप करने का न्यौता देना। अमरीका के राष्ट्रपति आईजनहावर एवं विदेश मंत्री डलेस ने यह घोषणा की थी कि गोवा पुर्तगाल का अभिन्न भाग है. इसका जवाहरलाल नेहरू ने विरोध किया था। गोवा में जनमत संग्रह कराए जाने की मांग भी उठी थी जिस पर नेहरू ने जोर देकर यह कहा था कि गोवा के भारत में विलय के मामले में किसी बहस या विवाद की गुंजाइश नहीं है। इसके बाद केनेडी अमरीका के राष्ट्रपति बने जिनका भारत के प्रति रवैया कुछ नरम था। सन् 1950 के दशक के पूर्वार्ध में एफ्रो-एशियन कान्फ्रेंस के सदस्यों ने भारत से गोवा का मुद्दा सुलझाने और वहां से पुर्तगालियों को निकाल बाहर करने का तकाजा किया। परंतु इसमें सबसे बड़ी बाधा नाटो और अमरीका की यह घोषणा थी कि गोवा पुर्तगाल का हिस्सा है। केनेडी के सत्ता में आने के बाद भारत का रूख भी बदल गया। यह साफ था कि पुर्तगाल को गोवा पर अपना नियंत्रण छोड़ने के लिए बातचीत से राजी करना मुश्किल होगा। सन् 1955 में समाजवादी और साम्यवादियों ने इस मुद्दे पर आम सत्याग्रह शुरू किया। इन सत्याग्रहियों ने जब गोवा में प्रवेश किया तब वहां की सरकार ने उन पर गोलियां बरसाईं जिससे 20 सत्याग्रही मारे गए। इस घटना से व्यथित और क्रुद्ध नेहरू ने गोवा की आर्थिक नाकेबंदी की घोषणा की. पणजी में स्थित वाणिज्य दूतावास को बंद कर दिया और पुर्तगाल से कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए गए। आर्थिक नाकाबंदी से गोवा पूरी दुनिया से कट गया. यहां तक कि वहां के नागरिक समाचार पाने के लिए भी तरस गए। इस समय वामन सरदेसाई और उनकी पत्नि लीबिया लोबो सरदेसाई ने एक भूमिगत रेडियो स्टेशन शुरू किया जिसका नाम ह्यद वाइस ऑफ फ्रीडमह्य था. इस रेडियो स्टेशन के जरिए क्रांतिकारियों को सूचनाएं पहुंचाई जातीं थीं और झूठे पुर्तगाली प्रचार का पदार्फाश किया जाता था. यह रेडियो स्टेशन नवबंर 1955 से दिसंबर 1961 तक गोवा से सटे वनक्षेत्र से संचालित होता रहा। नेहरू ने केनेडी को कूटनीतिक चैनलों द्वारा यह संदेश भिजवाया कि अमरीका गोवा के मामले में हस्तक्षेप न करे।

# विषम परिस्थितियां हमारी परीक्षक, उच्च मनोबल से जीवन में सफलता पाएं

संजीव ठाकुर

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है।

हर व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए।

यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है।

जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है।

सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है।

मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।

इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### गरज-चमक के साथ उमड़े बादल, तेज हवा के साथ रुक-रुककर बारिश

अमरोहा। बीती रात से मौसम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। तेज हवा के साथ आसमान में बादल गरज-चमक के साथ उमड़ रहे हैं। रुक-रुक कर हल्की बारिश भी हो रही है। मौसम के बदले मिजाज से सरसों उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। तेज हवा से सरसों की फसल गिरने से किसानों को नुकसान बताया जा रहा है। उधर, बारिश व तेज हवा के चलने से मौसम सर्द हो गया है। सर्दी से बचने के लिए लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा।पिछले 3 दिन से आसमान में तेज हवा के साथ बादल उमड़ रहे थे। बीती रात से मौसम का मिजाज और खराब हो गया। अमरोहा के आसपास के क्षेत्रों में आधी रात से रुक-रुककर सुबह तक हल्की बारिश होती रही। सुबह के समय भी मौसम खराब रहा। आसमान में घने काले बादल छाए हुए हैं। तेज हवा चल रही है। कुछ स्थानों पर रुक-रुककर बारिश भी हो रही है। मौसम के बदले मिजाज ने सरसों उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ा दी है। तेज हवा के चलने से कुछ स्थानों पर सरसों की फसल गिरने से नुकसान भी हुआ है। बारिश के साथ ओलावृष्टि का खतरा बना हुआ है। उधर, बेमौसम बारिश के चलते एक बार फिर सर्दी लौट आई है। सर्दी से बचने के लिए लोगों को गर्म कपड़े का सहारा लेना पड़ा। बारिश व तेज हवा के चलते तापमान में गिरावट आई है। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह का कहना है कि मौसम में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। अगले 2 दिन और मौसम खराब रहेगा। तेज हवा चलती है तो सरसों की फसल गिरने का खतरा बना रहेगा ।सामान्य बारिश से कोई नुकसान नहीं होगा।

### धीरे-धीरे जनपद में पैर पसार रहा कुष्ठ रोग, 29 नए मरीज मिले

अमरोहा। कोरोना काल में कुष्ठ रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। वर्तमान साल के दौरान जिले में 29 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा ग्रेड-2 के सात गंभीर मरीजों की सर्जरी भी करानी पड़ी है ।स्वास्थ्य विभाग का कोरोना की तीसरी लहर में भी संक्रमण की रोकथाम पर पूरा फोकस रहा है। इसका सरकारी अस्पतालों में दूसरी बीमारियों की जांच व इलाज पर असर पड़ा। स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। कोरोना के ट्रेस, टेस्ट और ट्रीटमेंट पर ही पूरी ताकत झोंकने से संचारी व गैर संचारी बीमारियां दबे पांव बढ़ रही हैं। कुष्ठ रोगियों को खोजने के लिए 12 जनवरी से 25 मार्च तक चलने वाले स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान में जिले में 20 फरवरी तक यानी 31 दिन में 29 नए कुष्ठ रोगी सामने आए हैं ।इसके साथ ही बीते साल एक अप्रैल से चालू साल के दौरान 20 फरवरी तक जिले में कुष्ठ रोगियों की संख्या बढ़कर 172 हो गई है। इलाज के बाद इनमें से 137 मरीज ठीक हो चुके हैं। बाकी 35 रोगियों का अब भी इलाज चल रहा है। इसके अलावा ग्रेड-2 के सात गंभीर मरीजों की सर्जरी भी की गई है। ऑपरेशन के बाद सभी मरीज भी अब स्वस्थ हैं। कोरोना काल में बीमारी के पैर पसारने से चिंता जाहिर करते हुए स्वास्थ्य अफसर कुष्ठ रोगियों का पता लगाने के लिए अभियान को धार देने की बात कह रहे हैं।

### बिजली ठेकेदार की हत्या के मामले में फोरेंसिक टीम ने जुटाए सबूत

हसनपुर। संभल के बिजली ठेकेदार की हत्या के मामले में फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं। बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जल्द क्लू मिलने की उम्मीद जताई जा रही है संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र के गांव ईशापुर सुनवारी निवासी राजीव शर्मा पुत्र उमराव शर्मा गांव के मेडिकल स्टोर संचालक सोमपाल सिंह जाटव पुत्र खचेडू सिंह के संग ढवारसी में एक पंचायत में भाग लेने के बाद शुक्रवार शाम बाइक से गांव लौट रहा था। सोमपाल बाइक चला रहा था। थाना आदमपुर के गांव पांडली से करीब 200 मीटर की दूरी पर पीछे से आए बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने राजीव शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमलावर भाग निकले। सोमपाल ने नजदीक स्थित चीनी मिल के गन्ना सेंटर पर जाकर घटना की जानकारी दी। आदमपुर व नखासा पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में सीओ हसनपुर सतीशचंद्र पांडे ने मौका मुआयना किया।

# पूरे चुनाव को चार पुरानी कैसेट पे बजाकर बीजेपी वाले चुनाव लड़ना चाहते हैं: संजय सिंह

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता




आप सांसद संजय सिंह ने शनिवार को रुदौली विधानसभा में प्रत्याशी पुष्कर आदित्य सिंह की जनसभा में भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यहां की जनता से कहा कि इस बार जाति और धर्म की राजनीति में नहीं फंसना। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान विविधता में एकता की विशेषता वाला देश है। उन्होंने कहा कि यहां अलग-अलग जाति, अलग-अलग धर्म, अलग-अलग भाषा के लोग मिलकर एक साथ रहते हैं। ये वो मुल्क है जहां बिसमिल्ला खान की शहनाई संकट मोचन के मंदिर में गूंजती है। ये वो मुल्क है जहां मलिक मोहम्मद जायसी पदमावत लिखते हैं। ये वो मुल्क है जहां रसखान को पढ़कर हम भगवान श्री कृष्ण के बारे में जानते हैं। ये वो मुल्क हैं जहां मो. रफी गाना गाते हैं- ह्यसुख के सब साथी दुख में न कोय। मेरे राम तेरा नाम एक सांचा दूजा न कोय।ह्य उन्होंने कहा कि ये वो हिन्दुस्तान है और इस हिन्दुस्तान की खूबसूरती को जो मिटाने का काम करेगा उसके खिलाफ संजय सिंह आपके साथ कंधे से कंध मिलाकर हमेशा खड़ा होगा। संजय सिंह ने जनसभा की शुरूआत करते हुए कहा कि कहां से शुरू करूं कहां पर खत्म करूं। इसके बाद उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि ह्यवतन की जो हालत सुनाने लगेंगे तो पत्थर भी आंसू बहाने लगेंगे, अगर भीड़ में खो गई आज नियत को उसको ढूंढने में जमाने लगेंगे।ह्य उन्होंने कहा कि यूपी में इन्सानियत का कत्ल किया जा रहा है। भाई को भाई से लड़ाकर उत्तर प्रदेश की राजनीति की जा रही है। पांच साल पूरे हो गये आज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी आई है तो उसके पास यह बताने के लिए नहीं कि शिक्षा के लिए उन्होंने क्या किया, रोजगार के क्षेत्र में उन्होंने क्या किया, बिजली के क्षेत्र में उन्होंने क्या किया। पानी के क्षेत्र में उन्होंने क्या किया। सड़कों के क्षेत्र में उन्होंने क्या किया। गांव की तरक्की के लिए उन्होंने क्या किया। पूरे चुनाव को चार पुरानी कैसेट पे बजाकर बीजेपी वाले चुनाव लड़ना चाहते हैं। हिन्दू, मुसलमान, पाकिस्तान, जिन्ना। बंगाल का चुनाव लड़ते हैं हिन्दू, मुसलमान, पाकिस्तान, जिन्ना। बिहार का चुनाव लड़ते हैं हिन्दू, मुसलमान, पाकिस्तान, जिन्ना। उत्तर प्रदेश का चुनाव लड़ते हैं तो हिन्दू, मुसलमान, पाकिस्तान, जिन्ना। हरियाण में चुनाव लड़ते हैं जाटों को लड़ा देते हैं। अपने गांव में मत बुला लेना नहीं तो पति-पत्नी में झगड़ा करा देंगे। ये भारतीय झगड़ा पार्टी है। संजय सिंह ने कहा कि कह रहे हैं बाबा जी गर्मी उतार देंगे, उल्टा लटका देंगे ,बुलडोजर चला देंगे। तो हमने कहा बाबा जी हमरे यहां सुल्तानपुर मा, बस्ती मा, गोण्डा मा, फैजाबाद मा जब क्योही को भूत सवार हो जाए तो ओझा लोग मार-मार के झाड़ू उका भूत सही कर दिये करत हैं या नहीं बतावो आप। तो अबकी जिन लोगों के दिमाग पर सत्ता का भूत सवार है आपको झाड़ू मारमार कर उनका भूत उतारने का काम करना है। संजय सिंह ने कहा कि ब्राहमणों, दलितों पर कोई बात आई, राम मंदिर की जमीन पर लड़ाई लड़ने का काम किया। जब डॉ कफील का मामला आया तो उसकी लड़ाई लड़ने का काम किया है। सबकी लड़ाई लड़ने का मैने काम किया और आदित्यनाथ जी ने मेरे ऊपर 21 मुकदमे लिखने का काम किया।

## यूक्रेन पर रूस के हमले से सर्राफा बाजार में भारी उछाल,खरीदारी घटी

अमरोहा। यूक्रेन पर रूस के हमले से सरार्फा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में भारी उछाल आया है। चर्चा है कि सोना जल्द ही 60 हजार रुपये प्रति दस ग्राम की कीमत तक पहुंच सकता है। फिलहाल बढते दाम के चलते सोने-चांदी की खरीदारी पर असर पड़ा है। शादी सीजन में भी बहुत कम लोग खरीदारी कर रहे हैं।शनिवार को सरार्फा बाजार में सोने की कीमत 53 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। चांदी ने भी 2000 रुपये की लंबी छलांग लगाई। दाम 69,000 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। इसके पहले एक सप्ताह पूर्व तक सोना 48,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के दाम पर बिक रहा था वहीं, चांदी 66,000 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रही थी। बुधवार को रूस व यूक्रेन के बीच जारी तनाव के चलते डालर के मुकाबले रुपये के कमजोर पड़ने से सोने के दाम 200 रुपये की बढ़त के साथ 48,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए। चांदी की कीमत भी 67,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। हालांकि गुरुवार को दोनों कीमती धातुओं के रेट में कोई बदलाव नहीं आया। शुक्रवार को सोने की कीमत 50 हजार के पार पहुंच गई। शनिवार को भी सोने के रेट में उछाल आया। सरार्फा कारोबारियों का कहना है कि सोना 53 हजार तक पहुंच गया है।

## गोवंश तस्करों की तलाश में जुटी रहरा पुलिस

रहरा, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस गोवंश तस्करों की तलाश में जुटी हुई है। तस्करों ने गुरुवार रात पीछा कर रही पुलिस की गाड़ी को डीसीएम से टक्कर मार दी थी।गुरुवार रात रहरा पुलिस को सूचना मिली कि डीसीएम व अशोका लीलेंड वाहनों में गोवंशीय पशु लादकर लाए जा रहे हैं। इस पर पुलिस ने पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस के पीछे लगे होने का अहसास होने पर चालकों ने दोनों वाहनों को अलग-अलग लिंक मार्ग पर मोड़ दिया। खैलिया खालसा के नजदीक सरकारी गाड़ी में सवार पुलिसकर्मियों ने डीसीएम को घेर लिया। इस दौरान डीसीएम के चालक ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। घिरता देखकर चालक व उसके पशु तस्कर साथी डीसीएम छोड़कर भाग निकले। डीसीएम में गोवंशीय पशु पैर व मुंह बंधे हुए पड़े थे। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में ले लिया। उधर, सुबह के वक्त अशोका लीलेंड गंगेश्वरी के जंगल में खड़ी मिली। इसमें भी गोवंशीय पशु लदे मिले। थानाध्यक्ष अमर सिंह के मुताबिक, दोनों वाहनों से 14 गोवंशीय पशु बरामद हुए। चिकित्सीय परीक्षण के बाद पशु गोशाला भिजवा दिए गए। दोनों वाहन पुलिस ने जब्त कर लिया है। वाहनों के अज्ञात चालक व 5-6 अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस फरार मांस तस्करों की तलाश में शिद्दत से जुटी हुई है।

## घर में नकाब लगाकर तीन पशु चोरी

गजरौला। घर में नकब लगाकर चोरों ने तीन पशु चोरी कर लिए। शनिवार की सुबह गृहस्वामी चारा डालने के लिए उठे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर यूपी 112 मौके पर पहुंची। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।क्षेत्र के लिसड़ी बुजुर्ग गांव निवासी लड्डन शुक्रवार की रात परिवार के साथ घर में सो रहे थे। आंगन में उनके पशु बंधे हुए थे। चोर नकब लगाकर घर के अंदर घुस गए और वहां बंधे तीन पशु चोरी कर लिए। चोरी की जानकारी शनिवार की सुबह हुई। सूचना मिलने पर यूपी 112 मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी की। लड्डन के अनुसार तीन पशुओं की कीमत करीब 80 हजार रुपये है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने जांचकर कार्रवाई किए जाने की बात कही।

## हाशमी कॉलेज मे फूड एक्जीबिशन प्रतियोगिता एवं हस्तकला प्रर्दशनी का आयोजन

प्रात: किरण ब्यूरो, इकरामुद्दीन मलिक



अमरोहा। हाशमी गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में गृहविज्ञान विभाग के द्वारा फूड एक्जीबिशन प्रतियोगिता एवं हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमे छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक व्यंजन तैयार कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में रसमलाई प्रथम, बर्गर दूसरे व दही बड़ा को तीसरा स्थान मिला। कार्यक्रम का आगाज हाशमी एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन व कालेज प्रबंधक डा0 सिराज उद्दीन हाशमी एडवोकेट ने द्वारा फीता काटकर किया गया। छात्राओं की हौंसला अफजाई करते उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता ही सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है जो हमें जीवन में कुछ नया करने की सीख देता है।छात्राओं द्वारा किये गये प्रयास की जितनी भी सराहना की जाये वह कम है। आज छात्राएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। छात्राओं ने जिस मेहनत व लगन के साथ इसमें हिस्सा लिया है वह काबिले तारीफ है। आज का दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है। उन्होंने बताया कि तालीम के साथ-साथ छात्राओं को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिसके उनके व्यक्तित्व का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्राओं में छिपी प्रतिभा उजागर होती है तथा उनमे प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होती है। पोषण विषय पर जागरूक न होने के कारण युवा कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा किया गया यह प्रयास सराहनीय है, प्रतियोगिता ही वह माध्यम होता है जो हमे कुछ नया करने के लिए प्रेरित करते हैं और हमे इसके माध्यम से बहुत कुछ सीखने का अवसर भी प्राप्त होता है। कार्यक्रम में छात्राओं की ओर से पोषाहार पर एक लघु प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने हस्त कला का प्रदर्शन करते हुए एक से एक बढ़कर एक माडल तैयार किये। कालेज प्राचार्या डा0 रिजवाना कुलसुम ने पोषाहार प्रदर्शनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्राएं ही आने वाले कल का भविष्य हैं। आज इस प्रदर्शनी के माध्यम से छात्राओं ने जो कुछ भी सीखा है उसे अपने जीवन में उतारें। इंसुलिन प्रतिरोध शुगर आम तौर पर इंसुलिन प्रतिरोध से शुरू होता है। ये ऐसी स्थिति होती है जिसमें मांसपेशियों, यकृत और वसा कोशिकाओं में इंसुलिन अच्छी तरह से प्रयोग नहीं हो पाता है। हमें अपने खान पान पर अधिक ध्यान देने कीआवश्यकता है।

## आयुष विभाग द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार लुबाबा को

लखनऊ । सिटी मान्टेसरी स्कूल चौक कैम्पस के प्रतिभाशाली छात्र शेख मोहम्मद लुबाबा ने अन्तर-विद्यालयी योग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्कूल के इस प्रतिभाशाली छात्र को प्रशस्ति पत्र एवं इक्कीस सौ रुपये के नगद पुरस्कार से नवाजा गया। स्कूल के संस्थापक डा. जगदीश गांधी ने विद्यालय के इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी छात्रों को योग करने की सलाह दी है। यह जानकारी स्कूल के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने दमखम का प्रदर्शन किया, तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच स्कूल के इस होनहार छात्र ने विभिन्न योगासनों, यौगिक क्रियाओं एवं शारीरिक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार अर्जित किया।

## बम-बम भोले के जयकारों के साथ लौट रहे कांवड़िए

प्रात: किरण संवाददाता, मनोज शर्मा



गजरौला। डीजे की धुन पर थिरकते हुए कांवड़िए हरिद्वार व ब्रजघाट से गंगा जल लेकर लौटने लगे हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं के जत्थे भी इन दोनों स्थानों के लिए रवानगी कर रहे हैं। हर तरफ भक्ति का माहौल नजर आ रहा है। भगवान शिव के जयकारे गूंज रहे हैं। बारिश में भी शिवभक्तों के कदम नहीं थम रहे हैं और मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं।महाशिवरात्रि पर्व एक मार्च को है। हरिद्वार से गंगा जल लेकर कांवड़ियों की वापसी शुरू हो गई है। शनिवार को बदायूं, अलीगढ़, बुलंदशहर आदि जिलों के कांवड़िए गजरौला से गुजरे। चहुंओर बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। वहीं ब्रजघाट से जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के जत्थे भी भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए अपने-अपने गंतव्यों की ओर गुजरते रहे। सुबह और दोपहर के समय हुई बारिश के बावजूद भी शिवभक्तों के कदम नहीं थमे। शिवभक्त भक्ति की शक्ति के बल पर बारिश में भीगते हुए आगे बढ़ते रहे। सैकड़ों कांवड़िए अपने जत्थों के साथ भगवान शंकर के भजनों पर नाचते गाते हुए आगे बढ़ते दिखे। सबसे ज्यादा कांवड़ियों की भीड़ हरिद्वार से आती दिखी। मंडी धनौरा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। वहीं कांवड़ियों ने रास्ते में लगे शिविरों में ठहरकर प्रसाद भी ग्रहण किया। कुछ देर आराम करने के बाद अपनी मंजिल की ओर रवाना हो गए।

### शिव भक्तों के जत्थे लौटने शुरू, शिविरों में बढ़ी रौनक

हसनपुर। महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार से गंगा जल लेकर आ रहे शिव भक्तों के लिए सेवा शिविर लग गए हैं। सबसे अधिक शिविर गजरौला मार्ग पर लगे हैं। कांवड़ियों का स्वागत किया जा रहा है।महाशिवरात्रि पर्व एक मार्च को है। शिव भक्त हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौटने लगे हैं। शिव भक्तों के विश्राम व खाने पीने के लिए नगर के ब्लॉक तिराहे, डाक बंगले, दीपपुर गेट, मनोटा व सिहाली जागीर में शिविर लगाए गए हैं। शनिवार से शिविरों में रौनक आने लगी है। शिवभक्त शिविरों में आने शुरू हो गए हैं। उधर प्रशासन की ओर से शिविरों में सुरक्षा आदि मानकों को परखा जा रहा है। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी की ओर से शाहपुर कलां में शिविर लगवाया गया है। शनिवार को उन्होंने शिविर में भगवान शिव की पूजा कर हरिद्वार से लौट रहे कांवड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान महेश खड़गवंशी, महेश चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## चूल्हे की चिंगारी से निकली आग से लाखों का नुकसान

नौगांवा, प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अलीपुर कला मजरा चकारसी निवासी वीरपाल सिंह के कच्चे फूंस के मकान मे चूल्हे की चिगारीं से आग लग गई ।जिसमें लाखों का नुकसान का अनुमान है ।गौरतलब है कि ब्लाक क्षेत्र के गांव अलीपुरा में वीरपाल का परिवार रहता है। जो मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करके गुजारा करता है ।शनिवार को वीरपाल के बच्चे खाना बना रहे थे। खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से वीरपाल की झोपड़ी में आग लग गई और आग ने विकराल रूप ले लिया। वीरपाल की पत्नी और बच्चों ने शोर मचाया तब ग्रामीण तोड़कर आग बुझाने के लिए आ गए लेकिन आग पर काबू नहीं पा सके ।वही पड़ोस मे वीरपाल व सतवीर कल्लन कर्मवीर और बाबू की झोपड़ियां भी जलकर राख हो गई। वीरपाल ने बताया हम गरीब लोग हैं झोपड़ी झुग्गी डाल कर रह रहे हैं और मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण करते हैं। इस भीषण आग में हमारा सब कुछ जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया मोटरसाइकिल भी जलकर राख हो गई और 20000 की नकदी भी जलकर राख हो गई। पांचो परिवारों ने लगभग 1 से डेढ़ लाख रुपए का नुकसान होना बताया है। उन्होंने सरकार से आर्थिक मदद की गुहार भी लगायी। जिससे हमारा और हमारे बच्चों का भरण पोषण हो सके घर में रखे लिहाफ विस्तार पहनने के कपड़े और आन आज तक भी जलकर राख हो गया।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दंपती को कुचला, मौके पर हुई मौत

डिडौली, प्रात: किरण संवाददाता




शुक्रवार की रात नेशनल हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन ने पति-पत्न ी को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है ।यह हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की रात हुआ। थाना क्षेत्र के गांव जिबाई में बाबूलाल का परिवार रहता है। उनके बेटे सुरेश रोजमर्रा की मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते थे। सुरेश (43) की पत्नी लता (40) मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। उनका इलाज दिल्ली के अस्पताल से चल रहा था ।शुक्रवार की रात करीब 12:30 बजे लता अचानक घर से निकल गईं। इसकी जानकारी मिलते ही सुरेश पत्नी लता को तलाश करते हुए हाईवे पर पहुंच गए। यहां उन्हें लता मिल गई। लिहाजा सुरेश पत्नी लता को साथ लेकर हाईवे पार रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने दोनों को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर मौत हो गई ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर आ गए। आनन-फानन में दंपती के जिंदा होने की उम्मीद रखते हुए जोया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।दंपती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक दंपती की शादी बीस साल पहले हुई थी। लेकिन उनके पास कोई बच्चा नहीं था। थाना अध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि मृतक सुरेश के भाई सतीश कुमार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भाजपा सरकार का चरित्र अपनी कमियों को दूसरों पर थोपना है: जया बच्चन

लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता



समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद श्रीमती जया बच्चन ने जौनपुर में जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकार का चरित्र, अपनी कमियों को दूसरों पर थोपना है। पांच साल से यही हो रहा है। सबसे ज्यादा युवा यूपी के हैं जो संस्कारी और शिक्षित हैं। भाजपा उन्हें अपमानित करती है। उसकी आदत उल्टा चोर कोतवाल को डांटने की है। भाजपा के लोग महिला सुरक्षा की झूठी बातें करते हैं। जब महिलाओं पर संकट आया, सदन में किसी भाजपा सांसद ने मुद्दा नहीं उठाया। समाजवादी सरकार बनने पर महिलाओं के लिए फण्ड बढ़ाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी महिलाओं का कष्ट नहीं समझ सकते है? वे ढ़ोंग रच रहे हैं। वे भगवा पहन कर झूठी बातें करते हैं। श्रीमती जया बच्चन ने कहा कि भाजपा सरकार शहरों का नाम बदल रही है लेकिन जनता की परम्परा और भावनायें नहीं बदल सकते। भाजपा के भुलावे में जनता अब नहीं आयेगी। अंग्रेज देश को लूट कर चले गये अब उनके भतीजे आ गये है। भाजपा का एक भी कार्यकर्ता पैदल नहीं चल रहा है। सब गाड़ियों से चल रहे हैं इतना रूपया भाजपा के पास कहां से आया? जनता को इसका जवाब देना पड़ेगा। श्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश को जिस तरह समृद्ध और खुशहाल बनाया था भाजपा ने उसे नष्ट करने का कार्य किया है। जनता में जो प्यार और उत्साह समाजवादी पार्टी के लिए है इसका परिणाम 10 मार्च को जीत के साथ दिखेगा।

## मुख्यालय के निर्देश,निजी पेट्रोल पंपों से डीजल लेंगी रोडवेज बसें

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

तेल कंपनियां रोडवेज को बाजार भाव से 4.60 रुपये प्रति लीटर अधिक मूल्य पर डीजल दे रही थीं। ऐसे में डिपो पर रोजाना 10 हजार रुपये का अतिरिक्त बोझ बढ़ गया था।

अब मुख्यालय के आदेश पर निजी पेट्रोल पंपों से भी डीजल खरीद की अनुमति स्थानीय रोडवेज अफसरों को दी गई है ।तेल कंपनियों ने रोडवेज को आपूर्ति किए जा रहे डीजल पर बाजार मूल्य पर छूट देना बंद कर दिया था।

अमरोहा डिपो से रोजाना 60 बसों के संचालन में करीब छह हजार लीटर डीजल की खपत होती है, जो डिपो के अंदर इंडियन ऑयल कंपनी से रोडवेज को डीजल की आपूर्ति लेती थीं।

नकद भुगतान के चलते तेल कंपनियां 15 फरवरी तक विभाग को बाजार भाव से करीब चार रुपये सस्ता डीजल उपलब्ध करा रहीं थीं। लेकिन 16 फरवरी से तेल कंपनियों ने बाजार भाव से प्रति लीटर डीजल का दाम चार रुपये प्रति लीटर ज्यादा बढ़ा दिया। फिलहाल रोडवेज को 91 रुपये से अधिक रुपये में प्रति लीटर के हिसाब से डीजल मिल रहा था। वहीं डीजल बाजार भाव में निजी पेट्रोल पंपों पर 86.50 रुपये प्रति लीटर की दर पर मिल रहा है।

इससे रोडवेज को सात दिनों में करीब 70 हजार रुपये का नुकसान हुआ। रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आरके जौहरी ने बताया कि अब मुख्यालय के निर्देश पर बाजार में निजी पंपों से रोडवेज बसों में डीजल भरवाया जाएगा। इससे रोजाना करीब 10 हजार रुपये का फायदा होगा।

## स्वास्थ्यकर्मियों को स्किल बर्थ अटेंडेंस का दिया प्रशिक्षण

नोएडा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्किल बर्थ अटेंडेंस के जरिये मातृ-शिशु मृत्यु दर को रोकने की कवायद की जा रही है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने में स्वास्थ्यकर्मियों जैसे स्टाफ नर्स, एएनएम, आंगनबाड़ी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए इन स्वास्थ्यकर्मियों को सेक्टर-39 स्थित नोएडा कोविड अस्पताल में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला अस्पताल की सीएमएस डा. सुषमा चंद्रा ने बताया कि प्रशिक्षण में गर्भवतियों को एनिमिया से बचाव और प्रसव के दौरान पीपीएच प्रबंधन, एंटी नेटल, पोस्टर नेटल केयर, एंक्लैप्सिया, स्तनपान, कंगारू देखभाल, प्रसव पश्चात देखभाल, प्रसव पूर्व परीक्षण, प्रसव पूर्व रक्तस्त्राव, एएमटीएसएल आदि की जानकारी दी जा रही है। प्रसव में आने वाली जटिलता का भौतिक और मौखिक दोनों प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सर्टिफिकेट दिया जाता है।

# यूक्रेन में फंसी छात्रा बोली, खाने के भी लाले, ब्रेड के सहारे जिंदगी

प्रात: किरण ब्यूरो

अमरोहा। यूक्रेन में युद्ध के बीच हमारी जिंदगी नरक बन गई है। चार दिन से खाना भी नही मिला है। रूम में रखा बासी खाना खाकर अब तक जिंदगी कटी है। आगे की जिंदगी सिर्फ दो ब्रेड के सहारे हैं। मेस बंद हो चुकी है, वहीं से हमें खाना परोसा जाता था। एटीएम बंद है। केश भी खत्म हो चुका है। बाहर कर्फ्यू लगा है। किसी भी हालत में बाहर निकलने की इजाजत नही हैं। रुक-रुक कर हो रही बमबारी दहशत बढ़ा रहीं है। ऐसे हालातों में परिजनों से हो रही फोन पर बातचीत ही हौसला को बनाये हुए। कोई भी मदद को आगे नही आ रहा। एबेंसी फोन करने पर भी कोई जवाब नही मिल रहा है। कालेज प्रशासन भी फोन बंद कर नदारद है। अब हम क्या करें और किससे मदद मांगे कुछ नही सूझ रहा है, सिर्फ अल्लाह पर भरोसा है बहुत जल्द सब ठीक हो जाएगा... यह कहना है यूपी के अमरोहा के मंडी धनौरा तहसील के गांव कमेलपुर निवासी इसरार सैफी की बेटी रहनुमा का है। रहनुमा यूक्रेन की इवानो फ्रेंकिवस्क नेशनल मेडिकल यूनिवर्सिटी से टइयर की पढ़ाई कर रही हैं। वह सेकेंड ईयर की स्टूडेंट हैं। रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध की खबरों के बीच रहनुमा ने इंडिया वापस लौटने के लिए 27 फरवरी का टिकट कराया था लेकिन अब टिकट रद्द कर दिया गया। रहनुमा ने फोन पर हमारे संवाददाता से बातचीत की और बताया कि वह होस्टल में बरेली के रहने वाले सहपाठी इकरा रिजवी, तसबिहा इकबाल और सेमल खान के साथ रहती हैं। उन्हें चार दिन से खाना नही मिला। मेस से खाना मिलता था लेकिन यूक्रेन पर रूस के हमलों के बाद यूनिवर्सिटी को बंद कर दिया गया।

### शाम पांच बजे गिरा बम, आवाज सुन दहल गए हम

धनौरा। यूक्रेन मे फसीं रहनुमा ने बताया कि शुक्रवार को शाम पांच बजे के करीब होस्टल के बाहर उन्हें बमबारी की तेज आवाज सुनाई दी। जिस सुनकर हम सब सहम से गए। खिड़की से झांक कर देखा तो बाहरी की ओर बमबारी हुई। रुक-रुक कर हो रही बमबारी से दहशतजदा है।

### परिजनों से बात की तो मिली तसल्ली

धनौरा ।रहनुमा ने बताया कि वें बरेली की अपने सहपाठी इकरा रिजवी, तसबिहा इकबाल और सेमल खान के साथ होस्टल में है। यहां रह-रह कर हो रहे धमाके के बीच दहशत में हैं। पिछ्ली रात दहशत की वजह से नींद भी नही आई। पूरी रात जागती रही। सुबह होने पर परिजनों से बातचीत की तो दिल को बड़ी तसल्ली मिली।

### जल्द उचित कदम उठाए भारत सरकार

धनौरा। रहनुमा की माता शबनम ने भारत से यूक्रेन में फंसी खुद की बेटी व अन्य भारतीय छात्रों की सकुशल वापस लाने के लिए भारत सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की है। पिता इसरार का कहना है कि यूक्रेन में युद्ध के बीच वहां फंसे बच्चें दहशत में है। राशन सामग्री खत्म होने से परेशानी और ज्यादा बढ़ गई है। भारत सरकार को बच्चों की सकुशल वापसी को सख्त कदम उठाने की जरूरत हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी में बूथ कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 27 फरवरी को जिले के बूथ कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की वाराणसी ईकाई के अध्यक्ष विद्यासागर राय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी रविवार को वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रांगण में जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों के बूथ पदाधिकारियों के साथ संवाद कर उन्हें जीत का मंत्र देंगे। इसमें करीब 20 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसमें हर बूथ से छह कार्यकर्ता भाग लेंगे। राय ने बताया कि प्रधानमंत्री दोपहर को बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचेंगे और वहां से शहर के पुलिस लाइन तक हेलीकॉप्टर से आएंगे, जहां से सड़क मार्ग से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान जाएंगे।

### मतदाताओं को बूथ पर मोबाइल ले जाने की अनुमति दे चुनाव आयोग, भाजपा ने उठाई मांग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि वह मतदान स्थल पर मतदाताओं को स्विच ऑफ करके मोबाइल रखने की अनुमति प्रदान करें अथवा प्रत्येक बूथ के बाहर हेल्प डेस्क या बीएलओ के पास फोन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं चुनाव प्रबंधन प्रभारी जेपीएस राठौर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला से मुलाकात कर मांग संबंधी पत्र सौंपा और इस बारे में अलग से निर्देश जारी किए जाने की मांग उठाई। राठौर ने बताया कि बूथ पर तैनात सुरक्षाकर्मी मोबाइल के साथ मतदाता को मत डालने की अनुमति नहीं देते हैं। मतदाता से फोन वापस रख कर आने को कहा जाता है, परिणाम स्वरूप मतदाता वोट डालने दोबारा मतदान स्थल पर नहीं आता है। ऐसी शिकायतें बहुतायत में मिली हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि मतदान स्थल पर मोबाइल फोन जमा करने की कोई सुविधा ना होने की वजह से मतदान में काफी बाधा आ रही है क्योंकि मतदाता अनजाने में मोबाइल फोन अपने साथ रखता है।

### मऊः भाजपा प्रत्याशी अशोक सिंह ने कहा- डर से मुख्तार अंसारी ने छोड़ा चुनाव मैदान

मऊ। बाहुबली मुख्तार अंसारी के चुनाव न लड़ने को लेकर मऊ सदर से भाजपा प्रत्याशी अशोक सिंह ने जमकर हमला बोला है। उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि अपने आप को बाहुबली मानने वाला मुख्तार इस बार के विधानसभा चुनाव में हार के डर से मैदान छोड़ चुका है। मुख्तार ने अपनी जगह बेटे को मैदान में उतारा है। वह खुद चुनाव लड़े या बेटा, बात तो एक ही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अभी तक मुख्तार अंसारी सरकारों के संरक्षण पर गुंडागर्दी करता रहा है और चुनाव लड़ता और जीतता रहा है। पहली बार आमजन ने पांच वर्ष के योगी सरकार के सुशासन को देखा है। जो जनप्रतिनिधि 17 साल से जेल में हो, वह कैसा विकास करेगा, जनता जानती है। अब योगी आदित्यनाथ की सरकार है। जहां न तो गुंडई चलेगी और नहीं दबंगई। इसका खामियाजा ऐसे लोग भुगत चुके हैं। अशोक सिंह ने कहा कि उनके भाई का दोष क्या था।

### जेल में बंद विजय का परिवार मंच पर फूट-फूट कर रोया, बेटी ने जनता से की अपील

भदोही। जिले के ज्ञानपुर विधानसभा से चुनाव लड़ रहे जेल में बंद बाहुबली विधायक विजय मिश्रा के पक्ष में चुनावी जनसभा में उस समय महौल बदल गया जब कार्यक्रम में मिश्रा की पत्नी एवं बेटी फूट-फूट कर रोने लगी। यहां पर मौजूद लोगों में सन्नाटा छा गया। वहीं उनकी अधिवक्ता बेटी रीमा पांडेय ने कहा कि भदोही की जनता ने मेरे पिता को हमेशा प्यार दिया है। मुझे एक बार फिर जतना से उम्मीद है इस बार भी जनता उन्हें अपना प्यार देकर सेवा का मौका देगी। पांडेय ने कहा कि आने वाले 10 तारीख को मैं अपने पिता को खुशी का संदेश दे सकूं। विधायक विजय मिश्रा प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के टिकट पर पांचवीं बार विधायक बनने के लिए ज्ञानपुर विधानसभा से चुनावी मैदान में हैं। बता दें कि कि विजय मिश्रा भदोही जिले की ज्ञानपुर विधान सभा सीट से चार बार विधायक रह चुके हैं।

# डबल इंजन सरकार में विकास नहीं भ्रष्टाचार और अन्याय डबल हुआः सपा

**बलरामपुर, एजेंसी**



सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा परेड ग्राउंड में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण से सपा-गठबंधन ने बड़ी बढ़त बना ली है। कई जिलों में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। छठें चरण में बलरामपुर के लोग भाजपा का खाता नहीं खुलने देंगे। बलरामपुर के लोग डबल इंजन सरकार की झूठ की पटरी को उखाड़ फेंक देंगे। 2017 से भाजपा की डबल इंजन सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार और अन्याय डबल हुआ है।

कोरोना महामारी आने पर लोगों को दवा के लिए तरसना पड़ा। अस्पताल में बिस्तर में ऑक्सीजन ना मिलने से लोगों की जान चली गई। हजारों लोगों की मौत हुई लेकिन सरकार सही आंकड़ा नहीं बता पाई है। सपा अध्यक्ष ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर जमकर निशाना साधा। कहा, भाजपा में जो बड़ा नेता है वह बड़ा झूठ बोलता है और जो सबसे बड़ा नेता है वह सबसे बड़ा झूठ बोलता है। अखिलेश ने अमित शाह पर चुटकी लेते हुए कहा, 12वीं पास करने के बाद इंटर में प्रवेश लेने वाले को लैपटॉप देंगे। शुक्र है यह नहीं कहा कि 12वीं के बाद हाई स्कूल में प्रवेश लेने वाले को देंगे। उन्होंने आगे कहा, कई जिलों में किसानों के गन्ने का भुगतान नहीं हुआ। अगर सरकार बनी तो किसानों के लिए अलग से बजट रखकर 15 दिन के अंदर गन्ना मूल्य भुगतान कराएंगे। भाजपा सरकार में गरीबों से पैसा निकालकर अमीरों की तिजोरी भरी जा रही है। कहा कि बाबा के चेहरे पर 12:00 बजे हैं। मुख्यमंत्री आवास से धुआं उठता देख रहा हूं। बाबा जी ने गोरखपुर की टिकट 11 तारीख की बुक करा ली है। मैं बाबा से कहना चाहता हूं कि अगर अपने घर जाओ तो बिस्कुट जरूर लेकर जाना।

अखिलेश ने भाजपा पर तंज करते हुए कहा कि बाबा जी कह रहे हैं कि हमने एक करोड़ स्मार्टफोन दिए हैं। बलरामपुर वालों के हाथ में वही स्मार्टफोन तो नहीं है।अगर समाजवादी की सरकार बनी तो युवाओं को तकनीकी व रोजगार प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। 22 लाख युवाओं को रोजगार दिलाया जाएगा।कोरोना काल में जिस एंबुलेंस ने लोगों की मदद की है वह समाजवादी पार्टी की देन है।सरकार बनी तो लोगों को निशुल्क सेवा के लिए एंबुलेंस दोगुनी की जाएगी।बाबा ने जब से 100 नंबर का 112 किया, हमारी पुलिस का भी कबाड़ा कर दिया।सरकार में 11 लाख पद खाली है।सबसे ज्यादा शिक्षा विभाग में खाली है।

सरकार आई तो 300 यूनिट बिजली होगी माफः सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली माफ होगी। किसानों की सिंचाई के लिए बिजली पूरी तरह माफ होगी।भाजपा को पता नहीं कि जनता में उनके खिलाफ 440 वोल्ट का करंट फैला है।भाजपा ने दलितों का सम्मान लूटने का काम किया है।बाबा मुख्यमंत्री को शीशा देखना चाहिए, वही दंगेश हैं।जो गर्मी निकाल रहे थे, उनकी ऐसी भाप निकालना कि धुआं दूर तक दिखाई दे।सपा सरकार बनेगी तो पुरानी पेंशन बहाल होगी।अनुदेशकों लिख लो तुम्हारे लिए भी काम होगा।गरीबों को भोजन कराने के लिए समाजवादी कैंटीन खोली जाएगी।प्रधानमंत्री पर तंज कसा कहा कि कि पीएम सबको पीएम (पकौड़ा मेकर) बना रहे थे।कहा कि पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी के साथ बहुत अन्याय हुआ है। पूर्व सांसद डा विनय पांडेय का स्वागत किया।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर 5 लोगों को सोने के साथ पकड़ा गया

लखनऊ। लखनऊ हवाईअड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 1.31 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी के आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में दुबई से आए 3 यात्री भी शामिल हैं। एक सीमा शुल्क अधिकारी ने कहा, विशिष्ट सूचना पर सीमा शुल्क टीम ने 3 लोगों को रोका और उनकी तलाशी ली। उनकी व्यक्तिगत खोज के दौरान, पूरी तरह से 3,093 ग्राम वजन के सोने के पेस्ट के पैकेट बरामद किए गए। इन्हें बड़ी चालाकी से बेल्ट क्षेत्र के अंदर और दोनों यात्रियों द्वारा पहनी गई जींस के अंदरूनी हिस्से में छुपाया गया था। तीसरे यात्री की पहचान दोनों यात्रियों ने अपने हैंडलर के रूप में की। अधिकारी ने कहा कि सोने के पेस्ट से 1,31,09,250 रुपये मूल्य का 2,497 ग्राम मानक सोना बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान, हैंडलर ने स्वीकार किया कि उसे दो यात्रियों के साथ सोने का पेस्ट दो सहयोगियों को सौंपना था, जो हवाई अड्डे के बाहर उसका इंतजार कर रहे थे। इन दोनों की भी पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। सभी 5 व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया गया और बरामद सोना जब्त कर लिया गया।

# औरैया में 25 मिनट बाधित रहा दिल्ली-हावड़ा रूट

## गाय टकराने से खड़ी रही मालगाड़ी

**औरैया, एजेंसी**




दिल्ली-हावड़ा रेल रूट पर एक बार फिर मालगाड़ी की चपेट में एक गाय आ गई। घटना शनिवार की सुबह 9.45 बजे की है। कंचौसी रेलवे स्टेशन की पूर्वी क्रासिंग से पास होते समय गाय मालगाड़ी के इंजन से टकरा गई। जिससे गाय के परखच्चे उड़ गए। बम्फर हाईट में मांस के टुकड़े फंसने से लोको पायलट ने मालगाड़ी रोक दी। स्टेशन स्टाफ को सूचना दी। तकरीबन 25 मिनट तक मालगाड़ी रुकी रही। स्थिति सामान्य होने पर थमा रेल संचालन बहाल हो सका। कंचौसी रेलवे स्टेशन की पूर्वी क्रासिंग पर शुक्रवार की सुबह भी एक मालगाड़ी के इंजन से गाय टकरा गई थी। करीब 45 मिनट तक दिल्ली-हावड़ा रूट बाधित रहा था। शनिवार को ऐसा ही हादसा एक बार फिर हुआ। पूर्वी क्रासिंग पर घटना 9.45 बजे हुई। सुबह 10.10 बजे तक मालगाड़ी रुकी रही। इसमें क्रासिंग के दोनों ओर वाहनों का जाम रहा। ट्रेन पास होने के चलते क्रासिंग को बंद किया गया था। गेटमैन के अनुसार इटावा से कानपुर की ओर जा मालगाड़ी क्रासिंग से डाउन लाइन से निकल रही थी। इसी दौरान एक गाय ट्रैक पर आ गई। जिसके इंजन से टकराने से लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी। गार्ड को हादसे की जानकारी देते हुए कंट्रोल रूम को घटना बताई गई। घटना जानकारी होते रेलकर्मी मौके पर पहुंच गए। वहीं इंजन के बम्फर हाईट में फंसे शव के लोथड़े बाहर निकाले गए। इसके बाद स्थिति सामान्य देख मालगाड़ी को गंतव्य की ओर रवाना किया गया। स्टेशन पर पीछे आ रही एक मालगाड़ी को रोका गया था। स्टेशन अधीक्षक विशम्भर दयाल पांडेय ने बताया कि गाय के शव को ट्रैक से हटवाया गया था। इसके बाद मालगाड़ी को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

# यूक्रेन से भारत आने वाले प्रदेश निवासियों को सरकारी खर्च पर घर पहुंचाएगी योगी सरकार

**लखनऊ, एजेंसी**



केन्द्र सरकार के विदेश मंत्रालय के प्रयास से यूक्रेन में फंसे भारत के लोगों को स्वदेश लाया जा रहा है। कीव में भारतीय दूतावास के साथ विदेश मंत्रालय बराबर संपर्क में है। भारत आने वाले उत्तर प्रदेश के सभी निवासियों को नई दिल्ली से उनके घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार ने ले ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राजस्व विभाग इन सभी को उनके निवास तक पहुंचाएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने यूक्रेन से उत्तर प्रदेश के निवासियों के आगमन पर उन सभी को उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था कर ली है। इसके लिए नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के स्थानिक आयुक्त को नई दिल्ली के एयरपोर्ट पर यूक्रेन से वापस आने वाले प्रदेश के नागरिकों की सुविधा के लिए काउंटर स्थापित करने का निर्देश भी दिया गया है। यहां पर वापसी करने वाले उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिए हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराया गया है, जिससे कि वह लोग नई दिल्ली में स्थानिक आयुक्त के स्टाफ से संपर्क कर केन्द्र सरकार व अन्य समस्त संबंधित से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश के स्थानिक आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि वह यूक्रेन से वापस आने वाले प्रदेश के नागरिकों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट पर काउंटर स्थापित करें तथा केंद्र सरकार व अन्य समस्त संबंधित से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। उत्तर प्रदेश सरकार ने यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रदेश के सभी विद्यार्थी या अन्य नागरिक तक सहायता पहुंचाने के लिए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय दूतावास, कीव से समन्वय के राहत आयुक्त एवं सचिव, राजस्व विभाग रणवीर प्रसाद को नोडल अधिकारी नामित किया है। इसके साथ ही इस आपदा में फंसे लोगों के लिए लखनऊ में राज्य कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

## 2017 से पहले सिर्फ सैफई खानदान का होता था विकास : योगी

अम्बेडकरनगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अम्बेडकरनगर के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सपा, बसपा पर जमकर निशाना साधा। योगी ने कहा 2017 से पहले लोगों के साथ भेदभाव किया जाता था। सिर्फ सैफई खानदान के विकास पर काम किया जा रहा था। बिजली सिर्फ सैफई खानदान को मिलता था। सपा शासन काल में गरीबों के राशन को मुखिया हड़प जाते थे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये कथित समाजवादी है। इनका उउद्देश सिफ परिवार का विकास है। भाजपा सरकार में राशन माफियाओं पर बुलडोजर चल रहा है जिससे समाजवादी पार्टी को दर्द हो रहा है। उन्होंने सपा शासन काल में रामभक्तों पर गोली चलाई गई। समाजवादी रुप बदलने में माहिर है, जो समाजवादी तमंचा लेकर घूमते थे आज वो हनुमान जी की गदा लेकर घूम रहे है। ये भाजपा की वैचारिक जीत है। उन्होंने कहा 2024 तक ये तमंचा वाले लोग कावड़ यात्रियों की सेवा करते हुए नजर आएंगे।

# राजा भैया की अखिलेश यादव को खुली चुनौती

**लखनऊ, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ की कुंडा विधानसभा सीट पर तीन दशक से अपनी बादशाहत जमाने वाले निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को खुली चुनौती दे दी है। प्रतापगढ़ के कुंडा में 27 फरवरी को मतदान होना है। कुंडा में शुक्रवार को प्रचार के अंतिम दिन एक सभा में राजा भैया के सब्र का बांध टूट गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष बड़ी गलतफहमी में हैं कि वह सरकार बनाने जा रहे हैं। उनकी गलतफहमी 11 मार्च तक दूर हो जाएगी। इसके बाद उन्होंने अखिलेश यादव के कुंडा में कुंडी लगाने के बयान पर भी अपनी काफी तीखी प्रतिक्रिया दी।

रघुराज प्रताप सिंह ने कहा कि किसी भी मंच से हमने अभी तक किसी के खिलाफ भी अभद्र भाषा का प्रयोग नहीं किया, लेकिन किसी में भी कोई बात को सहन करने की सीमा होती है। हम भी काफी दिन से सहन कर रहे थे, जब अखिलेश यादव ने प्रतापगढ़ की सभा में कहा था कि कुंडा में इस बार तो कुंडी लगवा देंगे। राजा भैया ने कहा कि कुंडा में रविवार को मतदान है और इसके परिणाम आने के बाद अखिलेश यादव को भी अहसास हो जाएगा। उनकी सारी गलतफहमी भी दूर हो जाएगी। राजा भैया ने इस दौरान कहा कि फिलहाल तो काई माई का लाल ऐसा नहीं है तो कि कुंडा में कुंडी लगा दे। कुंडा में कुंडी लगाने वाला कोई माई का लाल अभी तक तो पैदा नहीं हुआ है।

कुंडा से पहली बार अपनी पार्टी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक से चुनाव के मैदान में उतरे रघुराज प्रतापञ्ञ सिंह राजा भैया ने प्रतापगढ़ के बाबा गंज से अपनी पार्टी के प्रत्याशी बाबा सरोज को भी उतारा है। बाबा सरोज भी रघुराज प्रताप सिंह के समर्थन से बीते दो बार से विधायक हैं। कुंडा विधानसभा के बिहार बाजार में शुक्रवार को चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कुंडा में कुंडी लगाने वाला अब तक इस धरती पर कोई माई का लाल नहीं पैदा हुआ है। कुंडा को कुंडी बना देने की बात करने वाले सपा सुप्रीमों को गलतफहमी है कि उनकी सरकार बनने जा रही है। वह मुगालते में ना रहें। ने तो उत्तर प्रदेश में उनकी सरकार बनने जा रही है और ना ही वह बनने देंगे।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश ने गुरुवार को प्रतापगढ़ के कुंडा विधानसभा क्षेत्र के छेऊंगा व सदर के मंदाह में आयोजित जनसभा में राजा भैया का बिना नाम लिए जनता से कहा कि कुंडा में कुंडी लगा दो। उनके इस बयान के अगले ही दिन यानी शुक्रवार को पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने तगड़ा पलटवार किया। राजा भैया ने कहा कि हम तो अखिलेश यादव के इस बयान के बाद भी बहुत बर्दाश्त कर रहे थे, लेकिन बात सीमा के बाहर की है। अब तो उनको अपनी ताकत का अहसास कराना ही है। राजा भैया ने कहा कि अखिलेश यादव ने सोचा भी तो कुंडा में कुंडी लगाने के प्रयास उनकी सात पीढ़ी भी लगें तब भी कुंडा में ना तो कुंडी लगा पाएंगे और ना ही कुंडा को कुंडी बना पाएंगे।

# लखनऊ के गुडंबा इलाके में झुग्गी बस्ती में भीषण आग

**लखनऊ, एजेंसी**



गुडंबा इलाके के जाहिरापुर गांव में शनिवार सुबह झुग्गी बस्ती में आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की तपिश से झोपड़ पट्टियों में रखे गैस सिलिंडर फटने से हुए ताबड़तोड़ धमाकों से इलाके में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब आधा दर्जन गाड़ियों की मदद से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। जाहिरापुर गांव में स्थित झुग्गी बस्ती में एक बस्ती से शनिवार सुबह धुआं और आग की लपटें निकलती देख आस पड़ोस के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। दूसरी झोपड़ी में रह रहे फुरकान दौड़े उन्होंने पड़ोसियों की मदद से बाल्टियों से पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वहीं, अन्य लोग झोपड़ पट्टी से अपना-अपना समान निकालने लगे। इस बीच आग बेकाबू हो गई। आग की तपिश से झुग्गी बस्ती में रखे गैस सिलिंडर धमाकों के साथ फटने लगे। बस्ती में भगदड़ मच गई। लोग सुरक्षा की दृष्टि से बाहर निकल आए। लोगों ने दमकल को सूचना दी। सूचना मिलते ही इंदिरानगर, चौक और बीकेटी फायर स्टेशन से गाड़ियां पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। सीएफओ (चीफ फायर अफसर) विजय कुमार सिंह ने बताया कि बस्ती में कबाड़ का काम करने वाले रहते हैं। आग की चपेट में आने से कबाड़ का सामान, बोतलें और प्लास्टिक जली है। कोई हताहत नहीं हुआ है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

## शादी का झांसा देकर ठगी कर रही गाजीपुर व बलिया की युवतियां

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह की दो युवती समेत तीन सदस्यों को कांट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तीनों गाजीपुर व बलिया जिले की रहने वाली है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। कांट थाना क्षेत्र के उड़ेला गिरधरपुर गांव निवासी नेत्रपाल ने अपने भाई राजेश की शादी के नाम पर 50 हजार रुपये नकदी ठगने का मुकदमा 25 फरवरी को कांट थाने में दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज त्यागी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस ने गिरोह की तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमे गाजीपुर जिले के मरदाह थाना क्षेत्र के चचमा गांव निवासी राधिका, इसी थाना क्षेत्र के कैथोल गांव निवासी शीतला देवी व बलिया जिले के हलदरपुर थाना क्षेत्र के इंदारा गांव निवासी रिया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज त्यागी ने बताया की तीनों से पूंछताछ चल रही हैं। तीनों शादी के नाम पर लोगों से ठगी करती थी।

# बूंदाबांदी के बाद दोपहर में खिली धूप ने दिया सुकून

**मेरठ, एजेंसी**



मेरठ में शनिवार की सुबह से ही बारिश का दौर शुरू हो गया है। वहीं शनिवार को दोपहर में निकली धूप ने राहत दी। शुक्रवार की रात में अचानक हुई बारिश के साथ तापमान में गिरावट देखी गई। शुक्रवार की रात में अचानक हुई बारिश के साथ तापमान में गिरावट देखी गई। रात में पहले तो बूंदाबांदी हुई और बाद में तेज बारिश ने मौसम में बदलाव कर दिया। वहीं मौसम में शनिवार को बदलाव देखने को मिलेगा। आसमान पर बादलों की चहलकदमी रहेगी। कहीं कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम में यह परिवर्तन हिमालय क्षेत्र में पश्चिम विक्षोभ के चलते होगा। रविवार को दोपहर में मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। शुक्रवार अधिकतम तापमान सामान्य दो डिग्री अधिक 26.5 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री रहा। वहीं शनिवार को सुबह के समय आसमान पर घने बादल देखे गए और कुछ स्थानों पर कोहरा भी देखने को मिला।

जनपद में फरवरी में अब तक औसत से कम बारिश हुई है। फरवरी में 29 मिलीमीटर बारिश होती है। अभी तक 21 मिलीमीटर बारिश हुई है। इसके पहले जनवरी में औसत की तुलना में भारी बारिश देखने को मिली थी। कृषि प्रणाली संस्थान के प्रधान मौसम वैज्ञानिक डा. एन सुभाष ने बताया कि शनिवार को दिन के तापमान में कमी दर्ज की जाएगी। रविवार के बाद दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। न्यूनतम तापमान जो अभी 10 डिग्री से कम पर बना हुआ है। आने वाले दिनों में 15 डिग्री के आसपास पहुंच जाएगा।

**शामली और बागपत में देररात बदला मौसम**

शामली में शुक्रवार देर रात से मौसम बदला है। रात में तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई थी। ओलावृष्टि भी हुई थी। बारिश शनिवार सुबह तक होती रही है। हालांकि फिलहाल बारिश रुकी है, लेकिन बादल काले घने बादलों से घिरा हुआ है। बारिश ओलावृष्टि से जहां मौसम में ठंडक बढ़ गई है तो वहीं फसलों को भारी नुकसान का अनुमान है। सरसों और गेहूं के साथ ही सब्जियों की फसलों को अधिक नुकसान है। वहीं बागपत में रात से हो रही बूंदाबांदी। आसमान में छाए काले बादल। तेज हवा चलने से बढ़ी ठंड। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से 25 और 26 फरवरी को हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। 26 के लिए यलो अलर्ट भी जारी। हिमाचल प्रदेश में मौसम में बदलाव आया है। बता दें कि जम्मू कश्मीर में भी सोमवार देर रात कश्मीर के उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश हुई थी। वहीं दूसरी ओर इस बारिश का किसानों को बेसब्री से इंतजार था। वेस्ट यूपी के भी कई स्थानों पर बारिश होगी।

## बादलों की गड़गड़ाहट संग हुई झमाझम बारिश



बिजनौर। आधी रात से मौसम ने करवट बदली। बादलों में गड़गड़ाहट के साथ बारिश शुरू हो गई।आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। रात से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। पिछले कुछ दिनों से जहां मौसम खुशनुमा हो गया था, वहीं, शुक्रवार आधी रात से मौसम ने अचानक करवट बदल ली। आसमान में बिजली कड़कने के साथ झमाझम बारिश होने लगी। आधी रात से मौसम में तेज चमक के साथ आसमान में काले बादल छाए गए। बारिश का सिलसिला जारी रहा। इससे मौसम एक बार फिर सर्द हो गया। बारिश से गन्ना की छिलाई प्रभावित हुई है। वही कुछ फसलों को नुकसान पहुंचने का भी अंदेशा है। बारिश से कोल्हू बंद हो गए हैं। शनिवार दोपहर तक जिलेभर में रुक-रुककर बारिश हो रही है। उधर, बारिश के चलते कांवड़ियों को परेशानी झेलनी पड़ी।

**जानकारी** बसों पर तिरंगा लगाकर छात्रों को रोमानिया भेजा जा रहा है

# यूक्रेन से छात्रों को बाहर निकालने में मददगार बने शोभित

**सहारनपुर, एजेंसी**



सहारनपुर जिले के शोभित सैनी यूक्रेन में फंसे छात्रों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। वे यूक्रेन की बिको विनियन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहे हैं और यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट इंडियन सोसायटी का अध्यक्ष हैं। इसीलिए शोभित पहले अन्य भारतीय छात्रों को वतन भेजने का प्रयास कर रहे हैं। शोभित भारतीय छात्रों को भेजने में पूरी मदद कर रहे हैं। यहां सहारनपुर के ग्राम धानवा के शोभित सैनी यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। हालांकि अभी बड़ी संख्या छात्र यूक्रेन में ही फंसे हुए हैं।

शोभित के पिता डा.राधेश्याम सैनी ने बताया कि शोभित सैनी अपनी यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट इंडियन सोसायटी का अध्यक्ष हैं, इसलिए वह खुद आने की पहल नहीं कर रहा है। क्योंकि उसकी यूनिवर्सिटी में 1072 इंडियन छात्र हैं जिनको वह पहले भिजवाने की व्यवस्था में लगा हुआ। शोभित के प्रयासों से 480 छात्र शनिवार को इंडिया के लिए चल दिए हैं। बाकी बचे हुए छात्र भी जल्द इंडिया आएंगे। शोभित ने बताया कि बिको विनियन यूनिवर्सिटी से रोमानिया 25 किमी दूर है, जिससे बसों पर तिरंगा लगाकर उनको रोमानिया भेजा जा रहा है। बसों के आगे और पीछे वहां की आर्मी की गाड़ियां चल रही हैं। एक या दो दिन में सभी छात्रों की अपने वतन वापस लौटने की पूरी संभावना है। शोभित के इस प्रयास की सराहना की जा रही है।

सहारनपुर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत भारतीय दूतावास, कीव, यूक्रेन में मौजूद सभी भारतीयों को संभावित मदद पंहुचाने के लिए प्रयासरत है तथा विदेश मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय दूतावास, कीव, यूक्रेन द्वारा हेल्पलाईन संचालित किया गया है। रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि विदेश मंत्रालय भारतीय दूतावास हेल्प लाइन नम्बर +911123012113, +911123014104 एवं +911123017905, कन्ट्रोल रूम नम्बर 1800118797 जारी किये गये है। भारतीय दूतावास, कीव, यूक्रेन द्वारा निवेदन किया गया है कि व्यक्तियों एवं छात्रों की स्वदेश वापसी की व्यवस्था के संबंध में अपडेट

**आतंकी हमला**

- शोभित बिको विनियन यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहे हैं और यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट इंडियन सोसायटी का अध्यक्ष हैं
- शोभित सोसायटी का अध्यक्ष होने के नाते वह खुद आने की पहल नहीं कर रहा है
- शोभित के प्रयासों से 480 छात्र को इंडिया के लिए चल दिए हैं।

# सुलझी बरेली के विनय मर्डर केस की गुत्थी घर के सौ मीटर के दायरे में रहने वाले कातिल

**बरेली, एजेंसी**



**वारदात**

- सौ मीटर दायरे में रहने वाले परिचित ने ही साथियों के साथ मिलकर विनय की पर्दे से गला दबाकर हत्या की थी
- पुलिस के साथ लोग विनय के घर दाखिल हुए तो उनका शव ड्राइंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला था

सर्राफ विनय महाजन उर्फ राजू की हत्या में परिचित के शामिल होने व सौ मीटर दायरे में ही कातिल होने की बात पर आखिरकार मुहर लग गई। इधर, तफ्तीश में जुटी पुलिस की वहीं कहानी निकलकर आई। सौ मीटर दायरे में रहने वाले परिचित ने ही साथियों के साथ मिलकर विनय की पर्दे से गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में ले लिया है, पूछताछ जारी है। पुलिस हत्याकांड का राजफाश करने की तैयारी में है। बहेड़ी के रामलीला मुहल्ला निवासी अविवाहित विनय महाजन उर्फ राजू की 16 फरवरी को पर्दे से गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। वह घर पर अकेले ही रहते थे। उनके छोटे भाई राकेश पड़ोस के गांव सकरस और मनोज मां के साथ शाहजहांपुर के तिलहर में रहते हैं। 16 फरवरी यानी बुधवार की रात करीब 12 बजे पड़ोसी रिंकू रस्तोगी ने विनय के घर का दरवाजा खुला देखा तो उनके भाई मनोज को फोन कर बताया। मुहल्ले के रहने वाले बाबू जायसवाल और विकास गुप्ता आए। विनय को आवाज दी जाती रही लेकिन, विनय बोल नहीं रहे थे। फोन भी रिसीव नहीं कर रहे थे।

पुलिस के साथ लोग विनय के घर दाखिल हुए तो उनका शव ड्राइंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विनय की गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। उनके शरीर पर अन्य कही भी कोई चोट के निशान नहीं थे। विनय के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। माल बरामदगी व अन्य के संबंध में पूछताछ की जा रही है। हत्या के बाद हत्यारों ने डाका भी डाला था। घर की दो अलमारी के दरवाजे तोड़कर गिरवी की गाठें, दुकान के जेवर, मनोज के करीब चार सौ ग्राम जेवर, पापुलर बिक्री के रखे नौ लाख 80 हजार रुपये आदि लूट लिया गया था। लूट की वारदात के तरीके से ही पहले दिन से ही घटना में करीबी के शामिल होने की आशंका जताई जा रही थी।

## संक्षिप्त खबरें

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन



दानापुर। शनिवार को शाहपुर में लव एकेडमी अस्पताल के टीम की मदद से वार्ड पार्षद सुचित्रा देवी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। पार्षद सुचित्रा देवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष गरीब तबके के लोगों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एवं मुफ्त दवा वितरण का आयोजन होता आ रहा है। इस शिविर में समाजसेवी मनोज मास्टर जी, डॉ आदित्य बसु राज, डॉ पवन रॉय रजनीश कुमार कुणाल कुमार प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे।

### सी.पी वर्मा कॉलेज में शासी निकाय बैठक का आयोजन

बिहटा। शनिवार को बिहटा के सिमरी स्थित सी पी वर्मा कॉलेज प्रांगण में शासी निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बिहार विधान परिषद सदस्य सीपी सिन्हा ने किया। इस बैठक में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों का मानदेय में वृद्धि, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के अभावों पर विचार, विश्वविद्यालय के तरफ से आए पत्रों पर विचार एवं महाविद्यालय के विकास को लेकर बैठक में चर्चा हुई। वही इस बैठक मेडॉ एसएन आर्य, शिक्षाविद सदस्य सह सचिव डॉ विमल प्रसाद सिंह, विवि प्रतिनिधि सदस्य प्रो.जगत प्रसाद, शिक्षक प्रतिनिधि सदस्य तथा प्राचार्य डॉ रमेश प्रसाद वर्मा उपस्थित हुए। महाविद्यालय में बैठक के बाद वृक्षारोपण का भी कार्यक्रम किया गया जिसमें महाविद्यालय के वरीय शिक्षक डॉ. कमल मिस्त्री, प्रो.चितरंजन विश्वकर्मा, श्रीनिवास सिंह मो अब्दुल रसीद, रामरेखा राय, काशीनाथ पंडित आदि लोगो ने भाग लिया।

### अनाथ महिलाओं को कोविड-19 का दूसरा डोज दिया

पटना सिटी। पादरी की हवेली स्थित मिशनरी ऑफ चैरिटी अनाथालय में रह रहे 76 अनाथ महिलाओं को कोविड-19 से बचाव के लिए कोविशील्ड का दूसरा डोज दिया गया। इस दौरान पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने सभी अनाथ बच्चे एवं महिलाओं को बिस्कुट एवं टॉफी दिया। श्री चौधरी ने कहा है कि ऐसे लोगों की सेवा मानवता की सच्ची सेवा है।

# पीएम आवास योजना की हुई समीक्षा, राशि आवंटन के बाबजूद आवास नहीं बनाने वालों पर होगी कार्रवाई

## लाभुकों पर दायर नीलाम बाद निष्पादन की समीक्षा की गई

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता



उप विकास आयुक्त आशुतोष त्रिवेदी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रतीक्षा सूची में भूमिहीन लाभुकों को भूमि उपलब्ध कराने एवं उक्त योजना के अंतर्गत आवास निर्माण नहीं करने वाले लाभुकों पर दायर नीलाम पत्र वाद के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत भूमिहीनों को भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में तीव्र गति से कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि उनके लिए आवास का निर्माण कराया जा सके। प्रखंड वार निर्धारित लक्ष्य और उसके विरुद्ध अद्धतन स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के प्रतीक्षा सूची में जिले में भूमिहीन लाभुकों की संख्या 1224 है

**सुनिश्चित**

- राजेश कुमार द्वारा निर्देश दिया गया कि ऑनलाइन म्यूटेशन के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें

जिसमे में सबसे अधिक मुशहरी में 483 है जबकि कांटी में 165 है। 1224 भूमिहीन लाभुकों के विरुद्ध 1006 लाभुकों को अगले सप्ताह में भूमि उपलब्धता की प्रक्रिया पूर्ण कर लिया जाएगा। तत्पश्चात उन्हें पर्चा वितरण किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण नहीं करने वाले लाभुकों पर दायर नीलाम बाद निष्पादन की समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में वैसे 761 लाभुकों के विरुद्ध नीलाम पत्र वाद दायर किया गया है जिसमें 278 के विरुद्ध नोटिस किया गया है जबकि तामिला प्राप्त नोटिस की संख्या 174 है। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने सख्त निर्देश दिया कि अधिक से अधिक नोटिस निर्गत करें और उसका तमिला कराएं एवं तत्पश्चात विधि सम्मत अग्रेतर करवाई करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बैठक में ऑनलाइन म्यूटेशन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता राजेश कुमार द्वारा निर्देश दिया गया कि ऑनलाइन म्यूटेशन के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। उक्त कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बताया गया कि म्यूटेशन के अभी तक 341593 आवेदन प्राप्त हुए हैं इसके विरुद्ध 304244 आवेदनों का निष्पादन किया गया है जो कि लक्ष्य का 89.07% है। अपर समाहर्ता ने बताया कि जिन अंचलों की स्थिति संतोषजनक नहीं है उसके अंचलाधिकारी का वेतन स्थगित किया गया है और निर्देश दिया गया है कि ई म्यूटेशन से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निष्पादन तीव्र गति से करना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सहायक समाहर्ता श्रेष्ठ अनुपम ,अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी ज्ञान प्रकाश ,अनुमंडल पदाधिकारी पश्चिमी बृजेश कुमार ,डीसीएलआर पश्चिमी खगेस चन्द्र झा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुषमा कुमारी जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल सिंह सहित सभी प्रखंडों के अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# खाजासराय में लगाया गया थ्री फेज स्मार्ट प्रीपेड मीटर

दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो

शहरी क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं के घर एवं प्रतिष्ठान में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। शहर के वार्ड 46 खाजासराय निवासी मो सरफुद्दीन के यहां शुक्रवार को थ्री फेज पहला स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया गया। इस दौरान विद्युत विभाग जेई कैलाश कुमार, संजय महतो, लाइनमैन हिमांशु शेखर झा शामिल थे।

इस संदर्भ में विद्युत विभाग के जेई कैलाश कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर पहले से जागरूकता के चलते मीटर लगाने में कहीं से कोई बाधा या समस्या नहीं हुई। शहर में पिछले एक सप्ताह से विभिन्न माध्यम से माइकिंग कराकर विद्युत उपभोक्ताओं को नए स्मार्ट प्रीपेड मीटर के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आने वाले दिनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की रफ्तार में तेजी आएगी। बता दें कि नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा चयनित एजेंसी ईईएसएल एंड ईडीएफ के अधिकृत प्रतिनिधि की ओर से शहर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाया जा रहा है। उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर मोबाइल एप की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इससे वे प्रतिदिन की खपत की जानकारी ले सकते हैं। साथ ही वे मोबाइल एप



- स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने से उपभोक्ताओं को बिजली की बचत करने में मदद मिलेगी : जेई कैलाश

के माध्यम से मोबाइल फोन की तरह अपने प्रीपेड स्मार्ट मीटर का रिचार्ज भी कर सकते हैं।

बिजली का प्रीपेड मीटर निःशुल्क लगाया जा रहा है। जेई श्री कुमार कहना कि प्रीपेड मीटर एक डिजिटल मीटर की तरह काम करेगा। जिस प्रकार से प्रीपेड मोबाइल में जितना पैसा उतनी ही बात होती है। उसी तरीके से प्रीपेड बिजली मीटर में जितना पैसा होगा उतनी ही बिजली मिलेगी। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग जाने से उपभोक्ताओं को बिजली की बचत करने में मदद मिलेगी।

# जन औषधि संचालक मृतक रंजीत के परिजनों से मिलने पहुंचे पप्पू यादव



बिहटा, प्रात : किरण संवाददाता

बीते दो दिनों पूर्व जनऔषधि के दुकानदार रंजीत कुमार की अज्ञात अपराधियों ने गोलीमार कर हत्या कर दी थी।

जिसको लेकर शनिवार को जाप सुप्रीमो सह पूर्व सांसद पप्पू यादव ने मृतक के पैतृक गांव पांडेयचक गांव पहुँचकर परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। पप्पू यादव के साथ उनके पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रजनीश कुमार तिवारी भी मौके पर मौजूद रहे। वही इस मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि बिहार को बचाने के लिए एक बड़े जंग की जरूरत है। बिहार में एके-47एवं 56 कि सरकार है अपराधी आदमखोर हो चुके हैं आए दिन किसी न किसी की हत्या कर दे रहे हैं। अगर बात करे बिहटा की तो बालू माफिया, दारू माफिया एवं जमीन माफियाओं का साम्राज्य चल रहा है जिससे इस इलाके में लोग त्रस्त है इलाके में बालू और जमीन से संबंधित हत्या चरम पर हैं, बिहटा अपराध का जोन बन बन गया है, विकास क्या होगा इस इलाके में नेता और माफियाओं का साम्राज्य हो गया है, यही हालात और परिस्थितियां रही तो कोई घर नहीं बचेगा।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**पटना सिटी।** अगमकुआं थाना क्षेत्र के पहाड़ी के पास ट्रक के धक्के से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार की रात को घटी। बाइपास ट्रेफिक थाना की पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। मृतक की पहचान गौरीचक थाना क्षेत्र के उसफा गांव के रहने वाले बृजनंदन प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई। बाइक सवार धर्मेंद्र एक अन्य साथी के साथ पटना से पहाड़ी की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक के धक्के से यह हादसा हुआ। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजन घायल को लेकर एनएमसीएच पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एनएमसीएच टीओपी के एएसआई मो कलाम ने मृतक के भाई हरेंद्र कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है। बाइपास ट्रेफिक इंस्पेक्टर कुमार विरेन्द्र ने बताया कि ट्रक को जब्त कर लिया गया है, जबकि चालक फरार होने में सफल रहा। मामले की छानबीन की जा रही है।

# वैशाली के सरकारी और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शांतिपूर्ण शुरू हुई नौंवी कक्षा की वार्षिक परीक्षा

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेशानुसार सरकारी और मान्यताप्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में नौवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू की गई बोर्ड के निदेशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार से शुरू की गई है। परीक्षा दो पाली में संचालित की जाएगी। जिसमें प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 12:45 दोपहर तक और दूसरी पाली दोपहर 01:45 बजे से संध्या 05:00 बजे तक परीक्षा ली जाएगी।

शहर के एसएस गर्ल्स हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक मंजू मिश्रा ने बताया कि बोर्ड से जारी गाइर्ड लाइन के अनुसार शनिवार से दो पाली में परीक्षा संचालित की गई है। अब पुनः सोमवार से निर्धारित समय पर दो पाली में परीक्षा संचालित की जायेगी। उन्होंने बताया कि नौवी की परीक्षा दसवीं बोर्ड के तर्ज पर ली जा रही है। परीक्षा के लिए बोर्ड की ओर से ही प्रश्न पत्र



और ओएमआर सीट उपलब्ध कराया गया है। यह परीक्षा पुरी तरह से मैट्रिक परीक्षा की तर्ज पर संचालित की जा रही है। जिससे नौवीं के बाद 2023 में मैट्रिक परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों को मैट्रिक की फाइनल परीक्षा में किसी प्रकार की परेशानी नही और वे परीक्षा में बेहतर कर सके। नौवीं का रिजल्ट भी मैट्रिक परीक्षा की तरह उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर बोर्ड द्वारा भेजा जाएगा। बोर्ड के निदेशानुसार नौवीं कक्षा की सैद्धांतिक विषयों की परीक्षा जिले के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में शांतिपूर्ण संचालित की जा रही है। परीक्षा कार्य में लगे वीक्षक मुकेश शर्मा, अरविंद कुमार, अर्चना कुमारी, शालिनी भास्कर, विजय कुमार अग्रवाल, गोपाल कृष्ण, जयश्री ने बताया कि बोर्ड की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 28 फरवरी को प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान एवं दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। जबकि दो मार्च को प्रथम पाली में मातृभाषा एवं दूसरी पाली में द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा होगी।

तीन मार्च को ऐच्छिक विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### एमएलसी चुनाव की तैयारी को लेकर राजद ने की बैठक

**मधुबनी।** महागठबंधन जिला इकाई मधुबनी का एक दिवसीय बैठक राजद जिला अध्यक्ष सह लौकहा विधायक भारत भूषण मंडल की अध्यक्षता एवं संचालन में मिल्लत टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, मधुबनी के सभागार में स्थानीय प्राधिकार निर्वाचन क्षेत्र मधुबनी से विधान परिषद उम्मीदवार मो. मेराज आलम को विजयी बनाने एवं चुनाव से सम्बंधित तैयारी ,राजद के सदस्यता अभियान सहित कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए राजद जिला अध्यक्ष सह लौकहा विधायक भारत भूषण मंडल ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपनों को साकार करने के लिए महागठबंधन के एमएलसी उम्मीदवार मो. मेराज आलम को विजयी बनाने के लिए पार्टी सहित महागठबंधन के कार्यकर्ता लग जाएँ। महागठबंधन के एमएलसी उम्मीदवार मो. मेराज आलम ने कहा कि मैं चुनाव जीतकर विधान परिषद में जाता हूँ।

# महाशिवरात्रि पर विधि-व्यवस्था में सहयोग करें सदस्य

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

महाशिवरात्रि को लेकर चौक थाना में शनिवार को शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। इसमें थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता ने सदस्यों से महाशिवरात्रि पर विधि-व्यवस्था संधारण में सहयोग देने, सरकार के कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन करने और शोभायात्रा में डीजे व तेज आवाज में लाउडस्पीकर नहीं बजाने का निर्देश दिया।

महाशिवरात्रि महोत्सव समिति के संयोजक राजेश साह ने निकलने वाले शोभायात्रा के संबंध में बताया कि मालसलामी थाना क्षेत्र के सिमली से एक मार्च को निकाली जाने वाली शोभायात्रा अशोक राजपथ होते हुए गायघाट गौरीशंकर मंदिर जाएगी।शोभायात्रा के समय मांस-मछली की दुकान को बंद रखने एवं



सुरक्षा-व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम करने की बात कही।

बैठक की अध्यक्षता प्रभात जायसवाल, संचालन रामजी योगेश व धन्यवाद ज्ञापन अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने की।संजीव देवड़ा ने 14 मार्च को बिहारी मिल से निकलने वाले श्रीश्याम बाबा के शोभायात्रा फाल्गुन महोत्सव के बारे में ध्यानाकर्षण किया। बैठक में डॉ राजीव गंगौल, सुरेंद्र चौधरी, अंजू सिंह, प्रफुल्ल पांडेय, प्रदीप काश, गोविंद कानोडिया, मानस कपूर, प्रह्लाद यादव, बृजमोहन झा आदि मौजूद थे।

# कोर्ट परिसर में मुंशी कार्यालय का छप्पर गिरने से अफरातफरी

झंझारपुर, प्रात : किरण संवाददाता

झंझारपुर कोर्ट परिसर में स्थित मुंशी संघ के कार्यालय के बाहर लगे छप्पर का एकाएक गिर जाने के कारण भयंकर हादशा होते-होते बच गया। हालांकि छप्पर गिरने की आवाज सुन छप्पर के भीतर बैठे मुंशी एवं अन्य लोग समय रहते अपने को भाग कर जान बचाने में सफल रहे।

घटना के बाबत बताया जाता है कि अधिवक्ता लिपिक संघ के कार्यालय के बाहर बरामदे में घूप और बरसात से बचने के लिए करकट (चदरा) का छप्पर लगाया गया था। किन्तु बांस के खूंटों के सहारे लगाए गए छप्पर खूंटा के टूट जाने के साथ ही धरासाई होकर



गिर गया। छप्पर गिरने से हुई तिब्र आवाज को सुन कोर्ट के बाहर एवं अंदर में मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गया। हालांकि घटना स्थल पर पहुंचने के बाद इस घटना में किसी प्रकार की जानमाल का नुकसान न होने की खबर से सभी ने सूकून की सांस ली।

# सवा करोड़ की लागत के अस्पताल का विधायक सिद्धार्थ पटेल ने किया शिलान्यास

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पटेढ़ी बेलसर प्रखंड के साइन में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन निर्माण का शिलान्यास वैशाली विधायक सिद्धार्थ पटेल ने शिलान्यास पट पर लगे फीता कर क्लॉट हटा कर की। अतिरिक्त पीएचसी का निर्माण बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड पटना से कराई जा रही है।

जिसे मोकामा के मो. तारिक अनवर कंस्ट्रक्शन करेगी। अतिरिक्त पीएचसी साइन के नए भवन का निर्माण लगभग सवा करोड़ की लागत से निर्माण की जाएगी। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष



प्रेम कुमार निषाद एवं मंच संचालन सत्यनारायण पटेल ने की। इस मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सिद्धार्थ पटेल ने पटेढ़ी बेलसर के पीएचसी बेलसर और जारंग को सीएचसी में परिवर्तित होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यहां अनेक मूलभूत सुविधाएं भी बढ़ाई जा रही है। जिसमे एम्बुलेंस और जांच केंद्र सहित अन्य शामिल है। उन्होंने बताया कि बेलसर ओपी को थाना में अपग्रेड करने की तैयारी गृह विभाग से चल रही है। पटेढ़ी बेलसर प्रखंड की प्रमुख समस्या बाढ़ को लेकर वाया नदी के गाद की सफाई की भी योजना को जल्द ही पूरा किया जाना है। समारोह में बिहार मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड के कनीय अभियंता तलत इमाम खान ने विधायक को बुके देकर सम्मानित किया। विधायक ने भी महेश साह, इंद्रजीत सिंह, संगीता देवी, अमित कुमार, धीरन सिंह, उमेश सिंह, ब्रजदेव प्रसाद, बलिराम सिंह सहित अनेक लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्थानीय बीडीओ शशि प्रिय वर्मा, सुनील कुमार सुमन सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का हुआ आयोजन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता




दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत जीविका द्वारा रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन शनिवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में किया गया। अपने संबोधन में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा ने जीविका के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीविका ने बदलाव की दिशा में बेहतरीन कार्य किया है। रोजगार की बात हो या स्वरोजगार की सभी कार्य में जीविका अव्वल है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि रोजगार की कमी नहीं है, कमी है तो हुनर की।

जीविका युवाओं को हुनरमंद बनाने की दिशा में निरंतर सक्रिय है और रोजगार मेला उसकी बानगी है। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान ने जीविका के कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष जिले के सभी अनुमंडल में रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है जिससे बेरोजगार युवाओं को उनके रुचि के अनुसार रोजगार उपलब्धता का मंच मिले। सामुदायिक वित्त प्रबंधक कुणाल मिश्र ने जीविका द्वारा संस्थागत निर्माण, वित्तीय संपोषण, कौशल विकास आदि के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य को रेखांकित किया। सामाजिक विकास प्रबंधक मनोज रंजन, रोजगार प्रबंधक ने रोजगार मेले पर विस्तार से प्रकाश डाला। आयोजन से पूर्व अथितियों का स्वागत पौधा देकर जीविका दीदियों ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सदा प्रखंड के प्रखंड परियोजना प्रबंधक नीलेश कुमार सिन्हा ने किया। मंच का संचालन सयुंक्त रूप से बीपीएम सोनाली एवं मैनेजर मनोज कुमार मधुकर ने किया। रोजगार मेला में कुल 956 युवाओं ने अपना निबंधन करवाया।

सीधी भर्ती के तहत मिंडा में 112 एमएस एडवरटाइज में 47, वीकेसी में 22, बीएबल में 36, शिव शक्ति में 25, नव भारत में 12 युवाओं को रोजगार मिला, वहीं डीडीयूजीकेवाय के तहत जेआईटीएमएस में 115, कस्तूरबा में 30, एम्पावर में 35, कोलेक्सेंट में 52, आरसेटी में 110 युवाओं को प्रशिक्षण के लिए चुना गया। आरसेटी में कुल 110 युवाओं को विभिन्न ट्रेड के प्रशिक्षण के लिए भी चुना गया। आयोजन का उद्घाटन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, समस्तीपुर राजीव रंजन सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान, जीविका के प्रबंधक कुणाल मिश्रा, अभिषेक आनन्द, मनोज रंजन सहित अन्य अधिकारियों ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में संकुल संसाधन केंद्र खड़ौआ से 56 छात्र होंगे शामिल

**झंझारपुर।** जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में संकुल संसाधन केंद्र खड़ौआ से 56 बच्चें शामिल होंगे। संकुल संचालक सुनील कुमार दास ने कहा कि इस वर्ष राजकीय मध्य विद्यालय खडौआ से 30, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवानी कन्या से 13, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवानी से 5, राजकीय मध्य विद्यालय विष्टौल से 7 और मध्य विद्यालय सिरखड़िया से 1 छात्र शामिल हो रहे हैं । संकुल संचालक श्री दास ने कहा कि हमारे संकुल से अब तक 23 बच्चें इस परीक्षा में सफल हो चुके हैं। जिसमें राजकीय मध्य विद्यालय खडौआ से बीस, मध्य विद्यालय विष्टौल से एक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवानी कन्या से एक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवानी से एक शामिल हैं। वरीय शिक्षक ज्योति कुमार झा ने कहा कि इस तरह के परीक्षा में भाग लेने से बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। शिक्षक गौरीशंकर साह ने बताया कि वह हमेशा राष्ट्रीय आय सह मेधा छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में शामिल होने के लिए बच्चों को प्रेरित करते रहते हैं। जिसका परिणाम है कि संकुल संसाधन केंद्र, खड़ौआ से 56 बच्चें इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

# चैली टाल-काजीबाग रोड खोद कर छोड़ा, जनता परेशान



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड 58 में चैली टाल महावीर मंदिर से लेकर काजीबाग तक सड़क को काट कर छोड़ दिया गया है। इससे अनेक मुहल्ले के लोग प्रभावित हो रहे हैं।

लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और गरीब जनता को ठेला-गाड़ी या अपने घर से दोपहिया वाहन ले जाने और निकालने में परेशानी हो रही है। रोजी रोटी कमाने के लिए लोगों को दिक्कतें आ रही हैं। अब तक कोई इसको देखने तक नहीं आया है। पूर्व पार्षद व जदयू नेता प्रमोद गुप्ता ने कहा कि वार्ड 58 की जिस वार्ड का पार्षद मेयर हो और वह अपने वार्ड के एरिया को चुन-चुन कर वोट की खातिर उपेक्षा एयर विकास करता हो, उसे आने वाले चुनाव में जनता सबक सिखाने का काम करेगी।

दरअसल 15 दिन से अधिक हो गया और रोड को खोद कर छोड़ दिया गया है। मलबा तक नहीं हटाया गया है और न ही रोड का निर्माण किया जा रहा है। इस रास्ते से बड़ी संख्या में लोग गुजर आगे का सफर तय करते हैं।

### अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर हुई बैठक

**दरभंगा।** जिलाधिकारी राजीव रौशन की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अन्तर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक से मुआवजा के लिए कुल 14 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें 4 प्रस्ताव त्रुटिपूर्ण, शेष 10 मुआवजा प्रस्ताव एवं पूर्व के त्रुटिपूर्ण मामलों में से 1 मामलों का वांछित कागजात प्राप्त हुए तथा 8 वादी, वादनी द्वारा द्वितीय किस्त मुआवजा भुगतान से संबंधित अंतिम प्रतिवेदन के साथ अभ्यावेदन प्राप्त हुआ। इस प्रकार कुल 19 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिन्हें दर्ज प्राथमिकी एवं चार्जशीट के आधार पर मुआवजा देने की स्वीकृति प्रदान की गयी। इनमें 1 मामलें हत्या और अपहरण के एवं 18 मामले गाली-गलौज, मारपीट करने तथा जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने से संबंधित शामिल थे। ज्ञात हो कि प्राथमिकी दर्ज होने के उपरांत देय मुआवजा का 25 प्रतिशत राशि तथा चार्जशीट होने के उपरांत पर देय मुआवजा का 50 प्रतिशत एवं सजा मुकर्रर होने पर देय मुआवजा का शेष 25 प्रतिशत राशि प्रदान की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम जस्टिन टड्रो ने स्विफ्ट भुगतान प्रणाली से रूस को हटाने की मांग की

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टड्रो ने स्विफ्ट भुगतान प्रणाली से रूस को हटाने की मांग करते हुए रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। टड्रो ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कनाडा अन्य देशों के साथ सीधे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके सलाहकारों के आंतरिक सर्कल पर प्रतिबंध लगाने के लिए शामिल होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और पुतिन के चीफ ऑफ स्टाफ पर भी लागू होंगे। इसके अलावा, टड्रो ने अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय लेनदेन के लिए उपयोग की जाने वाली भुगतान प्रणाली स्विफ्ट से रूस को हटाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार भी कनाडाई रेड क्रॉस के माध्यम से यूक्रेनी राहत प्रयासों के लिए अधिकतम 1 करोड़ कनाडाई डॉलर का दान देने के लिए तैयार है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यूक्रेन पर प्रस्ताव पारित करने में विफल

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यूक्रेन पर एक मसौदा प्रस्ताव को पारित करने में विफल रही। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और अल्बानिया द्वारा प्रस्तावित मसौदा प्रस्ताव को स्थायी सदस्य रूस द्वारा वीटो किए जाने के कारण खारिज कर दिया गया। किसी भी निगेटिव वोट को परिषद में वीटो के रूप में जाना जाता है और पांच स्थायी सदस्यों का मतलब एक असफल संकल्प है।

### मलेशिया में 30,644 नए कोविड मामले मिले, 57 मौतें

कुआलालंपुर। मलेशिया में शुक्रवार मध्यरात्रि तक 30,644 नए कोविड-19 मामलों की सूचना मिली, जिससे देश में कुल 33,67,871 मामले हो गए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्रालय की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि 30,644 मामलों में से 257 गंभीर मामले हैं। इसके अलावा 57 मौतें हुई हैं, जिससे मरने वालों की संख्या कुल 32,591 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि, 22,678 लोग ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं। वहीं, ठीक होने वालों की संख्या 30,40,850 पहुंच गई है। 2,94,430 सक्रिय मामलों में से 332 मामले गंभीर है, जिनका इलाज चल रहा है। उनमें से 196 लोगों को सांस लेने में समस्या हो रही है।

### सिंगापुर में कोरोना के 18,597 नए मामले

सिंगापुर। सिंगापुर में शुक्रवार को कोरोना के 18,597 नए मामले सामने आए, जिससे कुल संक्रमित मामलों की संख्या बढ़कर 679,795 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, नए मामलों में से पीसीआर (पोलीमरेज चेन रिएक्शन) टेस्ट के माध्यम से 3,186 और एआरटी (एंटीजन रैपिड टेस्ट) के माध्यम से 15,411 मामलों का पता चला है। पीसीआर मामलों में 3,070 स्थानीय और 116 बाहरी मामले हैं, जबकि हल्के लक्षणों वाले और कम जोखिम वाले एआरटी मामलों में 15,313 स्थानीय और 98 बाहरी मामले शामिल हैं। वर्तमान में अस्पतालों में कुल 1,584 मामले हैं, जिनमें से 46 मामले गहन देखभाल इकाइयों में भर्ती हैं। मंत्रालय के अनुसार, कोरोना से 11 लोगों की मौत हुई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 986 हो गई है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नहीं हो सकी रूस की निंदा

## भारत ने बातचीत से ही समाधान निकलने की बात कहकर मतदान से दूरी बनायी

न्यूयार्क, एजेंसी

यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस की निंदा का प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। रूस ने मसौदा प्रस्ताव पर वीटो के अधिकार का प्रयोग कर निंदा एवं रूसी सुरक्षा बलों की तत्काल वापसी का प्रस्ताव पारित नहीं होने दिया। जबकि चीन और भारत मतदान से गैरहाजिर रहा। भारत ने बातचीत से ही समाधान निकलने की बात कहकर मतदान से दूरी बनायी।

दो दिन पूर्व यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की विशेष बैठक बुलाई गयी थी। बैठक के दौरान यूक्रेन में रूसी महासंघ के विशेष सैन्य अभियान की कठोर निंदा और रूसी सुरक्षा बलों की तत्काल वापसी के प्रस्ताव को पेश किया गया था। मतदान के दौरान प्रस्ताव को लेकर रूस ने अपने वीटो के अधिकार का प्रयोग कर दिया। इससे प्रस्ताव पारित नहीं हो सका।



अमेरिका और अल्बेनिया की ओर से पेश किये गए प्रस्ताव के मसौदे में यूक्रेन पर रूसी आक्रामकता की कड़े शब्दों में निन्दा की गई। साथ ही आम नागरिकों के हताहत होने पर गंभीर चिन्ता व्यक्त की गई। साथ ही रूस की ओर से यूक्रेन में ताकत के इस्तेमाल को तत्काल रोकने एवं यूक्रेन के क्षेत्र से सैन्य बलों की तत्काल बिना शर्त वापसी का आग्रह भी किया गया। प्रस्ताव के मसौदे में सभी पक्षों से यूक्रेन में सभी जरूरतमंद लोगों तक त्वरित, सुरक्षित व निर्बाध ढंग से मानवीय राहत पहुंचाने के प्रयासों को संभव बनाने का भी आह्वान किया गया।

**पारित**

- यूक्रेन पर हमले के खिलाफ निंदा व सेना वापसी का प्रस्ताव नहीं हो सका पारित

प्रस्ताव में यूएन चार्टर के अंतर्गत यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति संकल्प को फिर से पुष्ट किया गया। सुरक्षा परिषद के 15 में से 11 सदस्य देशों ने इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

जबकि रूस के वीटो से यह प्रस्ताव पारित नहीं किया जा सका। रूस सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य है और उसके मत को वीटो का दर्जा हासिल है। चीन, भारत और संयुक्त अरब अमीरात मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। भारत ने एक बार फिर बातचीत से ही रास्ता निकालने की बात कहते हुए मतदान से दूरी बनाई। भारत ने अफसोस जताते हुए कहा कि दोनों देशों ने कूटनीति का रास्ता जल्दी छोड़ दिया।

### रूस दौरे को लेकर घर में ही घिरे इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान को यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच मॉस्को दौरा करना जी का जंजाल बन गया है। खान के रूस दौरे को लेकर अपने देश में ही उनकी खासी आलोचना हो रही है। इस मामले में पाकिस्तानी मीडिया ने इमरान को फटकार लगा दी और उनके दौरे को गलत कूटनीति और गलत समय में लिया गया फूहड़ फैसला बताया है। इनसाइड ओवर में फेडरिको ग्यूलियानी ने कहा कि इमरान खान जब अपने देश में अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रहे हैं, ऐसे में यूक्रेन संकट के समय रूस जाकर पुतिन के साथ घनिष्ठता बढ़ाने की कोशिश बेहद बचकाना फैसला है। उनेहोंने लिखा कि युद्धरत रूस से कर्ज मांगना भी अनुचित है। इस आलेख में कहा गया है कि इमरान और पुतिन की मुलाकात में उन्हें किसी बड़े सौदे का वादा तक नहीं किया गया है। साथ ही इस बात की भी कोई उम्मीद नहीं है कि रूस उन्हें कोई कर्ज देना सुनिश्चित करेगा। आलेख में कहा गया है कि इमरान खान ने पाकिस्तानी आवास को दिलासा दिया कि वह रूस और भारत के बीच दूरी लाने में सफल रहे हैं। हालांकि हर किसी को पता है कि भारत और रूस के अलग होने का ख्याल भी बेवकूफी भरा है। खासकर तब जब रूस से रक्षा उपकरण खरीदने वाला भारत सबसे बड़ा खरीददार है। पाकिस्तानी मीडिया में इमरान के दो दिवसीय रूस दौरे को लेकर काफी किरकिरी हुई है। असल में उन्होंने मास्को एयरपोर्ट पर पहुंचते ही मीडिया के सामने ही कह दिया था कि वह बहुत सही समय पर आने से काफी रोमांच महसूस कर रहे हैं।

# घर-घर की तलाशी से दहशत में काबुल निवासी



काबुल, एजेंसी

काबुल शहर के निवासियों ने घर-घर जाकर तलाशी लेने की सूचना देते हुए कहा कि घरों पर छापेमारी से बच्चों और महिलाओं में दहशत फैल गई है। अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात ने कहा कि उसने सुरक्षा कड़ी करने के लिए काबुल और उसके पड़ोसी प्रांतों के कुछ हिस्सों में उप रक्षा मंत्री मुल्ला मोहम्मद फजल मजलूम की कमान में एक तलाशी अभियान शुरू किया है। सुरक्षा बलों ने काबुल के कई हिस्सों को कवर किया।

काबुल के रहने वाले सैयद अजीम ने कहा, करीब 10 से 15 लोग अचानक घर में घुस आए। वे कमरे, छत और रसोई सहित घर में हर जगह फैल गए और घर के अंदर तलाशी ली। राजधानी काबुल के कुछ निवासियों ने इस्लामिक अमीरात की सेनाओं द्वारा घर पर छापेमारी की आलोचना की। निवासी राशिद ने कहा, यह मनमानी कार्रवाई गलत है। उनके पास तलाशी की अनुमति होनी चाहिए और घरों की तलाशी लेने के लिए उनमें महिलाएं भी होनी चाहिए।

एक निवासी हारून ने कहा, अगर उनके पास किसी अपराध के बारे में जानकारी है, तो उन्हें इसकी तलाश में जाना चाहिए, लेकिन निर्दोष लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि छापेमारी का उद्देश्य लुटेरों, अपहरणकताओं और अन्य अपराधियों को हिरासत में लेना है जिन्हें पहले से ही खुफिया सेवा द्वारा पहचाना जा चुका है।

# यूएनएससी की कोई भी कार्रवाई यूक्रेन संकट को कम करने के लिए होनी चाहिए: चीनी राजदूत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि झांग जून ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की कोई भी कार्रवाई यूक्रेन संकट को कम करने के लिए सही मायने में अनुकूल होनी चाहिए। कोई भी कार्रवाई वास्तव में आग में घी डालने के बजाय संकट को कम करने के लिए अनुकूल होनी चाहिए। झांग ने यह टिप्पणी तब की जब परिषद अमेरिका और कुछ अन्य देशों द्वारा प्रस्तावित यूक्रेन पर एक मसौदा प्रस्ताव को अपनाने में विफल रही।

राजदूत ने कहा, इस स्थिति को अगर ठीक से संभाला नहीं गया और प्रतिबंध लगाए गए तो इससे संपत्ति को नुकसान होगा और अराजक स्थितियां और मतभेदों को सुधारने में अधिक कठिनाइयां हो सकती हैं। झांग ने कहा कि चीन यूक्रेन की स्थिति के ताजा घटनाक्रम को लेकर काफी चिंतित है। वर्तमान में, यह एक ऐसे बिंदु पर आ गया है जिसे चीन देखना नहीं चाहता।




राजदूत ने कहा, चीन हमेशा मामले की खूबियों के आधार पर अपनी स्थिति बनाता है। चीन इस बात की वकालत करता है कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को संयुक्त रूप से बरकरार रखा जाना चाहिए।

झांग ने कहा, हमने हमेशा सभी पक्षों से समानता और आपसी सम्मान के आधार पर शांतिपूर्ण तरीकों से एक-दूसरे की चिंताओं को दूर करने के लिए उचित समाधान तलाशने का आग्रह किया है। हम राजनयिक समाधान के लिए सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं और समाधान में रूसी संघ और यूक्रेन का समर्थन करते हैं।

झांग ने बताया कि पिछले सप्ताह में सुरक्षा परिषद ने दो आपातकालीन बैठकें की हैं और पार्टियों ने वर्तमान स्थिति पर अपनी स्थिति और चिंताओं के बारे में पूरी तरह से विस्तार से बताया है। राजदूत ने कहा, वर्तमान में बहुत जटिल और संवेदनशील स्थिति का सामना करते हुए सुरक्षा परिषद को एक आवश्यक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। साथ ही इस तरह की प्रतिक्रिया भी बेहद सतर्क होनी चाहिए। अगर यूक्रेन के मुद्दे को उचित तरीके से हल नहीं किया जा सकता है, तो झांग ने कहा, यह पूरी तरह से शांतिपूर्ण समाधान के लिए दरवाजा बंद कर सकता है और अंततः बड़ी संख्या में निर्दोष लोग शिकार होंगे। उन्होंने कहा, हमें अतीत में बेहद दर्दनाक अनुभव से गहरा सबक लेना चाहिए। इस कारण से चीन ने अभी मतदान में भाग नहीं लिया।

### दूर-दराज के जिले में अफगानी महिला ने बनाया लड़कियों का स्कूल

**शिबरघन।** देश के उत्तरी जावज्जन प्रांत में एक अफगानी महिला ने लड़कियों के लिए एक स्कूल बनाने में मदद की है, जिसका अफगानों ने देश में शिक्षा के विकास की दिशा में एक पहल के रूप में स्वागत किया है। जावजान प्रांत के दूर-दराज जिले अक्चो में, हाजी बीबी नजीरा ने 65,000 डॉलर की लागत से 650 वर्ग मीटर भूमि पर एक 12- क्लासरूम का स्कूल बनाया है, जो बड़े पैमाने पर लड़कियों के लिए स्कूल की कमी को हल करेगा। पिछले साल अगस्त के मध्य में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता संभालने के बाद से वह पहली महिला बन गई हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति से लड़कियों के लिये स्कूल का निर्माण किया है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि स्थानीय छात्राएं, जो टेंट के नीचे कक्षाओं में जाती थीं, उन्हें अब छतों के साथ पढ़ने के लिए जगह मिल गई है। शिक्षा विभाग के प्रांतीय निदेशक मोहम्मद ताहिर जवाद ने हाल ही में सिन्हुआ को बताया कि शिक्षा प्राप्त करना सभी के साथ-साथ पूरे समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

# भारत के स्कूल वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित

लंदन, एजेंसी

भारत के उत्कृष्ट स्कूलों को वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसमें इनामी राशि 2,50,000 डॉलर है। इसका आयोजन लंदन का टी4एजुकेशन और व्यावसायिक सेवा प्रदाता असेंचर मिलकर कर रहे हैं। पुरस्कार की शुरूआत इसी माह की गयी है और इसकी अवधारणा खासतौर पर कोविड-19के वक्त समाज की प्रगति में अहम भूमिका निभाने के लिए स्कूलों को सम्मानित करने की है। इसका लक्ष्य ऐसे स्कूलों को सामने लाने का है जो अपने छात्रों के जीवन में बदलाव ला रहे हैं।

गैर लाभकारी संगठन टीच फॉर इंडिया की मुख्यकार्यकारी अधिकारी शाहीन मिस्त्री ने कहा, भारत और दुनियाभर में हमने 650 दिन शिक्षा में बाधा को देखा है। स्कूल और उनके शिक्षकों ने इतने बड़े संकट के वक्त में छात्रों को शिक्षित करने के लिए अथक




प्रयास किए हैं। मिस्त्री इस नए पुरस्कार के लिए जजिंग अकादमी (निर्णायक मंडल) का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, अगर हम कोविड के दृष्टिगत शिक्षा में सुधार चाहते हैं तो हमें उनकी उपलब्धियों पर जश्न मनाना चाहिए और जिन चुनौतियों का उन्होंने सामना किया है, उनके समाधानों से सीखना चाहिए। पुरस्कार के लिए कई श्रेणियां है और हर श्रेणी के लिये छांटे गए शीर्ष 10 नामों की घोषणा इस वर्ष बाद में की जाएगी।

### यूक्रेन में रूस की कार्रवाई पोलैंड के नागरिकों के लिए भी समस्या: बुराकोव्स्की

**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूस के हमले का आज तीसरा दिन है। लोग अब किसी भी अनहोनी से बचने के लिए हर वो संभव कोशिश कर रहे हैं, जो उनके वश में है। हजारों लोग शहर छोड़कर दूसरे देशों में पलायन करते देखे जा सकते हैं। कार, बस, ट्रेनें और पैदल ही पोलैंड-हंगरी की तरफ निकल रहे हैं. कुछ लोग शेल्टर, अंडरग्राउंड सब-वे में रह रहे हैं। उम्मीद यही है कि जल्द सब कुछ सामान्य हो जाएगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वेलोडिमीर जेलेंस्की ने रूस से संवाद का आह्वान किया है। जेलेंस्की ने कहा कि बातचीत की मेज पर हर समाधान है। लेकिन रूस की तरफ से हमला जारी है। इस बीच भारत में पोलैंड के राजदूत एडम बुराकोव्स्की ने कहा कि पोलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देश रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले की निंदा करते हैं। पोलैंड यूक्रेन के साथ खड़ा है, हम रूसी आक्रमण की निंदा करते हैं। यूक्रेनियन बहुत देशभक्त लोग हैं जो अपने देश के लिए लड़ रहे हैं। पोलैंड के राजदूत एडम बुराकोव्स्की ने कहा कि यूक्रेन में रूस की आक्रामक कार्रवाई ने हमारे नागरिकों के लिए भी एक बड़ी समस्या खड़ी कर दी है।

# कुवैत ने राष्ट्रीय, मुक्ति दिवस को चिह्नित करने के लिए एयरशो का किया आयोजन

कुवैत सिटी, एजेंसी

कुवैत के राष्ट्रीय और मुक्ति दिवस को चिह्नित करने के लिए 25 और 26 फरवरी को समारोह आयोजित किए गए हैं। कुवैत सिटी के निवासियों ने कुवैत टावर्स के ऊपर फाइटर जेट्स को उड़ते हुए देखा। शुक्रवार को इस दिन को मनाने के लिए कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने सैन्य वाहनों और उपकरणों का एक शो आयोजित किया।

देश के कई हिस्सों में नागरिकों ने विभिन्न समारोहों में भाग लिया। नए कोरोना मामलों की संख्या में लगातार आ रही गिरावट के बाद देश ने 14 फरवरी को प्रतिबंधों में ढील दी और अधिक गतिविधियों को करने की अनुमति दी साथ ही स्वास्थ्य नियमों का पालन करने वाले लोगों को यात्रा करने की अनुमति दी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कई निवासियों ने इस साल कोरोना



प्रतिबंधों में ढील के बीच समारोह का स्वागत किया है। कुवैत के राष्ट्रीय दिवस को मूल रूप से 19 जून के लिए नामित किया गया था, लेकिन जून में भीषण गर्मी के कारण देश ने इसे 25 फरवरी को मनाने का फैसला किया।

कुवैत का मुक्ति दिवस हर साल 26 फरवरी को मनाया जाता है। यह अवकाश 1991 में सात महीने के इराकी कब्जे के बाद कुवैत की मुक्ति की याद दिलाता है।

# मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने यूक्रेन में तमिल छात्रों से बात कर जाना उनका हालचाल

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने शनिवार को यूक्रेन में फंसे तमिल छात्रों से बात की और उनका हालचाल जाना। साथ ही उन्होंने उनकी सुरक्षा और पीने के पानी और भोजन की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। कुछ मिनट तक चले वीडियो कॉल में मुख्यमंत्री ने छात्रों को आश्वासन दिया कि सरकार केंद्र के साथ बातचीत कर रही है और उन्हें वापस लाने के लिए कदम उठा रही है।

यूक्रेन में फंसे तिरुचि के छात्रों से बात करते हुए स्टालिन ने कहा कि वह उस देश में चल रहे घटनाक्रम को देखकर परेशान हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री से बातचीत करने वाले एक छात्र ने कहा कि वर्तमान में वह और उसके दोस्त सुरक्षित हैं और जिस क्षेत्र में वे रहते हैं वह गोलाबारी के अधीन नहीं है। मुख्यमंत्री के



कार्यालय के अनुसार, छात्र से कहा, मजबूत बनो। सरकार आप सभी को वापस लाने के लिए कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने पहले ही यूक्रेन में फंसे छात्रों के साथ-साथ उनके माता-पिता और रिश्तेदारों से संवाद करने के लिए एक हेल्पलाइन शुरू कर दी है। इसी तरह की एक हेल्पलाइन नई दिल्ली में तमिलनाडु भवन में स्थापित की गई है। जानकारी के मुताबिक, यूक्रेन में संकट सामने आने के बाद से अब तक 1,500 से ज्यादा लोग हेल्पलाइन के जरिए तमिलनाडु सरकार तक पहुंच चुके हैं। यूक्रेन में राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगभग 3,500 लोग हैं, जिनमें से अधिकांश छात्र हैं। भारतीय छात्रों को अपने वाहनों पर राष्ट्रीय ध्वज बांधकर सीमा तक वाहनों में यात्रा करने की अनुमति है। शनिवार की सुबह बुडापेस्ट से उड़ान भरने वाले कई तमिल छात्रों ने शिकायत की कि उन्हें सीमा पार करने की अनुमति नहीं है।

यूक्रेन में एमबीबीएस की तृतीय वर्ष की छात्रा सौम्या नाथन ने आईएएनएस को बताया, यह एक कठिन स्थिति है और हम बंकरों में रह रहे हैं। घर वापस आने का इंतजार कर रहे हैं और उम्मीद है कि हमें तमिलनाडु सरकार और भारत सरकार का यहां से निकालने में समर्थन मिलेगा।

# कुपवाड़ा के लोलाब से आतंकियों के दो सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर, एजेंसी

कुपवाड़ा जिले के लोलाब इलाके से सुरक्षाबलों ने आतंकियों के दो सहयोगियों (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पुलिस प्रवक्ता ने दी। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक कुपवाड़ा पुलिस ने 28 आरआर के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान राशिद अहमद पीर पिता अब्दुल अहद पीर निवासी टेकीपोरा, लोलाब और आदिल हुसैन शाह पिता गुलाम मोहम्मद शाह निवासी शत मुकम, लोलाब के रूप में हुई है।

प्रवक्ता ने कहा कि दोनों राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल थे और आतंकवादियों को सक्रिय समर्थन प्रदान करने के अलावा क्षेत्र में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के लिए आतंकवादी रैंक में शामिल होने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने कहा कि दोनों व्यक्ति



सुरक्षा बलों की नजर में तब आए जब उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद समर्थक गतिविधि में संदिग्ध पाया गया। जांच के दौरान दोनों व्यक्तियों के मोबाइल फोन से पोस्टर, फोटो, वीडियो और सक्रिय आतंकवादियों और उनके आकाओं के साथ बातचीत की सामग्री सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने कहा कि इस संदर्भ में संबंधित धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन सोगम में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है।

**कला** | जिक्र जुबान नहीं कर पाती उसका आभास महज एक चित्र करवा देता है

# चित्रकला में बेहतर कार्य कर रहा मशरिक आर्ट फाउंडेशन

कोलकाता, प्रात: किरण संवाददाता

एक छोटे से कागज पर बनाया गया चित्र बहुत कुछ बयां कर देता या बहुत बड़ी बात कह देता है और चित्र बनाने वाले (छात्र) व उसे सीखाने वाले (शिक्षक) की गुणवत्ता पर प्रकाश भी डालता है, शायद इसीलिए कहा गया है जिसका जिक्र जुबान नहीं कर पाती उसका आभास महज एक चित्र करवा देता है। वैसे चित्र बोलते नहीं, लेकिन एक बेहतरीन चित्र देखकर उसकी तारीफ में कला प्रेमी खुद को कुछ बोलने से रोक भी नहीं पाते।

ऐसे चित्र जिसे देख लोग दांतों तले अंगुलियां दबा ले, उन्हें बनाने के लिए चित्रकार को न केवल अपनी सोच का सौ फीसद देना पड़ता है, बल्कि शुरूआती दौर में काफी श्रम और समय भी खर्च करना पड़ता है। जिस जगह लोग चित्रकारी या चित्रकला का हुनर सीखने जाते हैं, उसे चित्रकारी विद्यालय, ड्राइंग स्कूल या आर्ट



सेंटर कहा जाता है। वैसे तो महानगर कोलकाता में सैकड़ों ऐसे संस्थान हैं जहां लोग चित्रकारी सीखने जाते हैं और कमोवेश सभी संस्थानों का मकसद चित्रकला सीखाने के एवज में धन कमाना होता है, लेकिन पार्क सर्कस इलाके के 10/3 ताल बागान लेन स्थित मशरिक आर्ट फाउंडेशन उन तमाम केंद्रों से बिल्कुल भिन्न है, जिनका उद्देश्य चित्र कला का ज्ञान देकर कमाई करना नहीं है। मशरिक आर्ट फाउंडेशन की स्थापना अगस्त 2016 में हुई और इन पांच-छह सालों में मशरिक आर्ट फाउंडेशन की संस्थापक व प्रिंसिपल अफरीन हक के सार्थक प्रयास की बदौलत मशरिक आर्ट फाउंडेशन ने काफी ख्याति अर्जित की है।

हालांकि मशरिक आर्ट फाउंडेशन को अस्तित्व में आए अभी कुछ साल ही हुए हैं, इसलिए इसे उभरता हुआ कहा जा सकता है, लेकिन अल्प समय में ही मशरिक आर्ट फाउंडेशन चित्रकारी, चित्रकला और इससे जुड़े छात्रों व कलाप्रेमियों के लिए जो किया है उसे देखते हुए यह कहने में

**उपलब्धि**

- जब से व्हाट्सएप्प से सुविधा उपलब्ध हुई तो उन्होंने खुद के बनाए चित्र व्हाट्सएप्प के माध्यम से अपने परिचितों को प्रेषित करना शुरू किया

कोई अतिश्योक्ति नहीं होनी चाहिए कि भविष्य में चित्रकारी की दुनिया में मशरिक आर्ट फाउंडेशन मील का पत्थर अवश्य साबित होगा।

मशरिक आर्ट फाउंडेशन की स्थापना के बारे में बताया कि अफरीन हक ने बताया कि उन्हें बचपन से ही चित्रकारी का शौक था और वे खाली समय में अपनी दिमागी उपज ने नाना प्रकार के चित्र बनाया करती थी, लेकिन जब से व्हाट्सएप से सुविधा उपलब्ध हुई तो उन्होंने खुद के बनाए चित्र व्हाट्सएप के माध्यम से अपने परिचितों को प्रेषित करना शुरू किया। इसके बाद लोगों की प्रशंसा और सलाहों का दौर शुरू हो गया, कोई तारीफ करता तो कोई स्कूल खोलने का मशवरा देता।

# शिवसेना नेता यशवंत जाधव के घर लगातार दूसरे दिन आईटी की तलाशी

मुंबई, एजेंसी

आयकर विभाग (आईटी) की टीम ने शिवसेना नेता यशवंत जाधव के घर लगातार दूसरे दिन शनिवार को भी तलाशी जारी रखी। पिछले 30 घंटे की छानबीन के बाद आईटी की टीम ने जाधव के घर से दो बैग कागजपत्र सहित डिजिटल सबूत बरामद किया है। खबर लिखे जाने तक आईटी की टीम मुंबई नगर निगम में हुए घोटालों के बारे में यशवंत जाधव से पूछताछ कर रही थी।

शिवसेना नेता व मुंबई नगरनिगम के स्थाई समिति के अध्यक्ष यशवंत जाधव के घर आईटी की टीम शुक्रवार को सुबह छह बजे पहुंची थी। इसके बाद आईटी की टीम ने यशवंत जाधव के सहयोगी विजय लिंचारे, बेटे निखिल जाधव के निवास पर भी छापा मारा था और तलाशी ली थी। आईटी की टीम यशवंत जाधव तथा उनके नजदीकी लोगों से



15 करोड़ रुपये के घोटाला मामले में छानबीन कर रही है। आईटी टीम ने शनिवार सुबह तक छापेमारी का ब्योरा मीडिया को साझा नहीं किया है, लेकिन बताया जा रहा है कि इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण सबूत आईटी के हाथ लगे हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. किरीट सोमैया ने यशवंत जाधव पर फर्जी शेल कंपनी गठित कर 15 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया था। उन्होंने मामले की शिकायत संबंधित विभाग में की थी। इसी शिकायत के आधार पर आयकर विभाग ने यशवंत जाधव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। इसके बाद यशवंत जाधव ने इसका जवाब आयकर विभाग को भेजा था। जाधव के जवाब से आयकर विभाग संतुष्ट नहीं हुआ था और सुबह से ही उनके घर पर जांच-पड़ताल कर रहा है।

### लद्दाख में कोविड-19 के 24 नये मामले

**लेह।** लद्दाख में कोविड-19 के 24 नये मामले सामने आए जिसके बाद यहां कोरोना वायरस के कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 27,971 हो गयी। बीते 24 घंटे में संक्रमण से किसी मरीज की मौत नहीं होने से मृतकों की तादाद 228 पर स्थिर रही। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक लद्दाख में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 230 हो गयी है। लद्दाख में अब तक कोविड-19 से 228 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें से 168 मरीजों की लेह में जबकि 60 मरीजों की मौत करगिल जिले में हुई। अधिकारियों के अनुसार संक्रमण के सभी नये मामले लेह में सामने आए। करगिल जिले में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या पांच बनी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख में 42 और मरीज संक्रमण मुक्त हुए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इन्हें मिला कर केन्द्र शासित प्रदेश में संक्रमण से उबरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 27,513 हो गयी।





## संक्षिप्त खबरें

### नोरी ने सितसिपास को हराया

अकापुल्को (मैक्सिको)। कैमरन नोरी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां स्टेफानोस सितसिपास को हराकर उलटफेर करते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। जनवरी में अपने चारों मुकाबले गंवाने के बाद नोरी फरवरी में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह इस महीने 10 मैच जीते चुके हैं जबकि एक मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने पिछले हफ्ते डेलरे बीच में अपने करियर का तीसरा एटीपी खिताब भी जीता। छठे वरीय नोरी ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराया। फाइनल में नोरी का सामना रफेल नडाल और डेनिल मेदवेदेव के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### एसी मिलान और इंटर मिलान के मुकाबले ड्रॉ

मिलान। इटली की फुटबॉल लीग में शीर्ष पर चल रहे एसी मिलान और गत चैंपियन इंटर मिलान को शुक्रवार को यहां सिरी ए में उनके प्रतिद्वंद्वियों ने बराबरी पर रोक दिया। इटली के अंडर-21 लेफ्ट बैक डेस्टिनी उडोगी (66वें मिनट) ने इतालवी लीग का अपना पहला गोल दागकर उडिनसे को एसी मिलान के खिलाफ 1-1 से मुकाबला ड्रॉ कराने में मदद की। राफेल लियो ने 29वें मिनट में एसी मिलान को बढ़त दिलाई थी। इंटर मिलान को निचली लीग में खिसकने का खतरा झेल रहे जिनोवा ने गोल रहित बराबर पर रोका। इंटर मिलान की टीम अपने पिछले चार मुकाबले जीतने में नाकाम रही है। एसी मिलान ने अंक तालिका के शीर्ष पर इंटर मिलान पर दो अंक की बढ़त बरकरार रखी है। एसी मिलान के 57 जबकि इंटर मिलान के 55 अंक हैं।

### कोलकाता थंडरबोल्ट्स फाइनल में, अहमदाबाद डिफेंडर्स से होगी भिड़ंत

हैदराबाद। कोलकाता थंडरबोल्ट्स ने शुक्रवार रात यहां जीएमसी गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के पहले सीजन के दूसरे सेमीफाइनल में कालीकट हीरोज को 3-0 (16-14, 15-10, 17-15,) से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल में अब कोलकाता का सामना रविवार को अहमदाबाद डिफेंडर्स से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में हैदराबाद ब्लैक हॉक्स को मात दी थी। दूसरे सेमीफाइनल में कोलकाता थंडरबोल्ट्स के बर्थडे बॉय विनीत कुमार प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए, जिन्होंने मैच में 11 प्वाइंट्स (स्पाइक से 8 और सर्व से 3) लिए।

### श्रीलंका ने पहली पारी में 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन बनाए

# भारत की 7 विकेट से जीत दूसरे टी-20 सीरीज पर किया कब्जा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मैच धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया गया। इस मैच में श्रीलंका ने पहली पारी में 20 ओवर में 5 विकेट पर 183 रन बनाए और भारत को जीत के लिए 184 रन बनाने हैं।

**भारत की पारी, अय्यर का अर्धशतक :** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट जल्दी ही गिर गया और महज एक रन बनाकर वो दुष्मंथा चमीरा की गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गए। इस मैच में ईशान किशन बड़ी पारी नहीं खेल पाए और वो 16 रन बनाकर लाहिरु कुमारा की गेंद पर कैच आउट हो गए। शानदार फार्म में चल रहे श्रेयस ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जमाया। 30 गेंद में 5 चौके और 3 छक्के की मदद से उन्होंने अपने पचास रन पूरे किए। संजू सैमसन 25 गेंद पर 3 छक्के 2 चौके की मदद से ताबड़तोड़ 39 रन की पारी खेलकर बिनुरा फर्नान्डो की शानदार कैच पर वापस लौटे।

**श्रीलंका की पहली पारी, पथुम निसानका का अर्धशतकः** भारत को पहली सफलता रवींद्र जडेजा ने दिलाई और श्रीलंका के ओपनर बल्लेबाज दनुष्का गुणाथिलका को 38 रन के स्कोर पर वेंकटेश अय्यर के हाथों कैच आउट करवा दिया। गुणाथिलका ने पहले विकेट के लिए निसानका के साथ मिलकर 71 रन की साझेदारी की। भारत को दूसरी सफलता चहल ने असलंका को दो रन पर पगबाधा आउट करके दिलाई। कामिल मिशारा को हर्षल पटेल ने एक रन के निजी स्कोर पर श्रेयस अय्यर के हाथों कैच आउट करवा दिया। मेहमान टीम का चौथा विकेट दिनेश चंडीमल के तौर पर गिरा और उन्हें बुमराह ने 9 रन पर आउट कर दिया। पथुम ने 75 रन की शानदार पारी खेली और उन्हें भुवी ने पगबाधा आउट किया। कप्तान दसुन शनाका ने 19 गेंदों पर नाबाद 47 रन की पारी खेली। वहीं भारत की तरफ से भुवी, बुमराह, हर्षल, चहल व जडेजा को एक-एक सफलता मिली।

**भारत की प्लेइंग इलेवनः** रोहित शर्मा (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, दीपक हुडा, रवींद्र जडेजा, वेंकटेश अय्यर, हर्षल पटेल, भुवनेश्वर कुमार, जसप्रीत बुमराह, युजवेंद्रा चहल।

**श्रीलंका की प्लेइंग इलेवनः** पथुम निसानका, कामिल मिशारा, चरित असलंका, दनुष्का गुणाथिलका, दिनेश चंडीमल (डब्ल्यू), दसुन शनाका (सी), चमिका करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा, प्रवीण जयविक्रमा, बिनुरा फर्नांडो, लाहिरु कुमारा।

## लाहौर कलंदरर्स पीएसएल के फाइनल में

**लाहौर।** लाहौर कलंदर्स ने रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में इस्लामाबाद यूनाईटेड को छह रन से हराकर पाकिस्तान सुपर लीग के फाइनल में जगह बनाई। रविवार को फाइनल में लाहौर कलंदर्स का सामना गत चैंपियन मुल्तान सुल्तान्स से होगा। लाहौर की टीम इससे पहले 2020 में भी फाइनल में पहुंची थी लेकिन तब टीम को उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा था। दो बार के चैंपियन इस्लामाबाद यूनाईटेड को अंतिम पांच ओवर में सिर्फ 39 रन की जरूरत थी जबकि उसके पांच विकेट शेष थे। टीम ने हालांकि एक रन पर तीन विकेट गंवा दिए जिससे पूरी टीम 19.4 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। इससे पहले डेविड वाइसी के आठ गेंद में 28 रन की बदौलत लाहौर की टीम ने सात विकेट पर 168 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। वाइसी ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज वकास मकसूद के पारी के अंतिम ओवर में तीन छक्के और एक चौके से 27 रन जुटाए। वाइसी ने इसके बाद इस्लामाबाद की पारी के अंतिम ओवर में सिर्फ एक रन खर्च करके लाहौर कलंदर्स को जीत दिलाई। नौवें नंबर के बल्लेबाज मोहम्मद वसीम ने वाइसी की पहली दो गेंद पर एक रन लेने से इनकार किया और फिर अगली गेंद पर दो रन लेने की कोशिश में रन आउट हो गए। अंतिम बल्लेबाज मकसूद ने इसके बाद डीप मिडविकेट पर कैच थमा दिया।

## नॉर्थईस्ट पर जीत से जमशेदपुर का सेमीफाइनल में पहुंचना लगभग तय

**गोवा, एजेंसी**

जीत की चौकड़ी लगाकर जमशेदपुर एफसी हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में अपने पहले सेमीफाइनल खेलने के और भी करीब आ गई है। स्थानापन्न स्ट्राइकर जॉर्डन मरे के निर्णायक गोल की मदद से जमशेदपुर ने शुक्रवार रात को फतोर्डा स्थित पंडित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए लीग मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी को 3-2 से हरा दिया। जमशेदपुर के लेफ्ट-बैक रिकी लल्लवमावमा को शानदार डिफेंडिंग के लिए हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया।

अपनी दसवी जीत से जमशेदपुर 17 मैचों में 34 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बरकरार है और वो सेमीफाइनल में पहुंचने से महज एक अंक की दूरी पर आ गई है। कोच ओवेन कोयल की टीम ने दस मैच जीते हैं और चार ड्रा खेले हैं। वहीं, अपनी 12वीं हार के बाद नॉर्थईस्ट यूनाइटेड दसवें स्थान पर बनी हुई है। कोच खालिद जमील की टीम 19 मैचों से 13 अंक जुटा सकी है।मैच का पहला गोल 35वें मिनट में आया, जब मिडफील्डर लेन डोंगेल के हैडर से जमशेदपुर एफसी को 1-0 की बढ़त मिल गई। बाएं फ्लैंक पर रिकी लल्लवमावमा ने थ्रो-इन पर गेंद मोबाशीर रहमान को फेंकी, जिस पर मोबाशीर ने क्रॉस डालकर गेंद को सेकेंड पोस्ट की तरफ फ्लोट कराया, जहां मौजूद लेन ने हैडर करके गेंद को नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के गोलकीपर मिरशाद मिचु के आगे से गोलपोस्ट की तरफ धकेल दिया। 59वें मिनट में ग्रेग स्टीवर्ट ने बेहतरीन फिनिशिंग करके जमशेदपुर की बढ़त को 2-0 कर दिया। हाफ लाइन के करीब मिले थ्रो-इन पर मोबाशीर रहमान ने साइड लाइन के समानांतर गेंद आगे की ओर फेंकी और स्कॉटिस फॉरवर्ड ने हाईलैंडर्स के ऑफ साइड ट्रैप को चकमा देते हुए तेजी से आगे की ओर रन बनाया और फिर गेंद लेकर दाहिने की तरफ से बॉक्स के अंदर घुस गए। फिर ग्रेग ने गोलकीपर मिचु के आगे से बाएं पैर से हल्का से चिप करके गेंद को गोलजाल में उलझा दिया। स्टीवर्ट का यह इस सीजन में दसवां गोल था। 66वें मिनट में स्थानपन्न फॉरवर्ड लालदानमाविआ राल्टे के गोल से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने अंतर को कुछ कम करते हुए स्कोर 1-2 कर दिया। लालदानमाविआ ने रिबाउंड पर राइट फुटर शॉट से गेंद को गोलजाल में उलझाकर यह गोल किया। पहला प्रयास मार्सेलिन्हो ने बॉक्स के बाहर से ताकतवर लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर किया था, जिसे जमशेदपुर के गोलकीपर टीपी रेहेनेश सही ढंग से लपक नहीं सके और गेंद पहुंची थी लालदानमाविआ के पास, जिन्होंने कोई गलती नहीं की।

## एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम की उपकप्तान होंगी हरमनप्रीत : मिताली

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय महिला एकदिवसीय क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने शनिवार को पुष्टि की है कि हरमनप्रीत कौर आगामी एकदिनी विश्व कप में टीम की उपकप्तान होंगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी दो एकदिवसीय मैचों में, दीप्ति शर्मा भारतीय टीम की उप-कप्तान थीं। हरमनप्रीत ने चौथा एकदिवसीय मैच नहीं खेला, जबकि उन्होंने अंतिम एकदिवसीय मैच में वापसी की, दीप्ति उप-कप्तान बनी रहीं। मिताली ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, दीप्ति को पिछले दो वनडे के लिए उप-कप्तान के रूप में चुना जाना चयनकताओं और बीसीसीआई की पसंद थी। हरमनप्रीत विश्व कप के लिए उप-कप्तान हैं। महिला विश्व कप 4 मार्च से 3 अप्रैल तक न्यूजीलैंड में खेला जाएगा। भारत टूर्नामेंट का अपना पहला मैच 6 मार्च को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। विश्व कप में अपने विशाल अनुभव के साथ, मिताली युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, युवा खिलाड़ियों को मैं केवल यही सलाह दूंगी कि आप बड़े मंच का लुत्फ उठाएं क्योंकि अगर आप दबाव लेते हैं तो हो सकता है कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं नहीं दे पाएंगे जो आप वास्तव में विश्व कप में करना चाहते हैं। भारत को हाल ही में पांच मैचों की वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

## कतर में विश्व कप के बाद पद छोड़ेंगे ब्राजील के कोच टिटे

**साओ पाउलो।** ब्राजील के कोच टिटे दिसंबर में कतर में होने वाले फुटबॉल विश्व कप के बाद अपना पद छोड़ देंगे। टिटे ने शुक्रवार को स्पोरटीवी चैनल को साक्षात्कार के दौरान कहा, मैं विश्व कप के अंत तक टीम के साथ जुड़ा रहूंगा। यह इस बारे में बात करने का यह समय नहीं है लेकिन मैं किसी चीज को छिपाना भी नहीं चाहता। टिटे 2016 से टीम के साथ जुड़े हुए हैं। साठ साल के टिटे ने हालांकि खुलासा नहीं किया कि वे विश्व कप के बाद क्या करेंगे। ब्राजील की टीम कतर में होने वाले विश्व कप में पहले ही अपनी जगह सुनिश्चित कर चुकी है जबकि दक्षिण अमेरिकी क्वालीफायर के अभी दो दौर बाकी हैं। ब्राजील पारंपरिक रूप से विश्व कप जीतने के बावजूद अपने कोच के अनुबंध को नहीं बढ़ाता। टिटे को हालांकि 2018 में यह फायदा मिला था जब रूस में टूनामेंट से बाहर होने के बावजूद उनका अनुबंध बढ़ाया गया क्योंकि वह राष्ट्रीय टीम के साथ दो साल से भी कम समय से काम कर रहे थे।

## रणजी ट्रॉफीः मणिपुर के बल्लेबाज ने ठोका अपना शतक, टीम को मजबूत बढ़त दिला लौटा पवेलियन

**कोलकाता, एजेंसी**



मणिपुर और मिजोरम के बीच कोलकाता के जाधवपुर यूनिवर्सिटी कैम्पस में रणजी ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप का मैच खेला जा रहा है। इस मैच में मणिपुर ने मिजोरम पर मजबूत बढ़त हासिल की है। इस बढ़त का कारण है सलामी बल्लेबाज अल बशीद। इस बल्लेबाज ने शानदार शतक जमा अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है। मुहम्मद का यहा फर्स्ट क्लास करियर का पहला शतक है। अभी तक उन्होंने सात फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं और एक ही अर्धशतक जमाया था। इस बार हालांकि मुहम्मद अपना पहला शतक बनाने में सफल रहे।

टीम को हालांकि अच्छी शुरूआत नहीं मिली थी क्योंकि मुहम्मद के सलामी जोड़ीदार बोनी चिंगानगबम छह गेंद खेलने के बाद बिना खाता खोले आउट हो गए थे। मुहम्मद हालांकि एक छोर पर खड़े रहे और रन बनाते रहे और अपना शतक पूरा किया। वह 150 रन बनाकर आउट हो गए। अपनी पारी में इस बल्लेबाज ने 307 गेंदों का सामना किया और 21 चौके के अलावा एक छक्का मारा, शुरूआती झटका लगने के बाद मुहम्मद ने तो एक छोर संभाल लिया लेकिन टीम का शीर्ष क्रम उनका साथ नहीं दे सका। नीतेश 26 रन बनाकर आउट हो गए। लांग्लोनयाम्बा मेइटान ने सिर्फ चार रनों का योगदान दिया। जयंता सागापटम 21 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान नरसिंह यादव ने सात रन बनाए। लगातार झटके लगाने के बाद मुहम्मद को साथ मिला किशन का। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी की। 198 के कुल स्कोर पर किशन 46 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद मुहम्मद को साथ मिला जॉनसन का। जॉनसन ने अर्धशतक जमाया। मणिपुर की टीम हालांकि पहली पारी में बड़ा स्कोर नहीं कर पाई थी। टीम महज 197 रन बनाकर ऑल आउट हो गई थी। मुहम्मद ने पहली पारी में एक भी रन नहीं बनाया। नीदेश सेदई ने 95 रन बनाए थे। कप्तान ने 47 रनों की पारी खेली थी। मिजोरम की टीम अपनी पहली पारी में इस मणिपुर की पहली पारी के स्कोर से आगे भी नहीं जा पाई थी। टीम महज 127 रनों पर ढेर हो गई थी। उसके लिए इकबाल अबदुल्ला ने 41 और तरुवर कोहली ने 22 रनों की पारी खेली थी। मणिपुर की टीम दूसरी पारी में 70 रनों की बढ़त लेकर उतरी थी।

## श्रीलंका के खिलाफ जारी टी-20 श्रृंखला से बाहर हुए रुतुराज

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ श्रीलंका के खिलाफ जारी तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के बाकी बचे दो मैचों से बाहर हो गए हैं। अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने शेष दो टी-20 मैचों के लिए मयंक अग्रवाल को भारतीय टीम में शामिल किया है। मयंक धर्मशाला में टीम से जुड़ गए हैं। गायकवाड़ ने गुरुवार को लखनऊ में पहले टी 20 मैच से पहले अपने दाहिने कलाई के जोड़ में दर्द की शिकायत की थी और बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उनकी जांच की थी। रुतुराज अब बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपना इलाज कराएंगे। दूसरे और तीसरे टी20 के लिए भारत की टी20 टीम इस प्रकार हैः रोहित शर्मा (कप्तान), श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, ईशान किशन (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, मो. सिराज, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), आवेश खान, मयंक अग्रवाल।

## कॉर्पोरेट-कारोबार



## संक्षिप्त खबरें

### एफएचडी डिस्प्ले वाला नोकिया प्योरबुक प्रो लैपटॉप लॉन्च

नई दिल्ली। नोकिया ने प्योरबुक सीरीज के तहत एक नए लैपटॉप की घोषणा की है। यह नोकिया और ऑफ ग्लोबल के बीच एक नए लाइसेंस समझौते के कारण वैश्विक बाजार में चुनिंदा देशों के लिए उपलब्ध होगा। गिज्मोचाइना की रिपोर्ट के अनुसार, ऑफ ग्लोबल एक तेजी से उभरता हुआ फ्रेंच स्टार्टअप है और इसने नोकिया ब्रांडेड लैपटॉप के डिजाइन और बिक्री के लिए नोकिया के साथ लाइसेंस समझौते की घोषणा की है। नोकिया प्योरबुक प्रो दो स्क्रीन साइज 15.6-इंच और 17.3-इंच में आता है। दोनों वेरिएंट में एलईडी पैनल हैं और फुल एचडी सपोर्ट करते हैं। लैपटॉप लेटेस्ट 12वीं पीढ़ी के इंटेल कोर आई3-1220पी प्रोसेसर द्वारा संचालित है, जो इंटेल यूएचडी ग्राफिक्स के साथ है।

### पश्चिम बंगाल में कैसे लगेगा वित्तीय घाटे पर ब्रेक

कोलकाता। पश्चिम बंगाल का बजट पेश होने में कुछ ही दिन शेष बचे हैं और ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि राज्य के वित्तीय सलाहकार अमित मित्रा राज्य के बढ़ते वित्तीय घाटे पर कैसे ब्रेक लगाते हैं। विशेषज्ञों की राय है कि राज्य की वित्तीय स्थिति बकाया देनदारियों के बावजूद रिकवरी के संकेत दे रही थी लेकिन राज्य द्वारा घोषित सामाजिक योजनाओं के कारण वित्तीय बोझ का राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। राज्य का वित्तीय घाटा 26,755.25 करोड़ रुपये आंका गया है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का तीन प्रतिशत से अधिक है। पिछले रुझान को देखते हुए यह आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है। राज्य का वित्तीय घाटा 2020-21 में 52,350.01 करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 60,863.96 करोड़ रुपये हो गया है।

# यूपी का कुल बकाया कर्ज 5 साल में करीब 39 फीसदी बढ़ा

**लखनऊ, एजेंसी**



उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार बाजार से इतना ज्यादा कर्ज ले रही है कि उनका कुल बकाया कर्ज 5 साल में लगभग 39 फीसदी बढ़ गया है। हालांकि, इस अवधि के दौरान शिक्षा पर खर्च में गिरावट आई जबकि स्वास्थ्य पर खर्च में मामूली वृद्धि हुई। इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह है कि पांच में से चार सालों में राज्य सरकार पूरी बजट राशि भी खर्च करने में असमर्थ रही, जिससे राजस्व अधिशेष हो गया। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा योगी आदित्यनाथ सरकार को दिया गया पूर्ण समर्थन भी तथाकथित डबल इंजन का फायदा वित्त या योजना के मामले में मदद नहीं कर सका।

राज्य सरकार के वित्त का संकलन करने वाले भारतीय रिजर्व बैंक के नए आंकड़ों के अनुसार, यूपी सरकार पर 6.5 लाख करोड़ रुपये की बकाया देनदारियां हैं, जैसा कि राज्य के 2021-22 के बजट में अनुमानित है। यह 2017 में इसे संभालने के बाद विरासत में मिले 4.7 लाख करोड़ रुपये के कर्ज से 38.3 फीसदी अधिक है। इस कर्ज का बड़ा हिस्सा बैंकों जैसे वित्तीय संस्थानों का है। इन्हें बाजार उधारी कहा जाता है और इन्हें भारी ब्याज दरों पर लिया जाता है। राज्य के वित्त विभाग के सूत्रों के अनुसार, पिछले महीने जारी यूपी सरकार के वित्त पर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2019-20 के अंत में कुल सार्वजनिक ऋण में से 1.99 लाख करोड़ रुपये ( या कुल का 47.7 प्रतिशत) सात सालों के बाद देय होगा। कैग की जिस रिपोर्ट का जिक्र पहले किया गया था, उसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ। राज्य सरकार ने मार्च 2020 में अपने बहीखाते में अवैध रूप से एक डूबती हुई निधि से अपने गैर-कर राजस्व मद में 71,000 करोड़ रुपये की रियासत हस्तांतरित की। लेकिन नियमों के अनुसार, इसे कहीं और निवेश किया जाना चाहिए था। सीएजी ने इस खुलेआम उल्लंघन की आलोचना करते हुए सिफारिश की है कि निधि (सिंकिंग फंड) से हस्तांतरण को राजस्व प्राप्तियों के रूप में नहीं माना जाना चाहिए और चुकाए गए ऋण के बराबर राशि को सिंकिंग फंड से प्रमुख शीर्ष 8680 (विविध सरकारी खाता) में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। इस रचनात्मक बहीखाता पद्धति का प्रभाव यह हुआ कि राजस्व प्राप्तियों को केवल बही-खातों में बढ़ाया गया, वास्तव में कोई नकदी हस्तांतरित नहीं हुई। यही कारण है कि अगले साल के राजस्व अधिशेष का ये मुख्य कारण बना है। कुछ राज्यों के लिए यह एक सामान्य विशेषता है कि वे अपने बजटीय आवंटन से बड़ी मात्रा में अव्ययित राशि के साथ साल का अंत करते हैं। गरीब और पिछड़े राज्य विशेष रूप से इस विकृत सोच के शिकार हैं और यूपी इससे अछूता नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पांच में से चार वर्षों में राजस्व अधिशेष 1.32 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गया है।

## सोना इस हफ्ते और चढ़ेगा, वैश्विक तनाव से निवेशकों को यही लगेगा सेफ

**नई दिल्ली।** 2020 के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना उच्चतम स्तर पर है। रूस-यूक्रेन की लड़ाई को इसकी बड़ी वजह कहा जा सकता है। बाजार सहम गए हैं लेकिन लोगों का गोल्ड में निवेश पर भरोसा बढ़ गया है। जबकि शेयर बाजार गिरावट का रुख देख रहे हैं। हालांकि ट्रेजरी में तेजी आई है। डॉलर के मजबूत होने के बावजूद सोने में लगभग दो साल में सबसे ज्यादा उछाल आया है। जानकारों की मानें तो बुलियन हाल के हफ्तों में चढ़ गया है। इसका कारण पश्चिम के साथ मास्को का गतिरोध तेज होना है। इससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति को कसने जैसे अन्य हेडविंड को ऑफसेट करने में मदद मिली है। जानकार उम्मीद करते हैं कि अगर संघर्ष आगे बढ़ता है तो आने वाले दिनों में सोने की कीमतें 2,000 डॉलर प्रति औंस हो जाएंगी। फिलहाल सोना हाजिर 3.4 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,974.34 डॉलर प्रति औंस हो गया, जो सितंबर 2020 के बाद का उच्चतम स्तर है।

## उड़द दाल की औसत थोक बिक्री कीमत एक साल में 5%घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि पिछले एक साल में उड़द की दाल की औसत थोक कीमतों में पांच फीसदी की गिरावट आई है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि सरकार ने घरेलू उपलब्धता को बढ़ावा देने और आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों को स्थिर करने के लिए कई उपाय किए हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार, उड़द दाल का औसत थोक मूल्य 25 फरवरी, 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, 9,410.58 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि 25 फरवरी, 2021 को यह कीमत 9,904.39 रुपये प्रति क्विंटल थी। यह 4.99 प्रतिशत की गिरावट को बताता है। इसी तरह, 24 फरवरी, 2022 को उड़द दाल का औसत थोक मूल्य 9,444.06 रुपये प्रति क्विंटल रही जबकि 24 फरवरी, 2021 को यह कीमत 9,896.95 रुपये प्रति क्विंटल थी। मई 2021 में, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों की निगरानी करने और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मिल मालिकों, आयातकों और व्यापारियों द्वारा रखे गए दालों के स्टॉक का खुलासा सुनिश्चित करने के लिए परामर्श जारी किया गया था। मूंग को छोड़कर बाकी सभी दालों पर स्टॉक सीमा दो जुलाई, 2021 को अधिसूचित की गई थी। इसके बाद, 19 जुलाई, 2021 को एक संशोधित आदेश जारी किया गया, जिसमें चार दालों, अरहर, उड़द, मसूर, चना पर 31 अक्टूबर, 2021 तक की अवधि के लिए स्टॉक सीमा लागू की गई। सरकार ने 15 मई, 2021 से 31 अक्टूबर, 2021 तक मुक्त श्रेणी के तहत अरहर, उड़द और मूंग के आयात की अनुमति दी। इसके बाद अरहर और उड़द के आयात के संबंध में मुक्त व्यवस्था को 31 मार्च, 2022 तक बढ़ा दिया गया था।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने सेविंग और फिक्स्ड डिपॉजिट पर इंट्रेस्ट रेट बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**





स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने फिक्स्ड डिपॉजिट के लिए इंट्रेस्ट रेट में बदलाव किया है। बैंक ने 25 फरवरी से फिक्स्ड डिपॉजिट के लिए इंट्रेस्ट रेट को बढ़ाया है। अब यह 2.8 फीसदी से 5.25 फीसदी के रेंज में है। टेन्योर की बात करें तो यह 7 दिन से लेकर 10 साल तक के लिए लागू होता है। यह 2 करोड़ से कम के फिक्स्ड डिपॉजिट के लिए है। इसके अलावा सेविंग अकाउंट के लिए भी इंट्रेस्ट रेट में बदलाव किया गया है जो 25 फरवरी से लागू है। यह 2.75 फीसदी से 3.30 फीसदी के बीच है।

सेविंग अकाउंट इंट्रेस्ट रेट की बात करें तो 1 लाख तक जमा पर 2.75 फीसदी, 1 लाख से 100 करोड़ तक 2.75 फीसदी, 100-200 करोड़ तक 2.85 फीसदी, 200-500 करोड़ तक 3.05 फीसदी, 500-1000 करोड़ तक 3.25 फीसदी और 1000 करोड़ से ज्यादा होने पर 3.30 फीसदी का इंट्रेस्ट रेट मिलेगा।

फिक्स्ड डिपॉजिट पर लेटेस्ट इंट्रेस्ट रेट की बात करें तो 7-14 दिन के लिए 2.8 फीसदी, 15-45 दिन के लिए 2.80 फीसदी, 46-90 दिन के लिए 3.70 फीसदी, 91-180 दिन के लिए 3.70 फीसदी, 181-270 दिन के लिए 4.30 फीसदी और 271-1 साल से कम के लिए इंट्रेस्ट रेट 4.40 फीसदी है। 1 साल के टर्म डिपॉजिट पर इंट्रेस्ट रेट्स 5 फीसदी, 1 साल से ज्यादा और 400 दिन तक के लिए 5.10 फीसदी, 400 दिन से 2 साल तक के लिए 5.10 फीसदी, 2 साल से ज्यादा और 3 साल तक के लिए 5.10 फीसदी, 3 साल से ज्यादा 5 साल तक के लिए 5.25 फीसदी, 5 साल से ज्यादा 10 साल तक के लिए 5.25 फीसदी और 10 साल से ज्यादा के लिए 5.10 फीसदी है। सीनियर सिटीजन के लिए इंट्रेस्ट रेट में एडिशनल बेनिफिट है। 5 साल तक के एफडी पर सीनियर सिटीजन को 0.50 फीसदी का एडिशनल इंट्रेस्ट रेट मिलेगा। 5-10 साल के फिक्स्ड डिपॉजिट पर 1 फीसदी का एडिशनल इंट्रेस्ट रेट मिलेगा जो 31 मार्च 2022 तक वैलिड है। यह इंट्रेस्ट रेट केवल इंडियन रेसिडेंट सीनियर सिटीजन के लिए है।

## 20 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार पर एक अप्रैल से ई-चालान अनिवार्य

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने कहा कि 20 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाले व्यवसायों को एक अप्रैल से बी2बी (व्यवसाय से व्यवसाय) लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक चालान काटना होगा। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून के तहत बी2बी लेनदेन पर 500 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाली कंपनियों के लिए एक अक्टूबर 2020 से ई-चालान अनिवार्य कर दिया गया था। बाद में इसे एक जनवरी 2021 से 100 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाली कंपनियों के लिए अनिवार्य बना दिया गया। पिछले साल एक अप्रैल से 50 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाली कंपनियां बी2बी लेनदेन के लिए ई-चालान काट रही थीं।

## घाटे में चल रहे फ्यूचर रिटेल के कुछ स्टोर्स का संचालन रिलायंस ने अपने हाथों में लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बंद होने की कगार पर खड़े फ्यूचर रिटेल के कुछ स्टोर्स का संचालन अपने हाथों में ले लिया है। कंपनी ने फ्यूचर रिटेल के कर्मचारियों को नौकरी की पेशकश की है। इन स्टोर्स पर अब रिलायंस रिटेल की बॉडिंग की जाएगी। मामले की शुरूआत फ्यूचर रिटेल स्टोर्स के किराए न चुका पाने की वजह से हुई। परिसर मालिकों ने स्टोर्स खाली करने का दवाब बनाया। कंपनी के सूत्रों के मुताबिक दिसंबर 2020 में रिलायंस को इसकी भनक लगी और रिलायंस ने बैंकों, लेनदारों, कर्मचारियों के हित में परिसर मालिकों से संपर्क कर परिसरों को लीज पर ले लिया। स्टोर्स बंद न हो इसलिए परिसरों को वापस फ्यूचर रिटेल को सब-लीज पर दे दिया गया। फ्यूचर रिटेल का कारोबार चलता इसके लिए रिलायंस ने उसे वर्किंग कैपिटल भी मुहैया कराई। उद्योग जगत के सूत्रों के मुताबिक फ्यूचर रिटेल को दिवालिया होने से बचाने के लिए रिलायंस ने यह कदम इसलिए उठाया। फ्यूचर के दिवालिया होने से हजारों कर्मचारियों के रोजगार पर भी तलवार लटकने की आशंका बनी हुई थी। उद्योग के सूत्रों के मुताबिक रिलायंस ने अमेजन के साथ मुकदमेंबाजी में फंसने और फ्यूचर के अधिग्रहण में देर होने को इसकी वजह माना है। घाटे में चल रहे कई स्टोर का नियंत्रण रिलायंस अपने हाथों में ले रहा है। बाकी स्टोर्स एफआरएल द्वारा संचालित होते रहेंगे। इस तरह, एफआरएल का परिचालन घाटा भी कम हो जाएगा। रिलायंस के सहारे के बावजूद फ्यूचर रिटेल को 2021 में हजारों करोड़ का घाटा हुआ, जिसमें रिलायंस द्वारा दिया गया लीज रेंटल और वर्किंग कैपिटल का कुछ हजार करोड़ भी शामिल है। कंपनी को और अधिक घाटे से बचाने के लिए रिलायंस ने ऐसे सभी स्टोर्स को अपने नियंत्रण में ले लिया जिनकी लीज उसके नाम पर थी। रिलायंस सूत्रों के मुताबिक ऐसे सभी परिसरों का कंपनी मूल्यांकन करेगी और उन्हें व्यावसायिक तौर पर चलाया जाएगा।



**अभिनेता** ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा अपनी लव लाइफ को लेकर ज्यादा चर्चा में हैं। बीते दिनों ऋतिक कि एक तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी, जिसमें वह एक मिस्ट्री गर्ल के साथ नजर आये थे। यह मिस्ट्री गर्ल कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस और सिंगर सबा आजाद हैं। इसके बाद दोनों के अफेयर की खबरें सोशल मीडिया पर उड़ने लगीं। हाल ही में सबा आजाद ने ऋतिक की फैमिली के साथ लंच भी किया था, जिसकी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। वहीं अब ऋतिक ने खुद अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी पर सबा आजाद की एक तस्वीर साझा की है।इस तस्वीर में सबा के साथ दिग्गज कलाकार नसीरुद्दीन शाह के बेटे इमाद शाह भी नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर सबा और इमाद के इलेक्ट्रो-फंक बैंड मैडबॉय/मिंक का है। सबा का ये प्रोग्राम शुक्रवार की रात को पुणे में हुआ था। इस प्रोग्राम में सबा ने परफॉर्मेंस दी थी।

# अजय देवगन के साथ 'रूद्र-द ऐज ऑफ डार्कनेस' में काम करने को लेकर नर्वस थीं राशि खन्ना

राशि खन्ना ने रूद्र- द ऐज ऑफ डार्कनेस से वेब सीरीज में डेब्यू किया है। इस फिल्म में अजय देवगन की मुख्य भूमिका है। अजय देवगन के साथ काम करने का अनुभव साझा करते हुए राशि खन्ना ने बताया कि वह पहले बहुत नर्वस थी, लेकिन शूटिंग के दौरान अजय का दूसरा ही





**तेलुगु** सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री राशि खन्ना वेबसीरीज 'रूद्र- द ऐज ऑफ डार्कनेस' में अजय देवगन के साथ काम करने को लेकर नर्वस थी। राशि खन्ना ने रूद्र- द ऐज ऑफ डार्कनेस से वेब सीरीज में डेब्यू किया है। इस फिल्म में अजय देवगन की मुख्य भूमिका है। अजय देवगन के साथ काम करने का अनुभव साझा करते हुए राशि खन्ना ने बताया कि वह पहले बहुत नर्वस थीं, लेकिन शूटिंग के दौरान अजय का दूसरा ही रूप सामने आया।

राशि खन्ना ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं अजय के साथ काम करने को लेकर बहुत नर्वस थी। लेकिन, जब उनसे मुलाकात हुई तो महसूस किया कि वह बेहद विनम्र इंसान हैं। उनके साथ बातचीत करना बड़ा आसान है। मैं अपने किरदार को निभाने में जितना भी कामयाब हुई, वह उनकी और हमारे निर्देशक की वजह से। अजय सर बहुत सपोर्टिव रहे और मुझे सहज महसूस करवाते रहे। कुछ दृश्य मैं उनकी मदद के बिना नहीं कर सकती थी। खासकर, मेरा इंट्रोडक्शन सीन। गौरतलब है कि रूद्र- द ऐज ऑफ डार्कनेस एक क्राइम-थ्रिलर सीरीज है, जिसे राजेश मापूसकर ने निर्देशित किया है। सीरीज 4 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर हिंदी के अलवा मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषाओं में रिलीज की जाएगी। सीरीज का निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट और बीबीसी स्टूडियो ने किया है। रूद्र, बीबीसी के ही शो लूथर का अडेप्टेशन है।

## कंगना रनौत के बदले सुर

### नाम लिए बिना आलिया भट्ट की तारीफ में कहीं ये बात

अपने बेबाक बयानों के कारण चर्चा में रहने वाली बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत ने शनिवार को अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया है। अपनी इस पोस्ट में कंगना ने बिना नाम लिए आलिया भट्ट की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी की जमकर तारीफ की है। कंगना ने अपनी पोस्ट में लिखा- 'यह सुनकर खुशी हुई कि दक्षिण फिल्म उद्योग में सिनेमाघरों को रिकॉर्ड तोड़ संग्रह के साथ पुनर्जीवित किया जा रहा है। मैंने सुना है कि महिला केंद्रित फिल्म, जिसमें एक बड़ा हीरो और एक सुपर स्टार निर्देशक हैं, उसके साथ हिंदी पट्टी में भी कुछ छोटे कदम उठाए जा रहे हैं। यह छोटे कदम हो सकते हैं, लेकिन महत्वहीन नहीं हो सकते। यह उन सिनेमाघरों के लिए महत्वपूर्ण होंगे, जो वेंटिलेटर पर हैं। गजब है ! कभी उम्मीद नहीं थी कि फिल्म माफिया इस अवसर पर उठेंगे और कुछ अच्छा करेंगे। यदि वे ऐसा करते हैं, तो हम उनकी सराहना करेंगे। सर्वश्रेष्ठ की आशा करते हैं।' कंगना का यह पोस्ट वायरल हो रहा है। दरअसल इससे पहले कंगना ने आलिया भट्ट का बिना नाम लिए उनपर निशाना साधते हुए एक पोस्ट किया थाए जिसपर पलटवार करते हुए आलिया ने भी उन्हें गीता का ज्ञान दे डाला था। वहीं अब कंगना के लेटस्ट पोस्ट के बाद आलिया भट्ट को लेकर कंगना रनौत के बदले सुर देखकर हर कोई आश्चर्यचकित है।

## ऐश्वर्या राजेश की काना 18 मार्च को चीन में रिलीज होगी

**निर्देशक** अरुणराज कामराज की महिला केंद्रित खेल फिल्म काना, जिसमें अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश मुख्य भूमिका में हैं, चीन में 18 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म को समीक्षकों द्वारा प्रशंसित और व्यावसायिक सफलता मिली थी। इसका निर्माण अभिनेता शिवकार्तिकेयन के शिवकार्तिकेयन प्रोडक्शंस द्वारा किया गया था। अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। ट्विटर पर, उन्होंने कहा, यह घोषणा करते हुए रोमांचित और प्रसन्नता हो रही है कि मेरी पसंदीदा काना में से एक, 18 मार्च को चीन में रिलीज होगी। इंस्टाग्राम पर, अभिनेत्री ने कहा, अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।

## सुहाना खान के साथ काम करेंगे अगस्त्य नंदा

**बॉलीवुड** के महानायक अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा, शाहरूख खान की बेटी सुहाना खान के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। सुहाना खान और अगस्त्य नंदा को कुछ दिन पहले फिल्मकार जोया अख्तर के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से ही दोनों के डेब्यू की चर्चा जोरों पर है। चर्चा है कि जोया अख्तर 'द आर्चीज' नाम की फिल्म बना रहीं हैं। इस फिल्म से अगस्त्य नंदा अपनी फिल्मी पारी शुरूआत करने जा रहे हैं।फिल्म में वह आर्ची के रोल में दिखाई देंगे। इस फिल्म में सुहाना खान भी दिखाई देंगी। बताया जा रहा है कि अगस्त्य नंदा और सुहाना खान के अलावा गैर फिल्मी बैकग्राउंड के बच्चे भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। जोया अख्तर ने इस फिल्म के लिए कई यंग लड़के और लड़कियों का ऑडिशन लिया है। फिल्म में सुहाना, इंडियन और वेस्टर्न दोनों लुक्स में दिखाई देने वाली है।

## यूक्रेन में बेटी सुरक्षित : हेडन पैनेटीयर

**गोल्डन** ग्लोब नामांकित नैशविल अभिनेत्री हेडन पैनेटीयर ने स्पष्ट किया है कि कीव में उनकी बेटी सुरक्षित है। ई न्यूज ने बताया कि हेडन पैनेटीयर ने रूसी आक्रमण के बीच बेटी काया के सुरक्षित होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बीच 7 वर्षीय बच्ची को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। काया यूक्रेन में अपने पिता व्लादिमिर क्लिशको के साथ रहती है। शुक्रवार को हेडन के इंस्टाग्राम पर काया की सुरक्षा पर एक प्रशंसक द्वारा चिंता साझा करने के बाद यह स्पष्टीकरण आया। अभिनेत्री ने जवाब दिया कि ३वह सुरक्षित है और यूक्रेन में नहीं हैं।

## टीसीरीज के लिए गाना गायेंगे पवन सिंह

**भोजपुरी** सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह टीसीरीज के लिये गाना गायेंगे। पवन सिंह जल्द ही टी-सीरीज के म्यूजिक एलबम में नजर आने वाले हैं। पवन सिंह ने टी-सीरीज के चेयरमेन भूषण कुमार से मुलाकात की है। उनके साथ म्यूजिक सेंशेसन पायल देव भी हैं। पवन सिंह ने अपनी इस मुलाकात के बारे में कहा, दर्शकों के के प्यार और आशीर्वाद ने मुझे यहाँ तक पहुँचाया है। टी -सीरीज के लिये काम करना जितना मेरे लिए खुशी की बात है, उतना ही मुझे पसंद करने वालों के लिए भी है। इसलिए जरा सा इंतजार कीजिये। कुछ धमाकेदार ही लेकर आऊंगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129